जबलपुर

सोमवार, 17 नवंबर 2025

- अगहन मास कृष्ण पक्ष -13
- वर्ष : 20, अंक : 199
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**

अधि. 25
न्यून. 08

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**इफ्फी 2025: 20 से 28 नवंबर तक गोवा में**

### 81 देशों की 240 फिल्मों के साथ होगा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव



**नई दिल्ली।** इफ्फी 2025 का आयोजन 20 से 28 नवंबर तक गोवा में हो रहा है। यह महोत्सव 1952 से दक्षिण एशिया का एकमात्र एफआईएपीएफ-मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है। इस वर्ष जापान को 'कंट्री ऑफ फोकस', स्पेन को 'पार्टनर कंट्री' और ऑस्ट्रेलिया को 'स्पॉटलाइट कंट्री' के रूप में चुना गया है। महोत्सव में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी।



बागेश्वर की हिंदू एकता पदयात्रा में हजारों की भीड़ साथ चल रही

**पदयात्रा के बीच सीएम डॉ. मोहन यादव ने कई श्रद्धालुओं से भी बात की**

# मुख्यमंत्री बाबा बागेश्वर की एकता पदयात्रा में हुए शामिल सड़क पर ही बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया, साथ भी चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने व्यस्ततम समय में से कुछ समय निकालकर अचानक बाबा बागेश्वर की हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री पदयात्रा में बाबा बागेश्वर के साथ चले। उन्होंने सड़क पर ही बैठकर बाबा बागेश्वर के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी बातचीत की। बाबा बागेश्वर ने मुख्यमंत्री को बागेश्वर धाम आने का निमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जबलपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह के तत्काल बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे।

**सीएम ने शनिवार रात दिल्ली में विश्राम किया, सुबह वे मथुरा पहुंचे**





**भोपाल से सीएम फिर दिल्ली पहुंचे**

नई दिल्ली से मथुरा पहुंचने पर सीएम वृंदावन में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में बाबा बागेश्वर के साथ शामिल हुए। इस दौरान एकता पदयात्रा में भारी भीड़ देखी गई। हालांकि, मुख्यमंत्री पदयात्रा में शामिल होने के बाद वहां से रवाना हो गए। वे वहां से सीधे शाजापुर जिले के मक्सी में 8,174 करोड़ रुपए से बनने वाले छह औद्योगिक इकाइयों की भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले वे उज्जैन जिले के तराना के पास बरडवां में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वहां से भोपाल होते हुए फिर से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### सतीश बने नौसेना के मुख्य स्टाफ अधिकारी



**नई दिल्ली।** रियर एडमिरल सतीश वासुदेव ने शनिवार को पश्चिमी नौसेना कमान के मुख्य स्टाफ अधिकारी (संचालन) का पदभार संभाला। वे नौसेना के अनुभवी अधिकारी हैं और नौवहन व दिशा के विशेषज्ञ माने जाते हैं। एडमिरल को 1 जुलाई 1993 को नौसेना में कमीशन मिला था। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला, डीएसएससी वेलिंगटन और नौसेना युद्ध महाविद्यालय, गोवा के पूर्व छात्र हैं।

### हॉलीवुड सिंगर एकन की स्टेज पर खींची पैंट



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिंगर एकन इस वक्त अपने इंडिया टूर को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। 14 नवंबर 2025 को एकन का बैंगलोर में कॉन्सर्ट था। लाइव परफॉर्मेंस के दौरान लोगों ने सिंगर की पैंट उतार दी जिसके बाद उनके चाहने वालों का पारा चढ़ गया। एकन एक हाथ से माइक पकड़कर गाना गा रहे थे और एक हाथ से अपनी पैंट संभाल रहे थे। वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद यूजर्स इसे हैरेसमेंट बताने लगे।

**उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने शीत बरसाया**

**सर्दी की थर्ड डिग्री : भोपाल में सबसे कम रात का पारा 30 नवंबर 1941 को 6.1 डिग्री था**

# राजगढ़ देश में सबसे ठंडा, भोपाल में 84 साल की दूसरी 'सबसे सर्द रात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*सोमवार को भी भोपाल सहित 12 जिलों में सीवियर कोल्ड वेव और 8 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है*

राजधानी सहित प्रदेशभर में सर्दी लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। रविवार को मैदानी क्षेत्रों में राजगढ़ देश में सबसे ठंडा रहा है। यहां पारा 6 डिग्री पर आ गया। वहीं, भोपाल में 84 साल की दूसरी सबसे सर्द रात रही है। ऑल टाइम रिकॉर्ड के अनुसार राजधानी में 30 नवंबर 1941 को रात का सबसे कम पारा 6.1 डिग्री रहा है। इसके बाद रविवार को 6.4 डिग्री दर्ज किया गया है। यह सामान्य से 9.2 डिग्री कम है।भोपाल में न्यूनतम पारे में दो दिन में करीब 3 डिग्री की कमी आने से सर्दी ने और जोर पकड़ा है। साथ ही 7 जिलों में रात का पारा 7 डिग्री के नीचे पहुंचने से प्रदेश में ठंड का टॉर्चर शुरू हो गया है। राजगढ़ में देश का सबसे कम रात का पारा 6 डिग्री रहने से यहां अलसुबह घास पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के साथ राजस्थान में बने प्रतिचक्रवात के असर से राजस्थान से भी ठंडी हवाएं आ रही हैं, जिससे प्रदेश में सर्दी तेजी से बढ़ी है।

**राजधानी में लगातार 9 दिन चली सीवियर कोल्ड वेव ने बनाया नया रिकार्ड**



राजधानी का सुभाष नगर ब्रिज, देर शाम 7:20 बजे का दृश्य

**सात जिलों में पारा 7 डिग्री के करीब**

**8 जिलों में रही सीवियर कोल्ड वेव**

**मंगलवार के बाद कुछ राहत के आसार**

### इन जिलों में 7 डिग्री तक पारा

रविवार को राजगढ़ और शाजापुर 6 डिग्री, शहडोल 6.2, भोपाल, इंदौर 6.4, उमरिया 7.3 और रीवा में रात का पारा 7.4 डिग्री रहा है। इन जिलों में प्रदेश में सबसे अधिक सर्दी महसूस की गई है। शुक्ला के अनुसार मंगलवार से बुधवार के आसपास हवाएं बदलने से कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। अभी राजस्थान के ऊपर एक प्रति चक्रवात बना है, जिससे हवाएं ठंडी आ रही हैं। उत्तर की बर्फीली हवाओं के साथ राजस्थान की हवाओं से प्रदेश में सर्दी में और इजाफा हो गया है, जो दो दिन बाद कम होगा।

**खाड़ी में बना लो प्रेशर एरिया**

शुक्ला के अनुसार अभी श्रीलंका के पास बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया बना है। इससे जुड़ा एक अपर एयर सर्कुलेशन भी है, जो सोमवार को आगे बढ़ेगा। इसके असर से प्रदेश में हवाएं बदलेंगी, जिससे तापमान बढ़ेगा।

**आज यहां सीवियर कोल्ड वेव का अलर्ट**

सोमवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर, सतना, शहडोल, जबलपुर, मैहर जिलों में सीवियर कोल्ड वेव का यलो अलर्ट है। बैतूल, धार, देवास, शिवपुरी, रीवा, उमरिया, कटनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में शीतलहर के साथ ही छिंदवाड़ा और बालाघाट जिलों में कोल्ड- डे भी रह सकता है।

**छिंदवाड़ा और उमरिया में स्कूलों के समय में परिवर्तन**

छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों का संचालन सुबह 8:30 बजे से पहले नहीं करने का आदेश जारी किया है। वहीं, उमरिया जिले में बढ़ती ठंड के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर अभय सिंह ने इसके संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। 17 नवंबर से प्री-प्राइमरी के कक्षा आठवीं तक के सभी स्कूल सुबह 9 बजे से संचालित होंगे। सतना में 14 नवंबर को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8वीं तक समस्त स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। स्कूल सुबह 9 बजे से लगेंगे।

**बिहार में सरकार बनाने की हलचल तेज**

# 20 से 22 तारीख तक.. बिहार को मिल सकती है एनडीए की नई सरकार

**आज एनडीए के विधायक दल की बैठक**

**चुना जा सकता है विधायक दल का नेता**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बाद अब समय नई सरकार के गठन का है। इसके लिए पहले एनडीए के घटक दल अपनी बैठक करेंगे। जदयू की बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को नेता चुन लिया जाएगा। इसके बाद बिहार भाजपा, चिराग पासवान की लोजपा रामविलास, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक अपना नेता चुन लेंगे। माना जा रहा है कि सोमवार की शाम इन बैठकों के बाद एनडीए के विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें सीएम नीतीश कुमार को नेता चुना जा सकता है। इसके बाद वे दावा पेश करेंगे। शपथ ग्रहण की तारीख और मंत्रियों के नाम भी तय किए जाएंगे। माना जा रहा है कि 20 से 22 नवंबर के बीच शपथ ग्रहण का दिन रखा जा सकता है।



नीतीश से मिले नित्यानंद

**शपथ ग्रहण में आएंगे करीब 5 हजार वीवीआईपी**

पटना के गांधी मैदान में लगभग 5000 वीवीआईपी अतिथियों के बैठने के लिए एक विशेष खंड तैयार किया जा रहा है। इसमें सुरक्षा और सुविधाओं का खास ध्यान रखा जाएगा।

**ग्वालियर-झांसी हाइवे पर भीषण हादसा**

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई फॉर्च्यूनर, 5 की मौत

**झांसी में जन्मदिन मनाकर ग्वालियर लौट रहे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



क्षतिग्रस्त फॉर्च्यूनर

ग्वालियर-झांसी हाइवे पर रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें फॉर्च्यूनर कार में सवार 5 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा ग्वालियर के मालवा कॉलेज के सामने उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

**कार की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली**

**24 लोग घायल, 7 की हालत गंभीर**

**रायसेन।** जिले के सुल्तानगंज-बेगमगंज मार्ग पर शनिवार रात में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर दर्शन के लिए जा रहे तीर्थयात्री घायल हो गए। हादसा इंडियन गैस एजेंसी के समीप उस वक्त हुआ जब मोदकपुर गांव से करीब 40 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सागर जिले के बंडा क्षेत्र के नोनिया गांव स्थित कुए के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ट्रॉली को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली में सवार 24 यात्री घायल हो गए।

**नियमों को लेकर प्रारूप जारी**

### पंचायत सचिव की भर्ती में सीपीसीटी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



- भर्ती में रोजगार सहायकों को मिलेगी वरीयता

पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए अब कंप्यूटर की दक्षता परीक्षा (सीपीसीटी परीक्षा) उत्तीर्ण होना जरूरी है। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने इसको लेकर नियम जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर विभाग ने नियमों का प्रारूप जारी कर दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि सचिव का पद जिला स्तर कैडर का होगा और जब इस पद पर भर्ती होगी।

**फूड प्वॉइजनिंग की आशंका**

### शादी का भोज खाने से 67 लोग बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा



- 20 लोग अस्पताल में भर्ती

नलखेड़ा जनपद के ग्राम धरोला में शनिवार रात एक शादी समारोह के भोज के बाद 67 लोग बीमार पड़ गए। भोज के बाद से ही ग्रामीणों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द होने लगा। सिविल अस्पताल नलखेड़ा की कॉम्बैट टीम तुरंत ग्राम धरोला पहुंची। स्वास्थ्य कर्मियों ने मौके पर ही 47 लोगों का प्राथमिक उपचार किया।

**आरोपी को ईडी की कस्टडी में भेजा**

### दिल्ली की जज ने तड़के 3 बजे घर पर लगाई कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- गरीबों के लिए बने फ्लैटों को बेच डाला था

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट की एडिशनल सेशंस जज शेफाली बरनाला टंडन ने मनी लॉड्रिंग के एक आरोपी को ईडी की कस्टडी में भेजने के लिए शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे अपने घर पर अदालत लगाई। ओशन सेवन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर स्वराज सिंह यादव पर गुरुग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए बने फ्लैटों को अवैध रूप से कैश में बेचने का आरोप है।

**वन विभाग के अफसरों पर कार्रवाई**

### एसडीओ-रेंजर समेत 16 अफसरों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



- 50 वर्ष पुराने मंदिर में तोड़फोड़ का आरोप

सिवनी के बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बेहरई में स्थित 50 साल पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ के आरोप मामले में पुलिस ने मप्र राज्य वन विकास निगम बरघाट परियोजना मंडल के एसडीओ, रेंजर, नाकेदार समेत 16 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य हिंदू संगठनों ने इस पर विरोध जताया था।

**मंत्री परमार ने राजा राममोहन राय को बताया था अंग्रेजों का 'दलाल'**

*वे सुधारक थे और उनका सम्मान किया जाना चाहिए*

# विवाद बढ़ा तो बोले गलती से मुंह से निकल गया...मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय को अंग्रेजों का 'दलाल' बताने वाले उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने रविवार को अपने बयान पर माफी मांग ली। मंत्री के इस बयान को लेकर काफी विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने के बाद परमार ने एक वीडियो जारी कर अपनी टिप्पणी को गलत बताया और कहा कि यह गलती से उनके मुंह से निकल गया। परमार ने कहा कि राजा राममोहन राय एक समाज सुधारक थे और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। मेरे मुंह से गलती से यह वाक्य निकल गया, जिसके लिए मुझे बहुत दुख है।



इंदर सिंह परमार

**परमार ने क्या कहा था?**

परमार ने कहा था कि राजा राममोहन राय एक ब्रिटिश एजेंट थे। उन्होंने देश में उनके दलाल के रूप में काम किया। उन्होंने धर्मांतरण का एक दुष्चक्र शुरू किया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने कई लोगों को फर्जी समाज सुधारक के रूप में पेश किया और धर्मांतरण को बढ़ावा देने वालों को आगे रखा। परमार ने कहा कि अगर किसी में इसे रोकने और आदिवासी समाज की रक्षा करने का साहस था, तो वह बिरसा मुंडा थे।

**कौन थे राजा राममोहन राय?**

राजा राममोहन राय का जन्म 22 मई, 1772 को बंगाल के राधानगर में एक रूढ़िवादी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इतिहासकारों के मुताबिक, राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के जनक और एक अथक समाज सुधारक थे। उन्होंने भारत में ज्ञानोदय एवं उदार सुधारवादी आधुनिकीकरण के युग की शुरुआत की थी।

**पीएम मोदी ने किया सूरत स्टेशन का निरीक्षण**

*गुजरात में जल्द ही शुरू होगा बुलेट ट्रेन का ट्रायल*

# बुलेट ट्रेन कर्मचारी का कहना था कि.. न नाम चाहिए न इनाम चाहिए, बस देश आगे बढ़े, ये अरमान चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की।



नरेंद्र मोदी

वे सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत भी की। वहीं, रविवार को इससे संबंधित एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें पीएम मोदी सूरत स्टेशन पर काम की बारीकी से जांच करते हुए नजर आए। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि हर स्तर पर पूरी मेहनत और बारीकी के साथ काम किया जा रहा है। कर्मचारियों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनसे कहा कि ये जो आपके अनुभव है अगर वो रिकॉर्डेड होंगे।

**पीएम ने इंजीनियरों और कर्मचारियों से की बातचीत**



पीएम मोदी कर्मचारियों से बातचीत करते हुए

**मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की**

**पीएम मोदी ने कर्मचारियों को सराहा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की और कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना देश के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक अहम कदम है और इससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर मिलेगा।

# राजभवन में हथियार बांटे जाने के आरोपों पर बरसे राज्यपाल बोस

## कल्याण का आरोप- राजभवन में बांटे जा रहे हथियार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कल्याण बेनर्जी ने आरोप लगाया था कि राजभवन में हथियार बांटे जाते हैं। राज्यपाल ने आरोपों को आधारहीन बताया और चेतावनी दी कि अगर टीएमसी सांसद ने माफी नहीं मांगी तो वे कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं।

टीएमसी सांसद को दी चेतावनी



पश्चिम बंगाल का राजभवन

# टीएमसी सांसद माफी मांगें वरना हम करेंगे कानूनी कार्रवाई

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? क्या इसके पीछे कोई अंदरूनी राजनीति है?

## राज्यपाल ने कहा- गंभीर परिणाम संभव



बोस ने कहा कि 'जो आरोप लगाए गए हैं, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? क्या इसके पीछे कोई अंदरूनी राजनीति है? राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में हथियारों को ढूंढने की बात ऐसी है, जैसे कोई दृषिहीन व्यक्ति एक अंधेरे कमरे में काली बिल्ली को ढूंढ रहा हो, जो कि वहां है ही नहीं। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन लोगों के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि सुबह 5 बजे से लेकर आम लोग, नागरिक समाज के लोग, मीडियाकर्मी राजभवन आकर देख सकते हैं कि क्या राजभवन में हथियार हैं या नहीं?

### कानूनी सलाह लेंगे

बोस ने कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के आरोप पर कानूनी राय मांगी है। उन्होंने टीएमसी सांसद के बयान की निंदा करते हुए शेक्सपियर की एक कविता का एक अंश पढ़ा कि कि यह एक मूर्ख द्वारा सुनाई गई कहानी है, जो शोर और रोष से भरी है, जिसका कोई मतलब नहीं है।

### लोकसभा के स्पीकर को भी लिखा पत्र

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के दरवाजे सुबह 5 बजे से खुले रखे गए हैं और वह बेनर्जी के आने और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के सबूत इकट्ठा करने के लिए निरीक्षण करने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह अपनी कही बात साबित करने में नाकाम रहते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए? राजभवन ने एक बयान में बताया कि राज्यपाल इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष को भी पत्र लिख रहे हैं, क्योंकि टीएमसी सांसद ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

### टीएमसी सांसद ने राजभवन पर लगाए थे गंभीर आरोप

टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुला रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। उन्होंने कहा कि 'बंगाल के राज्यपाल को कह दें कि वे भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुलाना बंद करें। वह उन्हें वहां रख रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। जब तक ये राज्यपाल, राजभवन में हैं, तब तक बंगाल के साथ कुछ अच्छा नहीं हो सकता।



## खबर संक्षेप

### उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक लेंगे गृहमंत्री शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ राज्य/संघ राज्यक्षेत्र शामिल हैं। अफसर मौजूद रहेंगे।

### अकेले ही निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस महाराष्ट्र में



**मुंबई।** बिहार विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार के बाद कांग्रेस के भीतर भी हलचल तेज हो गई है। महाराष्ट्र में निकाय चुनाव होने वाले हैं और इसी बीच कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह महा विकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी। कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने इसको लेकर बड़ा बयान दिया।

### बच्ची को स्कूल ने दी सजा इलाज के दौरान मौत



**वसई।** महाराष्ट्र के वसई में एक दुखी करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्कूल में 10 मिनट देरी से आने पर अध्यापक ने 13 साल की बच्ची को बैग कंधे पर टांगकर 100 उठक-बैठक करने की सजा दी। बच्ची की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

### ट्रक-टेंपो की भिड़ंत में 6 श्रद्धालुओं की मौत



**जयपुर।** जोधपुर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बालेसर थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से जा भिड़ा। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बहन रोहिणी आचार्य के अपमान पर भड़के तेजप्रताप दो टूक बोले

# अब सुदर्शन चक्र चलेगा, सुन लो जयचंदों जो कर रहे उसका परिणाम भयावह होगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह बढ़ गया है। रोहिणी आचार्य ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी संजय यादव और रमीज पर गंभीर आरोप लगाया। वहीं बहन रोहिणी के अपमान पर लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव भड़क गए। रोहिणी आचार्या के घर और पार्टी छोड़ने के बयान के बाद अब तेज प्रताप यादव का बयान सामने आया है, जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बहन का जो अपमान करेगा उस पर कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा। तेज प्रताप ने कहा कि रोहिणी दीदी जो बात कह रही है, वह अपनी जगह बिल्कुल सही कह रही हैं। एक मां होने के नाते, एक महिला होने के नाते, एक बहन होने के नाते उन्होंने जो सराहनीय काम उन्होंने किया है, वह शायद ही कोई बेटी या कोई बहन या कोई मां कर सकती है। यह हमारे लिए और सभी महिलाओं के लिए ये पूरे तरीके से ये पूजनीय हैं और सदैव इनकी चर्चा कि जाएगी। यह एक इतिहास रहेगा और इतिहास के पन्नों में मेरी

### बहन रोहिणी ने एक सराहनीय काम किया

लालू के बड़े बेटे ने कहा- दीदी ने जो कहा वह यथार्थ

लालू के बड़े बेटे ने कहा-इसकी चर्चा लंबे समय तक की जाएगी


बहन रोहिणी के साथ बड़े भाई तेज प्रताप

### घटना ने दिल को झकझोर दिया, जनता जमीन में गाड़ देगी

तेज प्रताप ने जनशक्ति जनता दल के इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा है कि इस घटना ने दिल को भीतर तक झकझोर दिया है। इस अन्याय का परिणाम बेहद भयावह होगा। समय का लेखा-जोखा बड़ा कठोर है। मैं आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मेरे पिता, मेरे राजनीतिक गुरु लालू प्रसाद जी से आग्रह करता हूं-पिता जी, एक संकेत दीजिए... आपका केवल एक इशारा और बिहार की जनता इन जयचंदों को जमीन में गाड़ देने का काम खुद कर देगी। यह लड़ाई किसी दल की नहीं- परिवार के सम्मान, बेटी की गरिमा और बिहार के स्वाभिमान की लड़ाई है।

### पिता परिवार की मदद करना गुनाह हो गया

रोहिणी ने सबसे पहले एयरपोर्ट पर अपने अपमान की बात कही थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपना मायका और राजद से अलग हो गई हूं। उन्होंने दो नाम लिया और कहा कि यह बात अब आपलोग खुद को चाणक्य कहने वाले संजय यादव और रफीज से पूछिए। तेजस्वी से पूछिए। अब तो स्थिति यह हो गई है कि इनका नाम लेने पर चप्पल से मारा जाता है, अपमानित किया जाता है और घर से निकाला जाता है। मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रुपए लिए , टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी।



### लालू की तीन बेटियों ने पटना छोड़ा

परिवार में मचे धमासान के बाद लालू की तीन बेटी पटना से रवाना हो गई हैं। परिवार और बच्चों के साथ वह दिल्ली रवाना हुई हैं. रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव दिल्ली रवाना हुई हैं।

### बागी नेत्री ने भी बोला हमला
### खुद को समझ रहे थे चाणक्य...



तेजस्वी के करीबी और राजद के सांसद संजय यादव पर हमला बोलने वालों में केवल अब रोहिणी आचार्य ही अकेली नहीं रह गई हैं। उन्हें निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली रितु जायसवाल का साथ मिल चुका है। रितु ने संजय के खिलाफ बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चुनाव रिजल्ट की एक तस्वीर भी साझा की। रितु ने कहा वे चाणक्य समझ रहे थे।

### रोहिणी मामले में बोले चिराग
### मैंने लालू परिवार को अपना माना



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा क्योंकि मैं समझ सकता हूं कि जब कोई परिवार ऐसी मुश्किल स्थिति से गुजरता है। इससे मैं भी गुजरा हूं। हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमेशा मैंने लालू यादव के परिवार को अपना माना है। चाहे तेजस्वी हों, तेज हों, रोहिणी या मीसा हों।

### तेजस्वी ने आज बुलाई बैठक
### नेता विपक्ष का चुनाव भी होगा

बिहार चुनाव में बड़ी हार झेलने के बाद अब राष्ट्रीय जनता दल में मंथन का दौर है। अब राष्ट्रीय जनता दल में मंथन की बारी है। इस बीच तेजस्वी यादव ने अब पार्टी के विधायकों और हारे हुए प्रत्याशियों की अहम बैठक पटना में बुलाई है। तेजस्वी के पटना स्थित 1पोलो रोड पर सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे राजद के प्रत्याशियों एवं निर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई है। नेता काभी चुनाव हो सकता है।

## सीएम गुप्ता ने 'नमो रन' को दिखाई झंडी

# इससे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सीख मिलेगी


नमो रन की शुरुआत करती हुईं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सड़क सुरक्षा और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 'नमो रन' को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में स्थित यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। इसमें दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, परिवहन मंत्री हर्ष मल्होत्रा और विधायक अरविंदर सिंह लवली भी शामिल हुए। गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन सुरक्षित दिल्ली की दिशा में एक बड़ा कदम है। खेल प्रतियोगिताओं को सड़क सुरक्षा से जोड़ने और इस दौड़ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य बहुत सुंदर है। इन प्रतियोगिताएं सुरक्षित और विकसित दिल्ली की राह में बहुत लाभदायक होंगी। नउ्होंने कहा कि आजकल लड़कियां भी बेहतरीन क्रिकेट खेलती हैं।

### खेल से शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलेगीः सचदेवा

हर खेल का अपना महत्व है और हर खिलाड़ी अपने आप में अहम है। यह खेल प्रतियोगिता, यह दौड़ और इसमें आपकी भागीदारी, ये सब बहुत महत्वपूर्ण हैं। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ये गतिविधियां जीवन का एक नियमित हिस्सा बन जानी चाहिए। मैं अनुरोध करता हूं कि वे अपने बच्चों को कम से कम एक खेल में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित करें। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं।

### सीएम का लोगों से हमेशा जुड़ाव रहा

इस मौके पर दिल्ली के परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सीएम गुप्ता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन लोगों के बीच रहती हैं और रोजाना दो-तीन सार्वजनिक कार्यक्रमों में शिरकत करती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने शायद दस सालों में भी जनता से इतनी मुलाकात नहीं की होगी। सीएम रेखा गुप्ता लोगों से इतना ज्यादा जुड़ी रहती हैं जितना कि कभी-कभी एक महीने में ही, जितना कि दूसरे लोग सालों में भी नहीं कर पाते।

वित्तमंत्री सीतारमण ने एनआईईएलआईटी में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ की बात

# सरकार ने पूर्वोत्तर को बुनियादी ढांचे, निवेश कौशल विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता दी

## 'एक्ट ईस्ट' नीति, उभरती प्रौद्योगिकियों, डिजिटल समावेश पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोहिमा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने बुनियादी ढांचे, निवेश, कौशल विकास और डिजिटल विस्तार के मामले में पूर्वोत्तर को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।उन्होंने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) कोहिमा में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। प्रतिभागियों ने उनसे 'एक्ट ईस्ट' नीति, उभरती प्रौद्योगिकियों, महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण और डिजिटल समावेश से जुड़े सवाल किए।

### राजमार्गों, हवाई अड्डों में तेजी से सुधार हो रहा



ऋषभ सेठी के नवाचार और व्यापार के लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति का लाभ उठाने के बारे में कहा कि विकास, कौशल और निवेश के संदर्भ में पूर्वोत्तर को नीति के केंद्र में रखा गया है। इस क्षेत्र को अब मजबूत संपर्क, बेहतर डिजिटल बुनियादी ढांचे और व्यापक बाजार पहुंच का समर्थन प्राप्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक में तेजी से सुधार हो रहा है।

### राशि का सही प्रबंधन और नियंत्रण रखें

सीतारमण ने कहा कि भारतीय महिलाएं पारंपरिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करती रही हैं और अब आधुनिक अवसर अधिक मजबूत वित्तीय स्वतंत्रता पर जोर देते हैं। अपने पैसे पर नियंत्रण रखें, उसका प्रबंधन करें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें।

### डिजिटल क्षमताएं बहुत तेजी से बढ़ रहीं

सीतारमण ने कहा कि क्षमताओं में वृद्धि हुई है और डिजिटल क्षमताएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत के जुड़ाव के लिहाज से इस क्षेत्र का विशेष महत्व है। एआई और रोबोटिक्स के बीच भारत के डिजिटल भविष्य पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की छात्रों की आकांक्षा की प्रशंसा की।उन्होंने युवाओं को नकारात्मक प्रभावों, विशेष रूप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सावधान रहने के लिए आगाह किया।

## पटेल की 150वीं जयंती पर मार्च


अहमदाबाद। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को अहमदाबाद में लोग राष्ट्रीय ध्वज थामे मार्च में भाग लेते हुए।

मंत्री प्रियांक ने संघ पर ली चुटकी

# 100 साल में पहली बार नियमों का पालन कर रहा आरएसएस

## कलबुर्गी में कर्नाटक के मंत्री ने किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ कलबुर्गी

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने रविवार को आरएसएस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संगठन '100 साल में पहली बार' नियमों का पालन करते हुए रूट मार्च कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चित्तापुर में होने वाले मार्च के लिए आरएसएस ने कानूनी और संवैधानिक अनुमति ली है, जो पहले नहीं देखा गया था।उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन ने कड़े नियम और शर्तें लगाई हैं। अगर शर्तें नहीं मानी तो कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी।



### यह है मामला

चित्तापुर से आरएसएस ने रूट मार्च निकालने की योजना बनाई थी। शुरुआत में जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद संगठन अदालत पहुंचा और वहीं से इजाजत मिली। खरगे ने कहा कि वे मार्च के खिलाफ नहीं हैं, बस नियमों के पालन पर जोर है।

### मार्च से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मार्च शुरू होने से पहले बजाज कल्याण मंटप के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। बम निरोधक दस्ता और स्निफर डॉग्स ने जगह-जगह जांच की है। इसमें पेड़ों से लेकर इमारतों की छतों तक पर नजर रखी जा रही है। भारी पुलिस बल तैनात है और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## भाजपा नेता मुरली मनोहर ने 'अनश्वर' के विमोचन पर कहा

# तिब्बती लोगों को नमन, कभी चीन पर था तिब्बत का शासन

## 14वें दलाई लामा की अहिंसा की शिक्षाओं के जरिए ही तिब्बत का पुनरोत्थान होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि 14वें दलाई लामा की अहिंसा की शिक्षाओं के जरिए ही तिब्बत का पुनरोत्थान होगा। उन्होंने निर्वासित तिब्बती बौद्धों की भावनाओं की सराहना की। 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो की हिंदी में पहली अधिकृत जीवनी की किताब 'अनश्वर' के विमोचन पर भाजपा नेता ने ये बात कही। उनकी हिंदी में पहली अधिकृत जीवनी पत्रकार-लेखक अरविंद यादव ने ये किताब लिखी है। इसमें पूर्व सांसद कर्ण सिंह और तिब्बत हाउस के निदेश गेशे दोरजी दामदुल मौजूद रहे। सर्व भाषा ट्रस्ट की ओर से प्रकाशित यह किताब दलाई लामा के जीवन के पलों को दर्शाती है, जिनमें अमदो में बचपन से लेकर दलाई लामा के तौर पर मान्यता, तिब्बत पर चीन के कब्जे, उनके निर्वासन और एक वैश्विक आध्यात्मिक प्रतीक है।

### तिब्बती बौद्धों ने बहुत कुछ सहा


मुरली मनोहर जोशी

जोशी ने कहा मैं तिब्बती बौद्धों और तिब्बती लोगों को नमन करता हूं कि उन्होंने अपने गुरु, उनके आदर्शों और उनके निर्देशों के लिए कितना कुछ सहा और स्वीकार किया है। फिर भी वे अपने सिद्धांतों से कभी नहीं डिगे। यहां आकर रहने वाले तिब्बती लोगों ने बहुत दिक्कतें सहीं। उनके सामने इतनी सारी परिस्थितियां आईं कि अगर कोई और या कोई दूसरा समुदाय होता तो वे विद्रोह कर देते या जिंदा रहने के लिए अपने मूल्यों को पूरी तरह बदल देते।

### एक दिन चीन पर तिब्बत का शासन संभव

उन्होंने दावा किया कि एक समय था, जब चीन खुद तिब्बत के अंदर आता था। तिब्बत प्रशासन के अंतर्गत चीन का इलाका आता था। ये संभव है कि एक दिन चीन पर तिब्बत का शासन होगा। वह उन्हें बताएगा कि इस तरह की चीज कभी नहीं करनी है और इस गलती को दोबारा नहीं दोहराना है।

### बौद्ध धर्म से चीन का परिचय तिब्बत ने ही कराया

उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मगुरु ने सभी को अहिंसा और सद्भाव के सिद्धांत सिखाए। तिब्बत एक बार फिर से उठ खड़ा होगा और अपनी जमीन पर फिर से हक जमाएगा। मैं जानता हूं कि वह दिन आएगा। हो सकता है कि मेरे जीवित रहते ये ना हो, लेकिन ऐसा होगा। जोशी ने कहा कि बहुत कम लोग जानते हैं कि बौद्ध धर्म से चीन का परिचय तिब्बत ने ही कराया था। भारत से बौद्ध धर्म बाद में चीन पहुंचा, लेकिन पहले तिब्बतियों ने ही चीन में बौद्ध धर्म पहुंचाया।

सबका साथ, सबका विकास का दुनिया में बजा रहा है डंका

# यूएनडीपी शीर्ष अधिकारी बोले-भारत 'ग्लोबल साउथ' की अग्रणी आवाज है उसकी सफलता की कहानियों से सीख सकती है दुनिया,जरा भारत से सीखिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत ने दिखाया है कि आर्थिक वृद्धि और सामाजिक समावेशन एक साथ संभव हैं तथा वह अपनी सफलता की कहानियों से ऐसे उदाहरण पेश कर रहा है जो अधिक न्यायसंगत दुनिया के निर्माण में सहायक हैं। यूएनडीपी के कार्यवाहक प्रशासक हाओलियांग शू ने कहा कि भारत की विकास की गाथा केवल आर्थिक प्रगति के बारे में नहीं है बल्कि यह प्रौद्योगिकी एवं सहभागी शासन के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित करने की भी कहानी है कि विकास के उद्देश्य प्राप्त हों और कोई भी पीछे न छूटे। शू ने एक साक्षात्कार में कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, विकास और निरंतरता के बीच संतुलन बनाने का एक खाका प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे 'विकास पथ' तैयार कर रहा है जो आर्थिक रूप से सुदृढ़ और जलवायु के अनुकूल हैं।

*यूएनडीपी के शीर्ष अधिकारी हाओलियांग शू ने कहा-भारत की कहानी केवल विकास की नहीं है, यह प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और सहभागी शासन की भी कहानी है। भारत के विकास मॉडल से सीखे गए सबक एक अधिक समतापूर्ण और सतत विश्व का निर्माण कर रहे हैं।*

**भारत ने तेज विकास को गरीब वर्ग से जोड़ा**



हाओलियांग शू ने जमकर की सराहना

## दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत

शू ने कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का एक उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबू। और जलवायु-उत्तरदायी दोनों हों। डिजिटलीकरण और जलवायु कार्रवाई सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए हाओलियांग शू भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। यूएनडीपी के नवीनतम मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है और पिछले दो वर्षों से यह लगभग स्थिर है। शू ने जलवायु परिवर्तन और गरीबी सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के विकास मॉडल की सराहना की। यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तेज विकास को लोगों, विशेष रूप से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है।

## वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निम्नतम स्तर पर

संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और यूएनडीपी के कार्यकारी प्रशासक शू डिजिटल परिवर्तन और जलवायु के अनुकूल कदमों सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। शू ने वैश्विक चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि यूएनडीपी के हालिया मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निम्नतम स्तर पर आ गई है तथा पिछले दो वर्ष से यह लगभग स्थिर बनी हुई है। शू ने खासकर भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन प्लेटफार्मों, जिनमें जन धन, आधार, मोबाइल (जेम) ट्रिनिटी और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) शामिल हैं, ने करोड़ों लोगों तक पारदर्शी और सीधे लाभ पहुंचाने में मदद की है, और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनका अब कई देश अनुसरण कर रहे हैं।

## भारत के प्रमुख कार्यक्रमों की तारीफ की

यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तीव्र विकास को लोगों, विशेषकर ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है। शू ने विशेष रूप से भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### दोनों देशों के बीच कैदियों की अदला-बदली होगी

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच एक बड़ी डील जल्द होने वाली है। इसका ऐलान खुद यूक्रेन के



राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने रविवार को किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस युद्धबंदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं, जिससे लगभग 1,200 यूक्रेनी कैदियों की रिहाई संभव हो सकेगी। यह बयान राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख रुस्तम उमेरोव द्वारा वार्ता में प्रगति की शनिवार को की गई घोषणा के एक दिन बाद आया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध है।

### समझौते में शामिल होने के लिए मनाएंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात को प्रमुखता से स्पष्ट किया है कि वह सऊदी अरब और इजराइल के बीच



संबंधों को सामान्य होते देखना चाहते हैं। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के 'अब्राहम समझौते' को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों की चर्चा की है। ट्रंप मंगलवार को जब व्हाइट हाउस में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ वार्ता करेंगे तो इजराइल के साथ रिश्तों को सामान्य करने का उनका प्रयास एजेंडे में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है।

---

परमाणु कार्यक्रम पर विदेश मंत्री ने कहा

# ईरान देश में कहीं भी नहीं कर रहा यूरेनियम संवर्धन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने अपने यूरेनियम संवर्धन पर अपडेट दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि ईरान अब देश में किसी भी स्थान पर यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है। ईरानी मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए ईरानी विदेश मंत्री अराकची ने यह बात



ईरानी विदेश मंत्री अराकची

कही। जून में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर बमबारी के बाद यह तेहरान की तरफ से परमाणु कार्यक्रम के बारे में अब तक की सबसे सीधी प्रतिक्रिया है। अराकची ने कहा, ईरान में कोई अघोषित परमाणु संवर्धन नहीं है। हमारी सभी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की सुरक्षा और निगरानी में हैं। उन्होंने आगे कहा, अभी कोई संवर्धन नहीं हो रहा है क्योंकि हमारी सुविधाओं- हमारी संवर्धन सुविधाओं - पर हमला किया गया है। यह पूछे जाने पर कि ईरान को अमेरिका और अन्य देशों के साथ वार्ता जारी रखने के लिए क्या करना होगा, अराकची ने कहा कि अपने परमाणु कार्यक्रम पर ईरान का संदेश स्पष्ट है। इस दावे का साथ ईरान दुनिया को बताने की कोशिश कर रहा है कि वो अब इससे दूर हो गया है।

### *आक्रमण के अधीन अंतरराष्ट्रीय कानून*

*आक्रामकता और आत्मरक्षा शीर्षक से आयोजित इस सम्मेलन में ईरानी राजनीतिक विश्लेषकों के शोधपत्र शामिल थे। जिनमें जून में हुए 12-दिवसीय युद्ध पर तेहरान का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया था. इनमें से कई विश्लेषकों ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की उस टिप्पणी का भी हवाला दिया। जिसमें उन्होंने इजराइल की इस बात के लिए प्रशंसा की थी कि उसने हमला करके "गंदा काम" किया है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर मोहम्मद काजिम सज्जादपुर ने लिखा, ईरान की रक्षात्मक प्रतिक्रिया उल्लेखनीय, प्रेरणादायक, ऐतिहासिक और सबसे बढ़कर, पवित्र थी। इजराइल के गंदे कामों की तुलना ईरानी राष्ट्र के नेक और साफ-सुथरे कार्यों से कैसे की जा सकती है? हालांकि ईरान वैश्विक कानूनों का भी ख्याल रखना है।*

### समुदाय अधिकारों को मान्यता देगा

ईरानी विदेश मंत्री ने आगे कहा, ईरान का परमाणु संवर्धन, परमाणु प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण उपयोग का अधिकार, जिसमें संवर्धन भी शामिल है, निर्विवाद है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास यह अधिकार है और हम इसका प्रयोग जारी रखेंगे और हम आशा करते हैं कि अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमारे अधिकारों को मान्यता देगा और यह समझेगा कि यह ईरान का अटूट अधिकार है और हम अपने अधिकारों को कभी नहीं छोड़ेंगे।

---

दिल्ली धमाका: यूपी से लेकर कश्मीर तक हुई ताबड़तोड़ छापेमारी

# 200 लोग रडार पर, 60 हिरासत में, डॉक्टर मुजम्मिल ने मदद के नाम पर बिछाया जाल

किसी को इलाज तो किसी को पंप खरीदने के लिए दिए पैसे | मदद के बहाने युवाओं को फंसाता था डॉ.मुजम्मिल | 6 राज्यों तक मिले डॉक्टरों के टेरर नेटवर्क के तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट मामले की गहन जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, कई बड़े और चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में अब फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉ. मुजम्मिल और लेडी डॉ. शाहीन की मोबाइल कॉल डिटेल्स और डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड्स से महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। यह पता चला है कि आतंकियों ने अपने नापाक मंसूबों में कामयाब होने के लिए 'मदद' को एक हथियार बनाया और कई लोगों को रुपए बांटकर अपने जाल में फंसाया। उनकी इस पूरी साजिश का मुख्य केंद्र फरीदाबाद का धौज और फतेहपुर तगा गांव रहा, साथ ही नूंह जिला भी उनके रडार पर था।

आतंकी संगठनों ने अब शैक्षिक और ग्रामीण क्षेत्रों में घुसपैठ कर एक नया और गोपनीय मॉड्यूल तैयार किया है और सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे 200 लोगों के नेटवर्क की कड़ियां को खंगाल रही है। अब तक 60 से अधिक लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। सामने आ रही हैं।जांच में पाया गया है कि डॉ. मुजम्मिल ने लोगों को आर्थिक मदद देकर फंसाया, जिनमें से 20 से ज्यादा लोग अभी हिरासत में हैं। मौलवी की जमीन पर बनाए गए मदरसे में सबमर्सिबल पंप लगाने के लिए उन्होंने 35 हजार रुपए दिए। इतना ही नहीं, एक गरीब कश्मीरी छात्र के बीमार पिता के इलाज के लिए 50 हजार रुपए भेजे, जिसके बदले में बाद में उस छात्र से आईईडी असेंबल करने में मदद ली गई।



एनआईए ने माना फिदायीन हमला था दिल्ली धमाका

### *लखनऊ के होटल में मारा छापा*

*यूपी एटीएस ने लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, 2 महीने पहले डॉक्टर शाहीन लखनऊ आई थी और इसी होटल में रुकी थी। कहा जा रहा है कि इसी होटल में डॉक्टर शाहीन के साथ उसके और भी कुछ परिचित रुके थे। बाद में वह अपने भाई डॉक्टर परवेज के साथ कानपुर भी गई थी। यूपी एटीएस इस होटल से जरूरी दस्तावेज और जानकारी जुटाने के बाद वापस गई। यूपी एटीएस सूत्रों के मुताबिक, फरीदाबाद के धौज इलाके से डॉक्टर शाहीन ने सिम कार्ड लिया था और उसी से लगातार ऑपरेट कर रही थी। सिम लेते वक्त डॉक्टर शाहीन ने अपना एड्रेस प्रूफ अपने भाई डॉक्टर परवेज का दिया था।*

### अनंतनाग में आधी रात पुलिस का छापा

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले की जांच के सिलसिले में काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने रविवार देर रात एक डॉक्टर के घर पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक, सीआईके की टीम ने अनंतनाग के मलखनाग इलाके में स्थित डॉक्टर के आवास पर रात में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान घर में हरियाणा की एक महिला डॉक्टर किरायेदार के रूप में रह रही पाई गई। सीआईके अधिकारियों ने घर से एक मोबाइल फोन जब्त किया, जिसे आगे की फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

### दिल्ली से गिरफ्तार हुआ कार मालिक

एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के



अमीर,आरोपी

### संदिग्ध आतंकी सुहेल के परिजनों से पूछताछ

गुजरात में सुहेल खां की गिरफ्तारी के बाद यूपी के लखीमपुर खीरी के सिंगाही कस्बे में हलचल तब तेज हो गई, जब गुजरात एटीएस की टीम ने अचानक यहां छापा मारा। टीम सिंगाही के वार्ड नंबर एक स्थित सुहेल के घर पहुंची और अंदर जाकर करीब एक घंटे तक उसके परिजनों से पूछताछ की। घर में तलाशी भी ली गई। सूत्रों के अनुसार, एटीएस के अधिकारियों ने घर की महिलाओं से अलग कमरे में बातचीत की और सुहेल की गतिविधियों, उसकी पढ़ाई, संपर्कों व पिछले कुछ महीनों के व्यवहार से जुड़ी जानकारी जुटाई।



सोहेल,आरोपी

### *पैसे देकर टेलीग्राम से जोड़ा*

*एक एमबीबीएस छात्र के भाई की शादी के लिए 1 लाख रुपए देकर उसे एक संदिग्ध टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जब्त मोबाइल से मिली रिकॉर्डिंग में मुजम्मिल को यह कहते हुए सुना गया। भाई, अल्लाह की राह में मदद करो, सब ठीक हो जाएगा। इसके अलावा धौज के एक मजदूर को भी 5 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे।*

---

चुटकियों में निपटाएगा कई टेढ़े काम

# गूगल तैयार कर रहा इंसानों जैसा सोचने वाला एआई एजेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपके लिए मेल लिखने का छुट्टी के ट्रिप प्लान करने तक सीमित नहीं रह गया है। गूगल डीप माइंड ने हाल ही में अपने स्केलेबल इंस्ट्रक्टिबल मल्टीवर्ल्ड एजेंट यानी सिमा का नया वर्जन लॉन्च कर दिया है। सिमा 2 पहले मॉडल की तुलना में काफी एडवांस्ड है और यह वर्चुअल दुनिया में इंसान जैसी समझ रखता है। योजनाएं बनाता है और सीखने



सांकेतिक रोबोट

की क्षमता दिखाता है। यह अपग्रेड मार्च 2024 में आए पहले सिमा मॉडल पर आधारित है और गूगल के जेमिनी मॉडलों से पावर होता है। सिमा 2 किसी 3डी गेम वर्ल्ड से विजुअल इनपुट लेकर दिए गए टास्क को समझता है। यूजर अगर इसे एक शेल्टर बनाओ या लाल घर खोजो जैसे निर्देश देते हैं, तो यह पहले उस लक्ष्य को छोटे-छोटे स्टेप्स में बांटता है और फिर कीबोर्ड-माउस जैसे इनपुट के जरिए उन्हें एक-एक करके पूरा करता है।

### 1 घंटे में पहुंच जाएंगे दिल्ली से अमेरिका!

हाइपरसोनिक उड़ान की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक अहम कदम बढ़ाया है। मैक 10 यानी ध्वनि की गति से 10 गुना तेज उड़ने वाले विमानों की तकनीक अब पहले से ज्यादा संभव दिख रही है। यह प्रगति अंतरराष्ट्रीय यात्रा और स्पेस एक्सेस दोनों को बदल सकती है। अगर कभी मैक- 10 स्पीड हासिल करना संभव हो गया, तो दुनिया भर की हवाई यात्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल सकता है। जिस सफर में आज 15 घंटे लगते हैं।

---

अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर

# मेक्सिको सिटी में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन ने पकड़ी गति

एजेंसी ▶▶ मेक्सिको सिटी

मेक्सिको सिटी की सड़कों पर शनिवार को अपराध, भ्रष्टाचार और दंड से मुक्ति के विरोध में जेनरेशन जेड के सदस्यों द्वारा आयोजित एक प्रदर्शन में हजारों लोग उतरे, जहां विपक्षी दलों के बुजुर्ग समर्थकों के जोरदार समर्थन के साथ यह प्रदर्शन समाप्त हुआ।

राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि 120 लोग घायल हुए, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी थे। बीस लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस साल कई



प्रदर्शन में जुटे हजारों लोग

देशों में, 1990 के दशक के अंत और 2010 के दशक की शुरुआत के बीच पैदा हुए इस जेन जेड जनसांख्यिकीय ग्रुप के सदस्यों ने असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किए।

---

शिपबिल्डिंग में साझेदारी के अवसर युवाओं को मिलेंगे

दोनों देशों को होगा फायदा : हरदीप पुरी

# भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने कोरियाई दौरे के दौरान रविवार को कहा कि भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण है और इससे दोनों देशों को फायदा होगा। दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल के दौरे पर गए पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा,कोरिया में करियर और शिक्षा के अवसर तलाश रहे युवा भारतीय पेशेवरों और छात्रों के एक समूह से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हुई। पुरी ने आगे कहा, उन्होंने (भारतीय पेशेवरों और छात्रों) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वृद्धि और विकास के लिए अपने सपनों और उत्साह के बारे में पूरे मनोभाव से बात की। इस दौरे पर पुरी ने कई दक्षिण कोरियाई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की और भारत एवं



केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी एक कार्यक्रम में

कोरिया के बीच विशेषकर शिपबिल्डिंग में साझेदारी के अवसर की खोज की। पुरी ने कहा, हमारे ऊर्जा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम माल ढुलाई पर सालाना लगभग 5-8 अरब डॉलर खर्च करते हैं और उन्हें फिलहाल लगभग 59 जहाजों की आवश्यकता है। हनवा ओशन जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों के लिए भारत के साथ काम करने और इन जहाजों का निर्माण करने का एक बड़ा अवसर है।

---

सेनाओं के बीच अद्भुत तालमेल, अब जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी

# सीडीएस ने कहा- तकनीक से भावी युद्ध और चुनौतीपूर्ण होंगे

*नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक ऑपरेशन सिंदूर की ताकत थे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना में तेजी से बढ़ रही संयुक्तता के बावजूद तीनों सेवाओं की अलग पहचान बनी रहेगी। पहलगाम हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर में दिखी बेहतरीन तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक-आधारित तैयारी भारत को भविष्य के युद्धों में बढ़त दिलाएंगी, जहां जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी। बता दें कि सीडीएस चौहान ने ये बातें नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मिलिटरी हेरिटेज फेस्टिवल के एक सत्र के दौरान कही। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर



जनरल चौहान ने कहा कि हाल ही में हुई ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल से 7 मई के बीच कई महत्वपूर्ण सैन्य संसाधनों को पश्चिमी सीमा की ओर शिफ्ट करना पड़ा और यह काम बेहद सहज तरीके से, सिर्फ एक स्टार रैंक के अधिकारी स्तर पर ही पूरा हो गया। भविष्य की तैयारी पर चर्चा करते हुए सीडीएस ने कहा कि थियेटर कमांड्स बनने पर संयुक्त हेडक्वॉर्टर में स्टाफ भी संयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि एक 'जॉइंट कल्चर' विकसित हो सके। उन्होंने युद्ध के बदलते स्वरूप पर भी बात की और कहा कि मानव भूगोल को समझना उतना ही आवश्यक है जितना भौगोलिक भूगोल, खासकर आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में। सीडीएस के मुताबिक भावी युद्ध में जीत उन्हीं की होगी जो नए क्षेत्रों, जैसे अंतरिक्ष और तकनीकी डोमेन में असमानताएं पैदा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध हमेशा कठिन और ज्यादा नुकसान वाला होगा, जबकि नए क्षेत्रों में युद्ध तेज, स्मार्ट और तकनीक आधारित होगा।

### *जनरल चौहान ने इस बात का किया खुलासा*

*सीडीएस ने बताया कि तीनों सेनाओं में समान उपकरणों, जैसे एमआरएसएएम और ब्रह्मोस का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे इंटीग्रेशन आसान होता जा रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इन हालिया हमलों में भारतीय नौसेना ने भी हिस्सा लिया और अपने पीएएलएम-400 व पीएएलएम-120 जैसे लंबी दूरी वाले घूमते हुए गोला-बारूद का इस्तेमाल किया। दिलचस्प बात यह रही कि यह क्षमता सेना और वायुसेना को पहले पता नहीं थी, लेकिन इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के पास यह जानकारी थी।*

---

ड्रग्स तस्करी पर ईडी का शिकंजा

# दिल्ली-एनसीआर समेत राजस्थान में कई जगहों पर छापामारी की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ड्रग्स तस्करी पर शिकंजा कसते हुए दिल्ली एनसीआर की कई जगहों समेत राजस्थान के जयपुर में छापेमारी की है। ईडी की यह कार्रवाई 82.53 किलोग्राम कोकेन जब्त करने के बाद सामने आई है। ईडी की अलग-अलग टीमों ने सुबह 7 बजे छापेमारी शुरू की थी। स्थानीय पुलिस की मदद से संदिग्ध ठिकानों पर रेड मारी गई है।

ईडी को ड्रग्स तस्करी में अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के शामिल होने का अंदेशा है, जिसके तहत ईडी बड़े पैमाने पर जांच कर रही है। ईडी ने हाल ही में 82.53 किलोग्राम कोकेन जब्त किया था, जिसके बाद जांच एजेंसियां एक्टिव हो गई थीं। ईडी, एनसीबी और डीआरआई ने सर्च ऑपरेशन




सांकेतिक तस्वीर

तेज कर दिया है। जांच एजेंसियों ने पोर्ट, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक हब समेत कई जगहों पर धावा बोल दिया। जांच एजेंसी को शक है कि ड्रग तस्कर फर्जी कंपनियां बनाकर हवाला के जरिए देश में ड्रग नेटवर्क को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, देश के कई बड़े शहर ड्रग तस्करों के निशाने पर हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस देशवासियों के लिए दीपावली और होली पर्व की तरह


समारोह के दौरान राज्यपाल पटेल और सीएम डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दीवाली और होली की ही तरह है। भारत माता के अमर सपूत स्वाभिमान और स्वराज के प्रतीक, जनजातीय अस्मिता के संरक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। पांचवें जनजातीय गौरव दिवस पर चारों दिशाओं में भारत अपने जनजातीय नायकों की स्मृतियों को पूज रहा है। जनजातियों के पराक्रम और परिश्रम से सजी आलीराजपुर की पावन मिट्टी में आजादी की लड़ाई के 2 अमर योद्धा शहीद छीतु किराड़ और शहीद चंद्रशेखर आजाद ने जन्म लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा का अनावरण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय कल्याण के लिए आलीराजपुर को 250 करोड़ रूपए की लागत से 156 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। जनजातीय भाई-बहनों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के 156 कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## आलीराजपुर जनजातीय संस्कृति और स्वाभिमान की है भूमि

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने आलीराजपुर को दी 200 करोड़ लागत के 156 विकास कार्यों की सौगात


समारोह में जनजातीय बहनों के साथ राज्यपाल पटेल और सीएम डॉ. यादव।

## पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए 45 करोड़ रुपए का मुआवजा मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले की प्रत्येक पंचायत में मनरेगा से बनने वाले 20-20 कुओं को परीक्षण के बाद बिजली आपूर्ति से जोड़ने की घोषणा की। जिले में पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को 45 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 11 करोड़ रूपए की अधिक से लागत से निर्मित पलास पानी तालाब और मसनी बैराज, 6 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 3 सांदीपनि विद्यालय, 12 जनजातीय सीनियर छात्रावास, 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 2 सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालक, बालिका छात्रावास एवं स्कूल भवन, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र और आईपीएचएल लैब शामिल हैं।


समारोह में पदाधिकारियों के साथ मंचासीन मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

## विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आज हर पात्र जरूरतमंद परिवार को पक्के मकान मिल रहे हैं। लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाकर हर महीने रक्षाबंधन और भाईदूज मनाई जा रही है। अब बहनों को 1500 रुपए महीने मिलने लगे हैं। विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट है। माताएं-बहनें अपनी परवाह न करते हुए पूरे परिवार के भरण-पोषण का ध्यान रखती हैं। बहनें, लाड़ली बहना योजना के पैसों से परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बच्चों की फीस भर रही हैं। प्रदेश के किसानों को भावान्तर योजना के माध्यम से सोयाबीन का उचित दाम मिल रहा है। पात्र किसानों को 15 दिन के अंदर राशि भेज दी गई है।

### आलीराजपुर को मिली विकास की अनेक सौगातें

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आलीराजपुर जिला निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। आलीराजपुर 150 से अधिक गांवों को सिंचाई के लिए अब नर्मदा मैया का पानी मिल रहा है। आलीराजपुर को विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। कपिलधारा योजना के अंतर्गत जिले में 50 हजार से अधिक कुएं बने हैं। इनसे सिंचाई का रकबा बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कृषि प्रधान आलीराजपुर जिले में विद्युत व्यवस्था के विस्तार की आवश्यकता बताई।

**आलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

## भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलें युवाः खंडेलवाल

मैं आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आह्वान करता हूं कि जैसा उनका जीवन रहा हमारे समाज का हर युवा उनके जीवन को देखकर उनके बताये मार्ग पर चले। हर जनजाति के युवा में इतने जज्बात रहे कि हमारे समाज को एक नई दिशा देने का काम कर सकें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी और उनके हृदय में गहरी देशभक्ति थी। प्रदेश के सतत विकास के साथ-साथ जनजातीय समाज भी शिक्षा और प्रगति की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। हमारी जनजाति के लिए वह आदर्श थे, जिन्होंने जवानी में भी यह बता दिया कि किसी भी युवा को अगर जीना चाहिए तो देश के लिए जीना चाहिए।


उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते सीएम डॉ. यादव

### 50 हजार जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर

*प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार में अपने जन्मदिन के अवसर पर बड़े टेक्सटाइल पार्क की घोषणा की थी, जिससे लगभग 50 हजार जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह परियोजना जनजातीय समाज की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और इसी विकास यात्रा में जनजातीय समाज भी शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे भगवान बिरसा मुंडा को अपना आदर्श मानकर समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।*

### सभी जिला मुख्यालयों पर हुए कार्यक्रम

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश के 24 जनजातीय बाहुल्य जिलों में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारी पहुंचे।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को ग्वालियर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के सह प्रभारी व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया उपस्थित रहे।

# सीएम ऑफिस के फर्जी डॉक्यूमेंट बनाने वाली नगर निगम यंत्री शिवानी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- शिवानी पर न केवल एफआईआर की, बल्कि निलंबित भी कर दिया

नगर पालिक निगम सिंगरौली में उपयंत्री के पद पर पदस्थ शिवानी गर्ग ने प्रमोशन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी सेवा प्रमोशन ई आफिस संबंधी प्रतिवेदन में हेरफेर कर प्रमोशन लेने का प्रयास किया। सीएम सचिवालय से इस तरह का पत्र जारी न होने की पुष्टि और कड़ी कार्रवाई के निर्देश के बाद आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने शिवानी पर न केवल एफआईआर दर्ज कराई है बल्कि उसे निलंबित भी कर दिया है। शिवानी गर्ग उपयंत्री तबादले के बाद सिंगरौल नगर निगम में पदस्थ की गई थी। वे राज्य नगरीय यांत्रिकीय सेवा की उपयंत्री है। उनकी नियुक्ति 2016 में हुई थी। शिवानी ने 21 अगस्त 2025 को एक आवेदन प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री कार्यालय का सेवा प्रमोशन, ई ऑफिस प्रतिवेदन विभाग में दिया और सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नति दिए जाने का आग्रह किया।

### पहले से ही संदेहास्पद था प्रतिवेदन

*यह प्रतिवेदन पहली ही नजर में संदेहास्पद और कूटरचित दिख रहा था। संचालनालय ने कूटरचित पदोन्नति आदेश की जांच कराई। संचालनालय ने इस आदेश के सत्यापन के लिए राज्य शासन के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक अक्टूबर 2025 को बताया कि इस तरह का आदेश मुख्यमंत्री सचिवालय ने जारी नहीं किया है।*

**प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी रहेंगे मौजूद**

# भाजपा राष्ट्रीय महासचिव आज ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**एसआईआर को लेकर ग्वालियर-चंबल संभाग की बैठक को करेंगे संबोधित**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को ग्वालियर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को दोपहर 02 बजे ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहा स्थित होटल रमाया में ग्वालियर-चंबल संभाग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआरआई) को लेकर संभागीय बैठक को संबोधित करने के पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

**कार्ययोजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने की भी कही बात**

# नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को पौध-रोपण की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को वर्ष 2026 में किए जाने वाले व्यापक पौध-रोपण अभियान की तैयारी और इससे जुड़ी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों से कार्ययोजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने के लिए भी कहा है। प्रदेश में वर्ष 2025 में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों की ओर से करीब 36 लाख पौधों का रोपण किया गया है। निकायों को लगाए गए पौधों की सुरक्षा में सजगता बरतने को भी कहा गया है।

नगरीय प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने क्षेत्रों में हितधारकों की बैठक और कार्यशाला आयोजित कर वर्ष 2026 के पौधरोपण लक्ष्यों का पहले आकलन करें और उसके अनुसार रणनीति बनाएं। निकायों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि कुल लक्ष्य में से शेष पौधरोपण का कार्य निकायों को अपने संसाधनों से करना होगा।


फाइल फोटो

### इन पौधों का होगा रोपण

*नगरीय क्षेत्र में अधिकतम हरियाली बढ़ाने के लिये जामुन, अर्जुन, देशी बबूल, बड़े वृक्षों जैसे पीपल, बरगद, आम, महुआ, इमली आदि प्रजातियों के पौधे को प्राथमिकता दी जाए। बीज छिड़काव के लिए उत्तम व्यवस्था की जाए। संचालनालय से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया कि वर्ष 2026 के पौध-रोपण कार्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवम्बर माह से ही साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। निर्देश में यह भी कहा गया है कि शहरी क्षेत्र के कुछ भवनों में बाउण्ड्री-वॉल नहीं होती है, वहां मेहंदी की बाउण्ड्री-वॉल सुरक्षा के हिसाब से लगाने के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। इससे परिसर में सुरक्षा के साथ हरियाली का भी विस्तार होगा।*

### जल संरक्षण को बढ़ावा देना जरूरी

*नगरीय निकायों से कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2026 के पौधरोपण के साथ जल संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। इन दोनों उपायों से शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ पर्यावरण सुधार में बेहतर कार्य हो सकेगा।*

### इन स्थानों पर लगेंगे पौधे, नजदीकी नर्सरियों से किया जा रहा संपर्क

निकाय सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लान, ओवरहेड टैंक के आसपास की भूमि, सड़कों के दोनों ओर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं शासकीय परिसरों की बाउण्ड्रीयुक्त भूमि, नदियों, नालों, तालाबों, डैम एवं नहरों के किनारों के साथ मुक्तिधाम और खेल मैदानों के आसपास का क्षेत्र चिन्हित करने के लिए कहा गया है। शहरी क्षेत्र में पौधों की उपलब्धता के लिए उद्यानिकी एवं वन विभाग की नजदीकी नर्सरियों से अभी से सम्पर्क किया जाए। पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पौधों के क्रय के लिए बजट के इंतजाम का प्रस्ताव जल्द तैयार किया जाए।

**भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद, बड़ी वारदात का था प्लान**

# पांच-पांच लाख के इनामी माओवादी मुठभेड़ में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के भेज्जी-चिंतागुफा के बीच स्थित तुमालपाड़ जंगल में रविवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता दर्ज की है। मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं, जिनमें वह कुख्यात जनमिलिशिया कमांडर माड़वी देवा भी शामिल है, जिसे कोंटा के पास हुए आईईडी ब्लास्ट में एडिशनल एसपी आकाश राव की शहादत का मास्टरमाइंड माना जाता था। देवा पर कई निर्दोष ग्रामीणों की हत्या और बड़े हमलों की साजिशों का भी रिकॉर्ड दर्ज था। पुलिस ने उस पर पाँच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। डीआरजी को इलाके में माओवादियों के सक्रिय होने की पुख्ता सूचना मिली, जिसके बाद तड़के सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

घने जंगल और कठिन पहाड़ी इलाके में चली रुक-रुककर फायरिंग में दो महिला माओवादी-पोड़ियम गंगी, सीएनएम कमांडर, और सोड़ी गंगी, किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्य भी ढेर हुई। दोनों पर पाँच-पाँच लाख रुपये का इनाम था और दोनों कई नक्सली वारदातों में शामिल रही हैं। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने .303 रायफल, बीजीएल लॉन्चर और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण के अनुसार, मारे गए उग्रवादी एक बड़े हमले की तैयारी में थे, लेकिन समय रहते कार्रवाई कर इसे विफल कर दिया गया।

### केवल सरेंडर ही एक मात्र विकल्प



उन्होंने बताया कि माड़वी देवा की मौत से कोंटा-किष्टाराम बेल्ट में माओवादियों की मिलिट्री गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है। बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि वर्ष 2025 में अब तक 233 माओवादी ढेर किए जा चुके हैं और संगठन अंतिम दौर में पहुंच चुका है। उन्होंने साफ कहा कि अब हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटना ही माओवादी कैडरों का एकमात्र विकल्प है। घटना के बाद डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की टीमें पूरे इलाके में सर्चिंग कर रही हैं।

# कोरबा वन मंडल में हाथियों के झुंड कर रहे फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा।

वन मंडल कोरबा में घूम रहे 51 हाथी अब 4 झुंड बंट गए हैं। हाथियों ने बांधापाली के किसान की झोपड़ी को उजाड़ दिया। शाम होते ही हाथी चिंघाड़ने लगते हैं।

इससे ग्रामीण दहशत में हैं। हाथियों ने 20 एकड़ से अधिक धान की फसल को चौपट कर दिया। करतला रेंज के बेहरचुंआ में घूम रहे 9 हाथी और केराकछार में घूम रहे 19 हाथी एक हो गए हैं। ग्राम बांधपाली के किसान भीखाराम राठिया के खेत में बनी झोपड़ी को हाथियों ने तोड़ दिया। इसके बाद धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसान ने बताया कि हाथी 2 किलोमीटर दूर जंगल में हैं। भोजन की तलाश में निकलने के पहले चिघाड़ते हैं। इसकी वजह से शाम 4 बजने के बाद सभी किसान खेत से घर वापस आ जाते हैं। हाथियों से डर बना हुआ है। इसी तरह कोटमेर में घूम रहे 10 हाथियों ने तुरींकटरा, सुईआरा में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। कोरबा रेंज के दरगा में घूम रहे 10 हाथी चचिया के दो हाथियों के साथ मिल गए हैं।

**सवाल उठाने वाले दिग्विजय की गतिविधि गया और औरंगाबाद तक रही सीमित**

# बिहार जीतने कांग्रेस नेता कितने गंभीरः प्रचार शबाब पर आते ही एमपी में सिमटे स्टार प्रचारक जीतू, सेकेंड फेज से पहले पचमढ़ी आ गए राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की चुनावी तैयारी और उसकी गंभीरता कितनी रही होगी, इसकी झलक मध्य प्रदेश से देखी जा सकती है।

जहां भरे चुनाव में एक स्टार प्रचारक ने बिहार चुनाव से दूरी बना ली, जबकि कांग्रेस के सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी भी इसी दौरान पचमढ़ी आ गए। वहां पर कांग्रेस 61 सीटों पर चुनाव लड़ी। इन सीटों पर प्रचार करने के लिए मध्य प्रदेश के दो नेताओं को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया था। कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शामिल किए गए थे। जीतू पटवारी बिहार में तब तक सक्रिय रहे, जब तक चुनाव शबाब पर नहीं आया था। जब चुनाव में मतदान का समय नजदीक आ गया तो पटवारी पचमढ़ी में जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में व्यस्त हो गए।

### 2 से 11 नवंबर तक चला शिविर

यह शिविर 2 से 11 नवंबर तक चला था। इस दौरान पटवारी बिहार चुनाव प्रचार में नहीं गए। यहां पर पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जो स्टार प्रचारक के रूप में बिहार तो गए, लेकिन उनकी गतिविधि गया और औरंगाबाद जिले तक ही सीमित रही। उनकी यह सीमित उपस्थिति भी कांग्रेस की प्रचार रणनीति को लेकर चर्चा का कारण बनी। बिहार चुनाव में कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी स्वयं 8 और 9 नवम्बर को पचमढ़ी आ गए।

### बिहार चुनाव परिणाम पर दिग्विजय सिंह का तंज, बोले- ऐसे चुनाव नार्थ कोरिया, रूस और चीन में होते हैं, सारे वोट एक पार्टी को जाते हैं



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बिहार चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि चुनावों की स्थिति नॉर्थ कोरिया, रूस और चीन जैसी होती जा रही है, जहां एक ही पार्टी को सारे वोट मिल जाते हैं। बिहार चुनाव का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा 62 लाख वोट कटे और 20 लाख वोट जुड़े। किसके वोट कटे और किसके जुड़े, चुनाव आयोग ने जानकारी नहीं दी। ऐसे नतीजे तो नॉर्थ कोरिया और रूस में आते हैं।

मुख्य पीठ भोपाल में आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने संज्ञान लेकर जवाब मांगा

## जनहित के मुद्दे पहुंचे मप्र मानव अधिकार आयोग तक

**जबलपुर।**

**मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रिय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि शहर के विभिन्न जनहित के मुद्दों पर मुख्य पीठ भोपाल में आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने संज्ञान लेकर संबधितो को कार्यवाही का निर्देश देते हुए जवाब मांगा हैं। शहर के पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में अव्यवस्था होने का मामला सामने आया है। छात्रावास की हालत खंडहर भवन की तरह हो गई है। कमरों की छतों से पानी टपकता है, दीवारों में सीलन और बदबू भरी है। इन हालातों में ही छात्रों को रहने और पढ़ाई करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आयोग ने आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।**

**आयोग ने जनहित में संज्ञान लेकर संबंधितों से मांगा जवाब**

### खतरे में निजता और सुरक्षा

शहर के गंगानगर स्थित सीनियर बालिका एससी-एसटी छात्रावास के परिसर में पुरुष स्टाफ और अन्य लोगों की आवाजाही होने से छात्रों को परेशानी एवं असहज होने का हॉस्टल के स्नानघर और शौचालय जाने वाले हिस्से पर पुरुष कर्मचारी और अन्य लोगों की मौजूदगी और आवाजाही बनी रहती है, इससे छात्रावास की बालिकाओं असहज महसूस करती है। आयोग ने आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

### मरम्मत अभी तक नहीं

शहर के घमापुर मुख्य मार्ग पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला घमापुर नंबर-1 में स्कूल के बच्चों को मेंटेनेंस के नाम पर दूसरे खंडर एवं जर्जर स्कूल में भेजे जाने का मामला सामने आया है। छत का प्लास्टर लगातार गिरने के बाद उसके मेंटेनेंस करने के लिये स्कूल के छात्रों को जो दूसरे स्कूल में भेजना है, उसकी हालत भी जर्जर और खंडहर है। इस कारण बच्चों को कई परेशानी का सामना करना पड़ता है। आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

### मैदान में गोबर, कक्षाओं में टपकता पानी

जिले के बरेला पड़वार स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हिनोतिया भोई में अव्यवस्था होने का मामला सामने आया है। शाला में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण शाला के विद्यार्थियों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। क्लासरूम से लेकर गैलरी तक की दीवारों में सीपेज की समस्या है, खेल मैदान में चारो तरफ गोबर बिखरा हुआ है, इस कारण विद्यार्थी ठीक से खेल नहीं पाते। सुबह से ही मैदान में पशुओं का डेरा जमा रहता है। विद्यार्थियों ने इस संबंध में शिकायत भी की है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

### पेयजल के लिये परेशान हो रहे ग्रामीण

जिले के सिहोरा क्षेत्र के मोहला पंचायत के आदिवासी बाहुल्य तालाखेड़ा में आदिवासी ग्रामीणों के पेयजल की समस्या से परेशान होने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत मोहला में तीन माह से नल जल योजना बंद पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीण को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इस कारण उन्हें गांव के कई मील दूर से पानी लाना पड़ रहा है। आयोग ने सीईओ, जिला पंचायत जबलपुर से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

### कृषि उपज मंडी में फैली अव्यवस्था

शहर की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी की हालत खस्ताहाल होने का मामला सामने आया है। मंडी में अव्यवस्था होने के कारण वहां आने वाले किसान और व्यापारी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीने का साफ पानी और किसानों के बैठने-ठहरने का भी कोई इंतजाम नहीं है। मंडी प्रबंधन का कहना है कि हर माह लाखों रूपये सफाई व्यवस्था में खर्च किये जाते है, लेकिन इसके बाद भी मंडी के चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा रहता है।



## वृद्धों की सेवा में ही नारायण के दर्शनः दंडी स्वामी

**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ मदनमहल आमनपुर जबलपुर में दिनांक 12 से 19 नवम्बर तक माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगाँठ के अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति द्वारा सफ़ाई कर्मी एवं वृद्ध माताओं का पूजन एवं सम्मान कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद महाराज द्वारा किया गया। अनिल उसरेटे ने जानकारी दी है कि दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा भावना का सजीव उदाहरण है, वृद्ध माताएँ जो हमारी भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर हैं उन सभी को हार्दिक एवं आत्मिक नमन, वृद्धों की सेवा में ही नारायण के दर्शन होते हैं।

**कालीमठ मदनमहल की स्वर्णिम 50वीं वर्षगांठ के आयोजन 19 तक चलेंगे**

इस अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति के भैयाराम राम अवस्थी, पूरन सिंह राजपूत, संतोष केशरवानी, अनिल सराठे बबलू, धर्मेश तिवारी, अजय ग्रोवर, मुकेश तिवारी, शेखर ठाकुर, रवि बाबा, अनिल उसरेटे, अजय यादव, अभिषेक चौकसे, अमित मिश्रा, शैलेष श्रीवास, रोहित तिवारी, मदन गोपाल साहू, विनोद लोखंडे, बृजलाल चौकसे आदि ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।



यज्ञ, हवन, आहुतियों से हुआ सांई महोत्सव का समापन

## भक्तों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**जबलपुर।** सांई मंदिर सिविल लाइंस में स्थापना दिवस के अंतिम दिवस पर सैकड़ों सांई भक्तों ने मंदिर पहुंचकर सांई यज्ञ में आहुतियां दी तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। केंट विधायक अशोक रोहाणी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्याम कनौजिया ने नारायण सेवा, कन्या भोज में अपनी सेवा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पूर्व पं. नीलेश दामोलकर, महाराष्ट्र समाज द्वारा श्री गणपति अथर्वशीष का पूजन किया गया। संध्या महाआरती अमिता जसूजा द्वारा संपन्न हुई। अतिथियों को बाबा की चादर, श्रीफल सुनील चंदेल, मृगेन्द्र नारायण सिंह, प्रेम भंडारी, उमेश पिल्ले, डॉ. सुनील देशपाण्डे, कमलेश अग्रवाल, संतोष अवस्थी, लक्ष्मण दास आदि ने भेंट की। तीन दिवसीय स्थापना दिवस सांई महोत्सव को सफल बनाने में पं. रवि पाण्डे, मनोहर कनौजिया, श्याम खत्री, भीमराव, राजेन्द्र तोमर, अशोक स्वामी, लालजी रजक एवं राजेश कुशवाहा आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

## गोंडी भाषा ज्ञान दर्शन व इंडियन ट्राइबल आर्मी के संस्थापकों ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर किया माल्यार्पण

**जबलपुर।** 15 नवम्बर 2025 को गोंडवाना चौक में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक विचारों, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान और जल, जंगल, जमीन के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को आत्मसात किया गया। जहां गोंडी भाषा ज्ञान दर्शन क्लासेस के संस्थापक एच.एल. मार्को ने बताया कि बिरसा मुंडा, जो आदिवासी समुदाय में 'भगवान' की उपाधि से जाने जाते हैं, आदिवासी संस्कृति की रक्षा और अपने समुदाय की पहचान को संरक्षित करने के लिए एक लंबा समय तय किया था। उन्होंने समाज के शोषण, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा के लिए अनेक आंदोलन चलाए। उन्होंने अपने आंदोलन के माध्यम से समाज में एकता और साहस का संदेश दिया। हम आदिवासी हमेशा उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।



वहीं दूसरी ओर इंडियन ट्राइबल आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश मार्को ने सभी जनमानस को यह संदेश देने का प्रयास किया कि हमें भगवान बिरसा मुंडा के बताए हुए मार्ग पर चलना है तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचना है, उन्होंने जो जल, जंगल, जमीन के लिए कार्य किया था, वहीं आज सर्व आदिवासी समाज को जल, जंगल, जमीन के प्रति जागरूक होकर अपने हक और अधिकारों के प्रति लड़ाई लड़नी होगी। इस अवसर पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के जिला सचिव गया प्रसाद धुर्वे की गरिमामय उपस्थिति रही।

## केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का नगर आगमन आज

**जबलपुर।** केन्द्र सरकार के वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज सोमवार 17 नवम्बर को अमरकंटक से दोहपर 1 बजे जबलपुर आयेंगे। वे सीधे ग्राम घाना दद्दा घाट रोड, तिलवाराघाट स्थित ग्रीन बैम्बू नर्सरी पहुंचेंगे तथा दोपहर 2 बजे से ग्रीन बैम्बू नर्सरी का भ्रमण एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री शाम 5 बजे ग्रीन बैम्बू नर्सरी से नयागांव हाउसिंग सोसायटी तथा रात 8 बजे नयागांव हाउसिंग सोसायटी से जिला अतिथि शाला पहुंचेंगे। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह जिला अतिथि शाला में रात्रि विश्राम करने के बाद मंगलवार 18 नवम्बर को सुबह 8.30 बजे जिला अतिथि शाला से डुमना एयरपोर्ट और सुबह 10.10 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## सात माह में माल यातायात से 3214 करोड़ 35 लाख का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर तक यानि सात माह में माल यातायात से 3214 करोड़ 35 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2961 करोड़ 34 लाख रूपये की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। अकेले अक्टूबर माह की बात करे तो 425 करोड़ 31 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 419 करोड़ 08 लाख रूपये की तुलना में लगभग 2 प्रतिशत अधिक है।जबलपुर मण्डल ने 2278 करोड़ 02 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2012 करोड़ 49 लाख रूपये की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मण्डल ने 394 करोड़ 98 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। कोटा मण्डल ने 541 करोड़ 35 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 524 करोड़ 55 लाख रूपये की तुलना में 03 प्रतिशत अधिक है। मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए।



## स्त्री रोग विशेषज्ञों ने आयोजित की सिजेरियन सेक्शन पर वर्कशॉप

**जबलपुर।** ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलॉजिक सोसायटी एवं जबलपुर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा सिजेरियन सेक्शन पर वर्कशॉप का आयोजन डॉ. प्रज्ञा धीरावाणी कार्यक्रम संयोजक, डॉ. राखी वाजपेयी की अध्यक्षता एवं डॉ. कोमल जैन सचिव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत के साथ हुई, जिसका गायन डॉ. मानिक पांसे ने किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण की अध्यक्षता डॉ. प्रो. रूपलेखा चौहान, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. स्नेहप्रभा चौबे ने की। अहमदाबाद से पधारे राष्ट्रीय वक्ता डॉ. पारूल कोटदावाला ने सिजेरियन सेक्शन पर विभिन्न आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र की अध्यक्ष डॉ. प्रो. अरविंद लेले, डॉ. अनिला डे, डॉ. कहकशाँ रजा ने की। भोपाल से पधारे राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय हलधर द्वारा दूरबीन से की जाने वाली गायनिक सर्जरी के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। इस सत्र में बार्ब सूचर एवं पीपीएच मैनेजमेंट पर मैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. प्रज्ञा धीरावाणी, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. ऋचा बहरानी, डॉ. प्रिया दुग्गल, डॉ. ऋचा धीरावाणी, डॉ. देवकृति धीरावाणी, डॉ. श्रुति श्रीवास्तव, डॉ. रुचि चतुर्वेदी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ. ऋचा धीरावाणी ने सिजेरियन सेक्शन के इतिहास से अभी तक के बारे में प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस दौरान इंडोसूचिरिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसका उपस्थित विशेषज्ञों ने लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. शिरीष जामदार, डॉ. शारदा मिश्रा, डॉ. रूपा सरकार, डॉ. सुलेखा दीवानी, डॉ. कुसुम जैन, डॉ. चित्रा जैन, डॉ. अनुराधा डांग, डॉ. नीना श्रीवास्तव, डॉ. प्रद्न्या हर्षे, डॉ. विनीता घनघोरिया, डॉ. सोनल रिछारिया, डॉ. कुसुम सोलंकी, डॉ. रजिया सिद्दीकी, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. श्वेता सिसिंकर, डॉ. रानू जैन, डॉ. निधि जैन, डॉ. रोमा नाग, डॉ. अनुपमा सोलंकी स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## घर के सामने वृध्दा के जेवर लूटने वाले पकड़ाए

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने तुलसी नगर में एक वृध्द महिला के सोने की चेन व अन्य गहने लूट कर भागे बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से लूट के जेवर और एक घटना में प्रयुक्त बाईक भी बरामद कर ली है. रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया की गत 14 नवम्बर की दोपहर में तुलसी नगर निवासी बुजर्ग महिला रामकली रजक घर के सामने धूप में बैठी थी, तभी बदमाशों ने उनके जूवर लूट लिये और भाग गये. पुलिस ने इस मामले में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपियों तक पहुंच गई. घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक **MP**20 **ZJ** 4558 का मिलना महत्वपूर्ण रहा, जिसके आधार पर पुलिस मोटर सायकल मालिक गांधी व्यायाम शाला रांझी निवासी मनीष महतो तक पहुंची।

## सुभाषचन्द्र बैनर्जी को किया याद

**जबलपुर।** त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति तथा सहज, सरल स्वभाव के धनी स्व. सुभाषचन्द्र बैनर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर सिविल लाईन स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने उनके बताए गए देश भक्ति के मार्ग पर चलने की शपथ ग्रहण की। सुभाष जी आदर्श पुरूष कड़े संघर्ष के पर्याय निःस्वार्थ साधक और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे, उन्होंने जनसंघ की स्थापना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी, केंट विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर अन्नु, रूपा बैनर्जी, आशीष बैनर्जी, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पार्षद श्याम कनौजिया, डॉ. अंशुमान शुक्ला, मंजुलिका बैनर्जी, एलिक डिसूजा, उमाकांत मालवीय, मोहन शर्मा, राकेश शर्मा, माइकल कपूर, संदीप जैन, अनिरुद्ध मजूमदार, प्रसनजीत चैटर्जी, हर्षजीत सिंह सहित विकलांग सेवा भारती एवं वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल और विजन जबलपुर के सदस्यगण उपस्थित रहे। विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया।



## स्टायफंड वेतन व्यवस्था नवनियुक्त कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघठन के संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शासन द्वारा विगत वर्षों में एक नई नीति लाई गई जिसमें वित्तीय हवाला देते हुए एक असमानता की नीति लाते हुए सरकार ने तृतीय एवम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 70,80,90 प्रतिशत स्टायफंड वेतन का ठीकरा पकड़ा दिया वहीं प्रथम, द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को मुक्त रखा गया यह समझ से परे है कि शासन एक ओर उच्च वेतन वाले को पूरा वेतन दे रही और जो अल्पवेतन धारी हैं जिन्हें प्रारंभ में लगभग 25 से 30 हजार महीना वेतन मिलता है उनका वेतन काटकर असमानता वाली नीति के तहत स्टायफंड वेतन व्यवस्था लागू की गई जिससे नवनियुक्त कर्मचारियों को लगातार वित्तीय और मानसिक हानि झेलनी पड़ रही है यह सीधे-सीधे कर्मचारियों/ चयनित उम्मीदवारों का शोषण है। शासन को इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए यह व्यवस्था बंद कर कर्मचारियों को विगत वर्षों का एरियर दिया जाना चाहिए।

## बिरसा मुंडा के संघर्ष उनके आत्मसम्मान तथा जल, जंगल जमीन के सिद्धांतों को नई पीढ़ी के बीच किया प्रसारित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रोफेसर पी.के. मिश्रा की सद्प्रेरणा तथा संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर "जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा" दिनांक 01 से 15 नवंबर 2025 तक कृषि विज्ञान केंद्र, जबलपुर द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें व्यापक जनजागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, संस्कृत संरक्षण आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय को शिक्षा, कृषि आजीविका, स्वास्थ्य, डिजिटल सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस प्रयास करना था। इस पहल के माध्यम से बिरसा मुंडा के संघर्ष उनके आत्मसम्मान तथा जल, जंगल, जमीन के सिद्धांतों को नई पीढ़ी के बीच प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया। दिनांक 15 नवंबर 2025 को




जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें 'परंपरागत किस्मों के संरक्षण विषय पर महिला कृषक संगोष्ठी' का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रोफेसर पी.के. मिश्रा ने महिला कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि आधारित आजीविका, डिजिटल साक्षरता, उद्यमिता तथा समूह आधारित व्यवसाय मॉडल को अपनाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि खेती में महिलाओं का योगदान 70% से अधिक होता है ऐसे में परंपरागत किस्म के संरक्षण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है तथा जनजाति समाज वर्षों से परंपराओं एवं मूल्य पर आधारित खेती व खेतिगत व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने सभी महिलाओं को समूह में कार्य करने तथा परंपरागत खेती के संरक्षण को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही मूल्य संवर्धन तथा बाजार से जुड़ने के तरीके बताए। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर ने उन्नत किस्मों के साथ ही परंपरागत किस्मों को भी बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वंदेमातरम राष्ट्रगीत का गायन आजादी के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कृषि विज्ञान के जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्वागत किया तथा महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.के. सिंह द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. ए.के. सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. अक्षता तोमर, डॉ. निहारिका शुक्ला, डॉ. नितिन सिंघाई, डॉ. ऋचा सिंह तथा अंजना गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था लोक कल्याण समिति का सहयोग भी सराहनीय था। कार्यक्रम में ग्राम करेली शहपुरा तथा कुंडम से अनुसूचित जनजाति की कुल 70 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों व मूल्यों के प्रति जागरूकता प्राप्त की।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम धमकी में किया आदि रथ का स्वागत

सिहोरा।

जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत गांधीग्राम के ग्राम धमकी में जनजाति समुदाय के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के तहत आदि रथ का आगमन हुआ जिसका ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती आशा देवी पटले,जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी,सरपंच राधा विवेक चौरसिया,पंच सुशीला ठाकुर,सचिव अनिल दत्त तिवारी एवं कृषि विभाग से वृषभान अहिरवार, पटवारी गौरीशंकर सोनी सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।





## जोर शोर से मनायी जन्म जयंती

**पाटन।** पाटन में 15 नवंबर जन्म जयंती जन्म जयंती बिरसा मुंडा भगवान आदिवासी संगठन पाटन ब्लॉक मध्य प्रदेश ग्राम व्यवहारी पड़रिया में जोर शोर से मनाया गया। इस दौरान सभी साथी आदिवासी उपस्थित रहे। हमारी मातृ शक्त उपस्थित अध्यक्ष लाल सिंह कुलस्ते संरक्षक ठाकुर पप्पू सिंह कर पेटी के.के. सिंह उपाध्यक्ष सुकरात अर्जुन सिंह राजाराम धुर्वे सोनेलाल पूर्ति रामेश्वर नरेंद्र ठाकुर मनोज ठाकुर अमित ठाकुर समस्त आदिवासी समुदाय की गौरमयी उपस्थिति रही।

## विशाल पथ संचलन का आयोजन किया

**मझौली।** नगर मझौली में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड मझौली के द्वारा बजार पलाट मझौली से विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस बजार पलाट में सम्पन्न हुआ नगर में जगह-जगह स्वयं सेवक का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया भारत माता कि जय के नारे लगाते हुए उपस्थित श्रीकांत जैन राहुल दुबे शैंकी सोनी अमित परोहा अंकित ठाकुर भारत कोस्टा महेंद्र कोस्टा बबलु चौरसिया प्रभु दत्त दुबे अभय साहू नगर एवं आस पास के समस्त संघ के स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## संपूर्ण ब्राह्मण मंच में पुष्पा तिवारी सुधा मिश्रा, डॉ. स्वगतिकापति महिला मंडल प्रमुख नियुक्त

**जबलपुर।** निःशुल्क उपनयन संस्कार एवं निःशुल्क युवा-युवती परिचय सम्मेलन, विधवा विवाह के लिए महिला प्रमुख के रूप में संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने पुष्पा तिवारी, सुधा मिश्रा, डॉ. स्वगतिकापति को प्रभार देते हुए समाज कल्याण एवं राष्ट्र की जनभावना, सेवा करने के लिए नियुक्त किया। नियुक्ति पर पंडित धनंजय बाजपेई, सीताराम कुरचानिया, प्रेम दुबे, पं. यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, निशांत शर्मा, सत्यदेव तिवारी, सुधाकर मिश्रा, मधुर तिवारी, केके शर्मा, आभा तिवारी सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया। संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने बताया अतिशीघ्र गढ़ा में रूपकिशोर प्यासी के निवास पर विनोद दुबे, आनंद जोशी की उपस्थिति में बैठक सोमवार शाम 7:30 बजे आयोजित होगी। ब्राह्मणों से कार्यक्रम को भव्य बनाने की अपील की गई है।

# भेड़ाघाट एमपी टूरिज्म मोटल परिसर में हुई हरे भरे भरे वृक्षों की बिना अनुमति कटाई

भेड़ाघाट।

पर्यटन विकास निगम के भेड़ाघाट एमपी टूरिज्म मोटल परिसर में हरे भरे भरे वृक्षों की कटाई का मामला सामने आया है केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार हैं वृक्ष है तो कल हैं कि तर्ज पर कार्य कर रही हैं और भेड़ाघाट में एमपी टूरिज्म के मैनेजर ने बिना अनुमति हरे भरे पेड़ों को कटवा दिया गया है सूचना पर नगर परिषद भेड़ाघाट की टीम ने मौके पर पहुंची और नगर परिषद अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया गया एमपी टूरिज्म मैनेजर को नोटिस जारी किया गया इसमें तीन दिन में लिखित जवाब प्रस्तुत करने और स्वयं उपस्थित होकर स्पाष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं नगर परिषद ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी




### वन विभाग हमला क्यों सो रहा

वन विभाग के कर्मचारियों को हरे भरे वृक्षों कत्लेआम दिनदहाड़े किया जा रहा हैं एमपी टूरिज्म मोटल परिसर में हरे भरे वृक्षों को काटने का मामला सामने आया है फिर भी वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं भेड़ाघाट बीट प्रभारी परोहा जी से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया सम्पर्क नहीं हो पाया।

# केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय कमेटी गठित करे
# जबलपुर से एयर फ्लाइट्स बढ़ाने राज्य सरकार फ्यूल सरचार्ज सब्सिडी प्रदान करे

### अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल ने सुझाव प्रस्तुत किये

जबलपुर।

जबलपुर से ज्यादा से ज्यादा फ्लाइट शुरू करने के लिए विमानन कंपनियों को आकर्षित करने हेतु राज्य सरकार फ्यूल सरचार्ज सब्सीडी प्रदान करे तथा अन्य लाभकारी योजनायें शुरू करे। यह सुझाव अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल सुनील जैन ने 31 अक्टूबर को आयोजित बैठक की रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय केंद्र तथा राज्य स्तर पर सचिवों की कमेटी गठित करे, जिसमें डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी तथा विमानन कंपनियों के डायरेक्टर शामिल हों। इस कमेटी की बैठक दिल्ली में हो तथा उसमें जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विचार विमर्श हो।



### नागरिक उपभोक्ता मंच के सुझावों का समर्थन

डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि बैठक में उन्होंने मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने का सुझाव दिया था, उन्होंने आर्थिक सुदृढ़ता की सही स्थिति सामने लाने हेतु सर्वे कराने की मांग की थी। सॉलीसीटर जनरल ने अपनी रिपोर्ट में इन दोनों सुझावों का समर्थन किया है।

### सरचार्ज घटाने का आश्वासन

डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि सरचार्ज का मामला पूर्व में ही हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुआ है, तदानुसार राज्य सरकार ने सरचार्ज में कमी लाने का आश्वासन दिया है।

## स्टायफंड वेतन व्यवस्था भेदभाव पूर्ण नवनियुक्त कर्मचारियों के साथ समस्या

जबलपुर।

मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघठन ने बताया शासन द्वारा विगत वर्षों में एक नई नीति लाई गई जिसमें वित्तीय हवाला देते हुए एक असमानता की नीति लाते हुए सरकार ने तृतीय एवम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 70, 80, 90 प्रतिशत स्टायफंड वेतन का ठीकरा पकड़ा दिया वही प्रथम द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को मुक्त रखा गया यह समझ से परे है कि शासन एक ओर उच्च वेतन वाले को पूरा वेतन दे रही और जो अल्पवेतन धारी है जिन्हे प्रारंभ में लगभग 25 से 30 हजार महीना वेतन मिलता है उनका वेतन काटकर असमानता वाली नीति के तहत स्टायफंड वेतन व्यवस्था लागू की गई जिससे नवनियुक्त कर्मचारियों को लगातार वित्तीय और मानसिक हानि झेलनी पड़ रही है यह सीधे सीधे कर्मचारियों/ चयनित उम्मीदवारों का शोषण है। शासन को इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए यह व्यवस्था बंद कर कर्मचारियों को विगत वर्षों का एरियर दिया जाना चाहिए। संघ के रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, सुरेंद्र चौधरी, सुनील झारिया, उमेश सिंह ठाकुर, मानसिंह आर्मो, रवि जैन, देवेंद्र भट, गोपीशाह, संतोष चौरसिया, फिलिप एंथोनी, राजकुमार यादव, धनराज पिल्ले, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, विनय रामजे, आशीष कोरी, समर सिंह ठाकुर, त्रिलोक सिंह आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि तत्काल इस व्यवस्था को बंद कर तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को पूर्ण वेतन दिया जाए साथ ही विगत वर्षों का एरियर भी दिए जाने का आदेश तत्काल जारी किए जाए।

### ट्रांस्को में कल से शिविरों का आयोजन
# पेंशनर्स के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाए जाएंगे

जबलपुर।

भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर 18 नवंबर से आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों का उद्देश्य पेंशनर्स को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की प्रक्रिया से अवगत कराना और उन्हें सरल व त्वरित सेवा प्रदान करना है। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा के अनुसार शिविर में पेंशनर्स को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की विस्तृत प्रक्रिया समझाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पेंशनर्स इस सुविधा का लाभ आसानी से ले सकें। एमपी ट्रांसको द्वारा यह शिविर जबलपुर, भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में 18 नवंबर से आयोजित किए जाएंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा, जिसमें इच्छुक पेंशनर्स डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की प्रक्रिया के साथ अन्य आवश्यक जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनर डिजिटल सुविधा से वंचित न रहें और समय पर अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा कर सकें। पहला शिविर 18 नवंबर को जबलपुर स्थित शक्ति भवन, पेंशन/भविष्य निधि अनुभाग, ब्लॉक क्रमांक 02, भूतल में आयोजित होगा। पेंशनर्स की सुविधा के लिए एमपी ट्रांसको मुख्यालय जबलपुर में एक पेंशन हेल्प डेस्क भी संचालित कर रही है.जिसका फोन नंबर 0761-2702918 है. पेंशनर्स कार्य दिवस मे इस नंबर पर संपर्क कर आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### शिविरों में उपलब्ध रहेगी ये सुविधाएं

शिविर में मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण बनाना एवं बैंक को प्रेषित करना, पेंशन प्रकरणों से संबंधित शंकाओं का निराकरण तथा एन.पी.एस. से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

## सड़क दुर्घटनाओं में युवक और महिला की मौत

**जबलपुर।** तीन अलग अलग मामलों में एक युवक एक महिला और एक युवक की आकाल मौत हो गई. एक युवक सड़क दुर्घटना में चल बसा तो दूसरे की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई तो तीसरी महिला की भी सड़क दुर्घटना के बाद इलाज के दौरा मौत हो गई. पुलिस मर्ग कायम कर मामलों की जांच कर रही है. माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन रोड रैगवा निवासी 23 वर्षीय विपिन अवस्थी को अपोला हास्पिटल के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसी तरह पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोसलपुर देवरी खंड रेलवे फाटक के पास अप ट्रैक पर एक युवक ट्रैक से टकराकर खत्म हो गया. प्वांइट मैन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया।

## दो दिन बाद मिला फगुआ नाला में डूबे युवक का शव

**जबलपुर।** खमरिया थानान्तर्गत ट्रेक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर फगुआ नाला परियट नदी में गिर गई थी। घटना में ट्रेक्टर चालक डूब गया था। रेक्यु टीम द्वारा कल दोपहर तलाशी के दौरान ट्रेक्टर चालक का शव निकाला गया। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो ने घटना के संबंध में बताया कि ग्राम सुंदर पुर निवासी संतु यादव ने गत 13 नवम्बर को सूचित किया था कि उसका छोटा भाई गुड्डू यादव ट्रेक्टर ट्रॉली समेत फागुआ नाला परियट नदी में गिर गया था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेक्टर टारॅली को बाहर निकाली लिया था वहीं नदी में डूबे गुड्डू यादव की तलाशी के लिए रेक्यु टीम गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया था। कल घटना के बाद गोताखोरों ने गुड्डू यादव के शव को नदी से निकाल दिया।

### सूने मकान से जेवर चोरी

**जबलपुर। बरगी** थानान्तर्गत ग्राम जमुनिया में कल दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने एक श्रमिक के सूने घर का ताला तोड़कर जेवर पार कर दिये। चोरी गये जेवरों की कीमत 70 हजार है। घटना के संबंध में बरगी पुलिस ने बताया कि ग्राम जमुनिया निवासी वीरसिंह मरकाम मजदूरी करता है। कल उसकी मां की तबियत खराब होने के कारण वह उसे ईलाज के लिए अस्पताल दिखाने ले गया था। कल शाम लौटा तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा था। घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। गोदरेज की अलमारी में रखे जेवर सोने का मंगलसूत्र, कान के फूल, पायल, बिछिया गायब थी।

### कार की टक्कर से महिला घायल

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानांतर्गत कल सुबह लगभग ४ बजे महाराष्ट्र बैंक संजीवनी नगर के पास मोटरसाइकिल सवार मां, बेटा, को एक बेलगाम कार ने टक्कर मार दी। घटना में महिला को गंभीर चोटें आई है। जिसे उसका बेटा इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल ले गया। जहां से महिला को तेज दर्द होने पर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर गढ़ा निवासी नवीन झारिया कल सुबह लगभग ४ बजे घर से अपनी मां चंद्रा बाई को लिज्जत पापड़ कंपनी छोड़ने जा रहा था। जैसे ही दोनों संजीवनी नगर स्थित महाराष्ट्र बैंक के पास पहुंचे। सामने से आ रही कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में पीछे बैठी चंद्रा बाई को गिरने से सिर, हाथ, पैरों में चोटें आई है। घायल को इलाज के लिए जानकीरमण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुरानी रंजिश पर झगड़ा, दो घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम सिंगलदीप के समीप पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, इसमें दो लोग घायल हो गये. घटना के संबंध में पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेती किसानी करने वाले दोनों पक्ष पुरानी रंजिश को लेकर कल शाम आमने सामने आ गये. प्रशांत पटेल के साथ सुनील पटेल और उसके लड़कों शिवम व सत्यम पटेल ने मारपीट करते हुये जमीन पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गया. वहीं दूसरे पक्ष से सत्यम पटेल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया की पुरानी रंजिश को लेकर संतोष पटेल व उनके दोनों लड़के प्रशांत व निशांत पटेल ने गाली गलौच कर मारपीट की है.

### डीजे बजाने की रंजिश पर चार लोगों ने किया दो दोस्तों पर हमला

**जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत ग्राम कुर्रे में पुरानी रंजिश पर एक ड्रायवर के उपर गांव के चार लोगों ने मिलकर हमला कर दिया. बताया गया है की पिछले दिनों चंडी मेला में डीजे बजाने के विवाद पर दोनों के बीच रंजिश चल रही थी. खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुर्रे निवासी ड्रायवर 20 वर्षीय अमित लोधी अपने दोस्त धीरज रजक के साथ गांव से सिहोरा जाने के लिये निकला, इसी दौरान ग्राम कुर्रे में खड़े सूरज पटेल, अभिषेक पटेल, गाली गलौच शुरु कर दी।

# माता गुजरी महाविद्यालय में हुआ पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन




जबलपुर।

माता गुजरी महिला महाविद्यालय में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापकों, छात्राओं सहित अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अभिभावकों को छात्राओं की दैनिक उपस्थिति आदि की चर्चा, उनके मैंटर से उनके टाइम टेबल से अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब द्वारा अभिभावकों को महाविद्यालय में संचालित योजनाओं जैसे स्वर्ण पदक, रिसर्च जनरल, स्किल डेवलपमेंट, सर्टिफिकेट कोर्सेज, रिमेडियल क्लासेस एवं रोजगार के बारे में बताया गया। इस मीटिंग के दौरान छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बहुआयामी विषयों के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के अन्य सपोर्ट सर्विसेज, विभिन्न क्लब जैसे साइंस क्लब, नेचर क्लब, ईएलसी क्लब, महिला प्रकोष्ठ आदि की जानकारी भी दी गई। छात्राओं को मोबाइल का उपयोग कम करने, क्लास में उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया गया एवं कॉलेज यूनिफॉर्म को पहनकर आना अनिवार्य बताया गया। पेरेंट्स टीचर संघ की इंचार्ज डॉ. माया शुक्ला ने अभिभावकों को मैंटर-मेंटी सेल एवं पेरेंट्स टीचर मीटिंग की महत्ता को सविस्तार से बताया। अभिभावकों के द्वारा फीडबैक फॉर्म भरवाया गया। छात्राओं को इंटर्नशिप के बारे में बताया गया। इस अवसर पर पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन के सदस्य डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. महेंद्र जैन, डॉ. सोनिया बग्गा, डॉ. श्याम शुक्ला, हरलीन कौर, श्रेया कुरिया एवं राकेश तिवारी का सहयोग रहा। इस मीटिंग में लगभग 350 अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं महाविद्यालय के लिए अपने विचार व्यक्त किये।



## अल्प आयु में अनमोल का जाना समाज की बड़ी क्षति : अभिलाष पांडे

### हजारों नम आंखों ने दी अनमोल जैन बिट्टी को श्रद्धांजलि

**जबलपु।** गत दिवस दिगंबर जैन धर्मशाला हनुमानताल जबलपुर में जैन समाज के मिलनसार युवा सेवा भावी कार्यकर्ता मृदुभाषी अनमोल जैन बिट्टी, पिता अंकुश जैन पुष्प साड़ीज की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कुंडा वाला परिवार द्वारा किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में जैन बंधुओं सहित जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर अनमोल जैन को भावांजलि अर्पित की और मात्र 44 वर्ष की अल्प आयु में उनका जाना सकल जैन समाज सहित संस्कारधानी की क्षति बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाज सेवी दीपक राज जैन ने देव- शास्त्र- गुरु भगवन्तों सहित श्रीगुरूमहाराज की आराधना कर वक्ताओं को आमंत्रित किया, जिसमें मध्य प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन, उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पांडे, व्यापारी प्रकोष्ठ कांग्रेस जबलपुर से अनुराग गढ़ावाल, संतोष कुमार जैन लोधीखेडा, अशोक वैभव छिंदवाड़ा, सतीश समैया सागर, सिद्धार्थ समैया कनाडा, ध.प्रे. विद्यासागर समैया मंत्री तारण तरण समाज जबलपुर, राजेश परासिया राजू भैया वात्सल्य ग्रुप, अंकित समैया युवा परिषद अध्यक्ष जबलपुर सहित अनमोल जैन की मित्र मंडली ने अपने प्रिय मित्र को पुष्पांजलि अर्पित कर एक अच्छे एवं सच्चे मित्र को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**श्रीमती वसुधा जोशी-** महावीर कॉलोनी सेठी नगर निवासी श्री सुरेश चंद्र जोशी (पानतलाई) की धर्मपत्नी तथा शरद, सुबोध व शलभ जोशी की मां श्रीमती वसुधा जोशी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री पुरुषोत्तम पटेल-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास पटेल मोहल्ला गौरीघाट रोड निवासी श्री लोकमन पटेल के पुत्र श्री पुरुषोत्तम पटेल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिया बाई रजक-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजू रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सिया बाई रजक (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अर्जुन देवी तिवारी-** एचआईजी 5, पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री गंगा सागर तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्जुन देवी तिवारी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री निखिन चौधरी-** बाबा टोला निवासी श्री सूरज चौधरी के पुत्र श्री निखिल चौधरी (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेंद्र सोनी-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री गुलाब सिंह सोनी के पुत्र श्री सुरेंद्र सोनी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजना श्रीवास-** ओम टोरिया कछियाना मोहल्ला लालमाटी निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना श्रीवास का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद नामदेव-** गली




नं. 15, सदर काली मंदिर के पास निवासी श्री जगदीश प्रसाद नामदेव (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शेखर राजपूत-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री शेखर राजपूत (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छाया श्रीवास्तव-** प्रेरस्टीज होम्स साउथ सिविल लाइन निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती छाया श्रीवास्तव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेनू राजपूत-** शीतलामाई निवासी श्री प्रदीप राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती रेनू राजपूत (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित-** यादव कॉलोनी निवासी श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार दुबे-** ब्यौहारबाग नेहरू वार्ड निवासी श्री अनिल कुमार दुबे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भोला प्रसाद पटेल-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री भोला प्रसाद पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा देवी कटारे-** सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री श्याम सुंदर कटारे की धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी कटारे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 10x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 10x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने दी जानकारी

# नए प्रतिबंधों के बीच भारत ने अक्टूबर में रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूसी कच्चे तेल के दूसरे सबसे बड़े खरीदार भारत ने रूसी इकाइयों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने से पहले अक्टूबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 2.5 अरब यूरो तक खर्च किए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान ने यह जानकारी दी। अक्टूबर में भारत का रूसी तेल की खरीद पर खर्च सितंबर के समान 2.5 अरब यूरो पर रहा।सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के अनुसार, अक्टूबर में चीन के बाद भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा। 22 अक्टूबर को, अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के वित्तपोषण के लिए क्रेमलिन के संसाधनों को कम करने के लिए रूस की दो सबसे बड़े तेल उत्पादक कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### रिलायंस, एचपीसीएल मित्तल एनर्जी व मैंगलोर रिफाइनरी ने आयात रोका

इन प्रतिबंधों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है। रूस ने अक्टूबर में छह करोड़ बैरल कच्चा तेल भेजा, जिसमें रोसनेफ्ट और लुकऑयल का कुल मिलाकर 4.5 करोड़ बैरल का योगदान था।

### कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत

*सीआरईए ने अपनी मासिक निगरानी रिपोर्ट में कहा, ''भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा, जिसने कुल 3.1 अरब यूरो का आयात किया। भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत (2.5 अरब यूरो) रहा, उसके बाद कोयले का 11 प्रतिशत (35.1 करोड़ यूरो) और तेल उत्पादों का सात प्रतिशत (22.2 करोड़ यूरो) रहा।''*

- भारत रूस से दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार
- प्रतिबंध से पहले अक्टूबर में रूस से तेल खरीदी पर 2 .5 यूरो खर्च
- रूसी तेल कंपनी रोसनेक्ट और लुकऑयल पर लगाया प्रतिबंध

### रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों पर प्रतिबंध नहीं

इसके विपरीत, अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया का आयात 140 प्रतिशत बढ़कर 9.3 करोड़ यूरो हो गया और अमेरिका का आयात भी 17 प्रतिशत बढ़कर 12.66 करोड़ यूरो हो गया। इन दोनों देशों ने अभी तक रूसी कच्चे तेल से बने तेल उत्पादों पर प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है।



### रोसनेफ्ट पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन का प्रतिबंध

इसमें कहा गया है कि एक उल्लेखनीय घटनाक्रम में, रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली वाडिनार रिफाइनरी (गुजरात में) - जिस पर अब यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने प्रतिबंध लगा दिया है - ने अक्टूबर में अपना उत्पादन 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। जुलाई में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद, रिफाइनरी केवल रूस से ही कच्चा तेल आयात कर रही है। अक्टूबर में, रूस से उनके आयात में मासिक आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से उनकी उच्चतम मात्रा थी।

### रिफाइनरी से निर्यात में गिरावट

रिफाइनरी से निर्यात में उल्लेखनीय गिरावट आई है (पिछले साल इसी महीने की तुलना में 47 प्रतिशत) और यह मई, 2023 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गया है, सीआरईए ने कहा, अक्टूबर में रूसी कच्चे तेल का उपयोग करने वाली छह भारतीय और तुर्की रिफाइनरियों से प्रतिबंधित देशों के आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की कमी आई।

### कच्चे तेल के आयात पर कुल 3.6 अरब यूरो खर्च

*सितंबर में, भारत ने कुल 3.6 अरब यूरो खर्च किए थे। इसमें कच्चे तेल पर 2.5 अरब यूरो, कोयले पर 45.2 करोड़ यूरो और तेल उत्पादों पर 34.4 करोड़ यूरो शामिल हैं। सीआरईए के अनुसार, अक्टूबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में माह-दर-माह आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जहां निजी रिफाइनरियों का आयात भारत के कुल आयात का दो-तिहाई से अधिक था, वहीं सरकारी स्वामित्व वाली रिफाइनरियों ने अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर अपने रूसी आयात की मात्रा लगभग दोगुनी कर दी।*

## कॉफी डे ग्लोबल का घाटा बढ़कर छह करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** कैफे कॉफी डे का संचालन करने वाली कॉफी डे ग्लोबल का घाटा सितंबर तिमाही के दौरान बढ़कर 6.18 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इसका शुद्ध राजस्व 5.6 प्रतिशत बढ़कर 274.18 करोड़ रुपये रहा।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1.निविदा क्र.:** एन-42-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सुधार कार्य के साथ : **(1)** RUB NM-2, NM-60 एवं NM-74 के कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग ई. उपलब्ध करना। **(2)** RUB-33, 36, 38 एवं RUB-275A का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग ई. उपलब्ध करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,57,57,708/- **बयाना राशि:** ₹ 3,28,800/-

**2.निविदा क्र.:** एन-43-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** **(1)** ADEN / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RUB GJ-180, GJ-188 एवं GJ-196 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध करने के साथ सुधार कार्य। **(2)** ADEN / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RUB NIR/J-216A एवं NIR/J-372 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध करने के साथ सुधार कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,25,12,374/- **बयाना राशि:** ₹ 3,12,600/-

**3.निविदा क्र:** एन-44-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सुधार कार्य के साथ : **(1)** RUB - 281, 279, 272, 267 एवं 265 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग ई. उपलब्ध करना। **(2)** RUB - 263, 260, 258 एवं 248 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग ई. उपलब्ध करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,68,81,378/- **बयाना राशि:** ₹ 3,34,400/-

**4.निविदा क्र.:** एन-45-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सुधार कार्य के साथ: **(1)** RUB-36, 28, 25, 23, 21, 19, 5 एवं 286 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग ई. उपलब्ध करना। **(2)** RUB - 217, 224 एवं 225 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग ई. उपलब्ध करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,68,65,175/- **बयाना राशि:** ₹ 3,34,300/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **03.12.2025** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व प्राप्त मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MS/38-177 **मंडल अभियंता (उत्तर), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## खबर संक्षेप

### जीएसटी सुधारों के बाद बीमा कारोबार में वृद्धि




**मुंबई।** बीमा नियामक इरडा के सदस्य दीपक सूद ने कहा कि 22 सितंबर को जीएसटी में हुए सुधारों के बाद बीमा व्यवसाय में काफी वृद्धि हुई है। सरकार ने जीएसटी को शून्य करके बीमा को दैनिक आवश्यकताओं के बराबर ला दिया है और अब उद्योग की जिम्मेदारी है कि बीमा प्रसार को व्यापक बनाए।

### भारत, ईएईयू ने व्यापार करार के मसौदे की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन आर्थिक आयोग ने वस्तुओं के क्षेत्र में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के मसौदे की समीक्षा की। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। इस वर्ष 20 अगस्त को भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए।

### डिश टीवी का घाटा बढ़कर 132.65 करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा प्रदाता कंपनी डिश टीवी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 132.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 37.38 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 27.41 प्रतिशत घटकर 291.13 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 395.62 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025- 26 की दूसरी तिमाही में कं. की कर पूर्व आय 31.8 करोड़ रुपये रही, जो सालाना आधार पर 77.9 प्रतिशत की गिरावट है।'

### सन टीवी के लाभ में 13.4 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** सन टीवी नेटवर्क्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 13.37 प्रतिशत घटकर 354.69 करोड़ रुपये रहा। सबसे बड़े प्रसारकों में से एक, सन टीवी नेटवर्क ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 409.45 करोड़ रुपये का कर-पश्चात मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी का परिचालन राजस्व सितंबर तिमाही में 38.9 प्रतिशत घटकर 1,299.87 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल की इसी तिमाही में 935.7 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में सन टीवी नेटवर्क्स का कुल खर्च 55.29 प्रतिशत बढ़कर 923.51 करोड़ रुपये रहा। सन टीवी नेटवर्क तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, हिंदी और मराठी में सैटेलाइट टेलीविजन चैनल संचालित करता है ।

## आधी भारतीय कंपनियां एआई पर निर्भर, लेकिन बजट अभी भी कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ईवाई-सीआईआई की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग आधी भारतीय कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सक्रिय रूप से तैनाती कर रही हैं। इनमें से 47 प्रतिशत ने बताया कि अब उत्पादन में कई तरह से जनरेटिव एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।

रिपोर्ट में पाया गया कि एआई की संभावनाओं में दृढ़ विश्वास के बावजूद इनमें निवेश का स्तर कम बना हुआ है। करीब 95 प्रतिशत कंपनियों का एआई और एमएल (मशीन लर्निंग) बजट, उनके कुल आईटी खर्च के 20 प्रतिशत से कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, ''लगभग आधे भारतीय उद्यमों (47 प्रतिशत) के पास अब जनरेटिव एआई (जेनएआई) के उपयोग के कई मामले मौजूद हैं, जबकि 23 प्रतिशत शुरुआती चरण में हैं।'भारतीय उद्योग एआई को अपने मुख्य व्यावसायिक कार्यक्रमों में शामिल करके मजबूत आत्मविश्वास दिखा रहे हैं। करीब 76 प्रतिशत उद्यमियों का मानना है कि जेनएआई का महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रभाव होगा, और 63 प्रतिशत इसका प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। आउटलुक 2026' 20 से अधिक उद्योगों में फैले 200 भारतीय संगठनों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इनमें सरकारी निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्टार्टअप, वैश्विक क्षमता केंद्र और बहुराष्ट्रीय निगमों की भारतीय शाखाएं शामिल हैं।

- ईवाई-सीआईआई ने जारी की रिपोर्ट
- 95 फीसदी कंपनियों का एआई व एमएल खर्च 20 फीसदी से कम

### ज्यादातर निवेश करने में सावधानी बरत रही

रिपोर्ट के मुताबिक 95 प्रतिशत से ज्यादा संगठन अपने आईटी बजट का 20 प्रतिशत से भी कम एआई पर खर्च करते हैं। इससे पता चलता है कि एआई की क्षमता में अत्यधिक भरोसे के बावजूद ज्यादातर कंपनियां इस पर निवेश करने में सावधानी बरत रही हैं।

## एनटीपीसी की परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं लगाने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- विभिन्न स्थानों पर 700,1000 व 1600 मेगावाट क्षमता की होगी
- कंपनी 2047 तक 100 गीगावाट क्षमता हासिल करना चाह रही

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर 700 मेगावाट, 1,000 मेगावाट और 1,600 मेगावाट क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनटीपीसी का लक्ष्य 2047 तक भारत की प्रस्तावित 100 गीगावाट परमाणु क्षमता में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी (30 गीगावाट) हासिल करना है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, एक गीगावाट क्षमता वाले परमाणु संयंत्र के लिए 15,000-20,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है और आमतौर पर इसकी शुरुआत से इसे चालू करने तक में तीन साल का समय लगता है।कंपनी की परमाणु विस्तार योजनाओं पर जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि एनटीपीसी वर्तमान में गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में भूमि विकल्पों का मूल्यांकन कर रही है। कंपनी की रणनीतिक योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, ''परमाणु परियोजनाओं की क्षमता क्रमशः 700 मेगावाट, 1,000 मेगावाट और 1,600 मेगावाट होगी। एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) द्वारा चिन्हित और अनुमोदित राज्यों में परमाणु ऊर्जा विकास कार्य जारी रखेगी। अधिकारी ने आगे कहा, ''एईआरबी स्थलों को मंजूरी देगा और एनटीपीसी उसी के अनुरूप परियोजनाओं को क्रियान्वित करेगी। कंपनी ने कच्चे माल के मोर्चे पर भी प्रयास शुरू कर दिए हैं और विदेशों में यूरेनियम परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की संभावना तलाश रही है।


**खंड - I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / 7850/ ई-टेंडरिंग / 2024-25 नरसिंहपुर, दिनांक 13-11-25

1. वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| | **समूह क्र. – 1** | |
| | **Iron Gate - (as per Specification)** Height - 6 feet, Lenth - 5 feet. X 5 feet. = 10 Feet, Colour - Green & Red | - 26 Nos. |
| | **समूह क्र. – 2** | |
| 1 | उपजाऊ काली मिट्टी प्रति घमी. | आवश्यकतानुसार |
| 2 | गोबर खाद प्रति घ.मी. (पकी हुई खोबर खाद) | |
| 3 | DAP प्रति कि.ग्रा. | |
| 4 | यूरिया प्रति कि.ग्रा. | |
| 5 | टोनअप हार्मोन्स प्रति लीटर | |
| 6 | क्लोरोफाइरिफॉस पाउडर प्रति कि.ग्रा. | |
| | **समूह क्र. – 3** | |
| 1 | Tiles 600x600 - 9.10 mm प्रति वर्ग फुट डबल चार्ज | आवश्यकतानुसार |
| 2 | Tiles 600x450 - 9.10 mm प्रति वर्ग फुट डबल चार्ज | |
| 3 | Tiles 450x450 - 9.10 mm प्रति वर्ग फुट डबल चार्ज | |
| 4 | Tiles 300x300 - 9.10 mm प्रति वर्ग फुट डबल चार्ज | |
| 5 | पेवर्स ब्लाक प्रति वर्ग फुट (पालिस्ड) 60 mm | |
| 6 | ग्रीन मार्बल प्रति वर्ग फुट | |
| 7 | ग्रेनाईट प्रति वर्ग फुट | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।2.इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/ कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 25-11-25 बजे 10:00AM से दिनांक 01-12-25 को 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन आवेदन कर सकते है ।3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी ।4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 01-12-2025 समय 12:00 PM को वनमंडल कार्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है ।निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है ।5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं ।6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://Mptenders.gov.in

G-21582/25 **वनमंडल अधिकारी, नरसिंहपुर**


## अमेरिकी बैंक से लेकर घरेलू आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा और भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ताओं में प्रगति आने वाले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुझानों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा, ''बाजार की दिशा कुछ बड़े आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जैसे भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका में बेरोजगारी दावों के आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमओसी) की बैठक का ब्योरा, और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं में प्रगति।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग, जबलपुर**

पत्र. क्र. 3082/निविदा/ग्रा.यां.से./2025 अम्बेडकर भवन के सामने हाईकोर्ट चौराहे के पास, जबलपुर जबलपुर, दिनांक 13.11.2025

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 05/2025-26**

कार्यालय अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | विकास खण्ड /स्थल | निविदत्त रू. राशि (रुपए में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस. ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES _462697 | शा.उ.मा. शाला रमखिरिया ग्राम पंचायत रमखिरिया में बायोलॉजी प्रयोगशाला निर्माण कार्य | सिहोरा | 1458000.00 | 29160 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 2 | 2025_RES _462698 | शा.उ.मा. शाला रमखिरिया ग्राम पंचायत रमखिरिया में रसायन शास्त्र प्रयोगशाला निर्माण कार्य | सिहोरा | 1514000.00 | 30280 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 3 | 2025_RES _462699 | शा.उ.मा. शाला रमखिरिया ग्राम पंचायत रमखिरिया में भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला निर्माण कार्य | सिहोरा | 1458000.00 | 29160 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 4 | 2025_RES _462700 | शा.उ.मा. शाला मढा परसवारा ग्राम पंचायत मढा परसवारा में भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला निर्माण कार्य | सिहोरा | 1458000.00 | 29160 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 5 | 2025_RES _462701 | शांतिधाम शेड निर्माण कार्य वार्ड नं 71 दलपतपुर | जबलपुर बरगी | 297000.00 | 5940 | 2000 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 6 | 2025_RES _462702 | रंगमंच निर्माण कार्य जसूजा सिटी फेस-2 पार्क के पास वार्ड नं 71 जबलपुर नगर निगम जबलपुर | जबलपुर बरगी | 424000.00 | 8480 | 2000 | 120 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 7 | 2025_RES _462703 | सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये भवन/ रंगमंच निर्माण कार्य भगत सिंह वार्ड नं 5 पनागर | पनागर | 1202501.00 | 24050 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 8 | 2025_RES _462704 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शिवाजी वार्ड बरझाई तिराहा जनपद पंचायत पनागर | पनागर | 857329.00 | 17147 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 9 | 2025_RES _462705 | शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुस्करा में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | सिहोरा | 1219000.00 | 24380 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 10 | 2025_RES _462706 | शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मझौली में 01 कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य | मझौली | 1217000.00 | 24340 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 11 | 2025_RES _462707 | डामरीकरण का कार्य मुख्य मार्ग ग्राम पंचायत तिघरा जबलपुर | जबलपुर केन्ट | 1478000.00 | 29560 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 12 | 2025_RES _462708 | राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक स्वच्छता परिसर अंतर्गत संस्कार स्वच्छता कैफे का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत घाट सिमरिया | सिहोरा | 941000.00 | 18820 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 13 | 2025_RES _462709 | राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक स्वच्छता परिसर अंतर्गत संस्कार स्वच्छता कैफे का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सहजपुर | शहपुरा | 941000.00 | 18820 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 14 | 2025_RES _462710 | राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक स्वच्छता परिसर अंतर्गत संस्कार स्वच्छता कैफे का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत कूडन | शहपुरा | 941000.00 | 18820 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 15 | 2025_RES _462711 | राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक स्वच्छता परिसर अंतर्गत संस्कार स्वच्छता कैफे का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत मगेला | जबलपुर बरगी | 941000.00 | 18820 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |

**नोट :- उपरोक्त सभी निर्माण कार्यों की समयावधि वर्षाकाल सहित है।** उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं ऑनलाईन प्रपत्र क्रय करने, बिड समर्मिशन, बिड क्लोजिंग व बिड ओपनिंग का विवरण निम्नानुसार है- 1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारम्भ तिथि-20.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से, 2. ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि-20.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से, 3. ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि-03.12.2025 को सांय 06:00 बजे तक, 4. ऑनलाईन बिड खोले जाने की तिथि-05.12.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक। निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा ।

**(सुमित शुक्ला) कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग, जबलपुर, दूरभाष नं. - 0761-2625268,मो.नं.-9131414293**

G-21573/25



**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**

कार्यालय पता तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर दूरभाष 0761 (2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक / 1205 / निविदा / ग्रायांसेवा / 2025 **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 12/2025-26** जबलपुर, दिनांक-14/11/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी. ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए.सी. की राशि रुपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल *http://mptenders.gov.in* पर देखी जा सकती है ।(निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियाँ ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी ।) विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में) | अमानत राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | जबलपुर | 2025_RES _462793_1 | महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान भाग-2 करमेता में स्टोन मेसनरी बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | जबलपुर | 9302432.00 | 93100.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-
1 Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date - 19.11.2025 (11:00AM)
2 Technical Bid Submision End Date - 28.11.2025 (06:00PM)
3 Bid Opening Date - 01.12.2025 (11:00AM)

G-21562/25 **अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर**



**कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य जिला (.प्र.म) उमरिया**

दूरभाष - 07653-223124 E-mail - actw.umr@mp.gov.in

**क्रमांक /निर्माण/ ई-निविदा/2025-26/9722** **ऑनलाईन ई-निविदा प्रथम आमंत्रण** **उमरिया दिनांक: 13-11-25**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से प्रतिशत दर पर मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीयकृत सक्षम ठेकेदारों में अंकित निर्माण कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग की प्रचलित दर अनुसूची ( भवन कार्य हेतु) जो लोक निर्माण विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा जारी तथा विद्युतीकरण कार्यो हेतु प्रचलित दर अनुसूची लोक निर्माण विभाग (विद्युत प्रभाग) म.प्र. द्वारा जारी एवं दिनांक 01/01/2024 एवं रोड़ कार्य हेतु प्रचलित दर अनुसूची जो दिनांक 11/04/2025 से प्रभावशील (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधित सहित पर निम्नानुसार कार्यो हेतु ऑन-लाइन निविदा वर्ष 2025-26 के लिये आमंत्रित की जाती है ।निविदा का विस्तृत विवरण ऑनलाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

अत: ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 27/11/2025 कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा का शेड्युल (Key Date) ई - निविदा के पोर्टल पर देखा जा सकता है।

**1. ऑन लाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि-27.11.2025**
**2. ऑन लाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि-27.11.2025**
**3. ऑन लाईन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि-02.12.2025**

| क्र. | NIT No. | Online Tender NIT No. | कार्य का नाम | निविदा कार्य की लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि | कार्य पूण करने की अवधि | पंजीयन श्रेणी की |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9536 दिनांक 31.10.2025 | TWD/TENDER.No. 2025_TAD _460931_1 | विकास खण्ड पाली अन्तर्गत वितीय वर्ष 2025-26 में 275(1) धारती आबा मदान्तर्गत उत्कृष्ट कन्या छात्रावास पाली, सीनियर कन्या छात्रावास पाली, कन्या आश्रम महरोई में अधीक्षक आवासगृह निर्माण (प्रति भवन की लागत राशि रू. 19.14 लाख) स्वीकृत | 57.42 (सतावन लाख बयालीस हजार) | 0.10 (दस हजार) | 0.58 (अठावन हजार) | 05 माह | लो.नि.वि. मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 9536 दिनांक 31.10.2025 | TWD/TENDER.No. 2025_TAD _460932_1 | विकास खण्ड करकेली में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 275(1) धारती आबा मदान्तर्गत महाविद्यालयीन जनजातीय कन्या छात्रावास उमरिया, महाविद्यालयीन जनजातीय कन्या छात्रावास चंदिया,जूनियर जनजातीय कन्या छात्रावास कल्दा,सीनियर कन्या छात्रावास घुल-घुली में अधीक्षक आवासगृह निर्माण (प्रति भवन की लागत राशि रू. 19.14 लाख)स्वीकृत | 76.56 (छिहत्तर लाख छप्पन हजार) | 0.10 (दस हजार) | 0.77 (सतहत्तर हजार) | 05 माह | लो.नि.वि. मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | 9536 दिनांक 31.10.2025 | TWD/TENDER.No. 2025_TAD _460933_1 | विकास खण्ड मानपुर अन्तर्गत वितीय वर्ष 2025-26 में 275 (1) धारती आबा मदान्तर्गत सीनियर जनजातीय कन्या छात्रावास भरेवा अधीक्षक आवासगृह निर्माण (प्रति भवन की लागत राशि रू. 19.14 लाख) स्वीकृत | 19.14 (उन्नीस लाख चौदह हजार) | 0.02 (दो हजार) | 0.39 (उनतीस हजार) | 05 माह | लो.नि.वि. मे पंजीकृत ठेकेदार |

**ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइड** http://www.mptenders.gov.in **पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।**

G-21546/25 "स्वच्छता ही सेवा" **सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य उमरिया, जिला-उमरिया (म.प्र.)**

## चिंतन

# करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह क्यों बढ़ी

बिहार चुनाव में करारी हार के बाद लालू यादव के परिवार की कलह घर से सड़क पर आ गई है। टकराव इतना बढ़ा कि लालू यादव को अपनी किड़नी देने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए। रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी दिल्ली रवाना हो गई है। ये तीनों बहनें अपने परिवार और बच्चों के साथ चली गई हैं। अब राबड़ी आवास खाली हो गया है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप चुनाव से पहले ही तेजस्वी से अलग हो गए थे। हालांकि उन्होंने अपनी पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन खास सफलता नहीं मिल पाई। अब रविवार सुबह रोहिणी ने एक इमोशनल पोस्ट कर कहा कि मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बनाया गया। मैंने रोते-रोते घर छोड़ा है। मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई। मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। आप सब मेरे रास्ते कभी न चलें, किसी घर में मेरे जैसी बेटी-बहन न हो। इस पोस्ट के बाद रोहिणी ने लालू को किडनी देने वाले फोटो-वीडियोज को फेसबुक पर पिन भी किया। उनके शब्दों से साफ है कि हालात बहुत ज्यादा बिगड़ चुके हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी सियासी परिवार में टकराव हुआ हो। यूपी में 2016 के आखिर में भतीजे अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल यादव को 'साइकिल' से उतारकर पैदल कर दिया था। मुलायम कुनबे में सियासी कलह के चलते अखिलेश को 2017 के चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ा था और सपा सत्ता में फिर वापसी नहीं कर सकी। लालू परिवार में जंग से पहले केसीआर के नाम से चर्चित के. चंद्रशेखर राव की पार्टी में कलह खुलकर सामने आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी कविता को भाइयों के खिलाफ आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। पार्टी से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। महाराष्ट्र में बाला साहेब ठाकरे के वारिसों राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे का टकराव भी सबके सामने है। शिवसेना की विरासत को लेकर मतभेद ने उन्हें अलग रास्तों पर ला खड़ा किया। 2006 में उद्धव को कमान सौंपने से खफा होकर राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली। शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सत्ता संघर्ष के कारण पार्टी दोफाड़ हो गई। अजित पवार महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए। रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद उनके बेटे चिराग पासवान और भाई पशुपति कुमार पारस के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर संघर्ष किसी से छिपा नहीं है। हरियाणा में देवीलाल की विरासत की जंग में परिवार बिखर गया। बाद में उनके बेटे ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अभय चौटाला और अजय चौटाला के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर खूब कलह हुई। अजय चौटाला ने जजपा का गठन करके भाजपा के साथ सरकार चलाई और भी कितने ही परिवार हैं, जिनमें सत्ता को लेकर टकराव रहा। लालू यादव परिवार की जंग में कुछ अलग नहीं है। हां, हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में हार के बाद ऐसी कलह दर्द को और भी बढ़ाने वाली जरूर है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब अर्थव्यवस्था की ताकत सेवा क्षेत्र

सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलती दिखाई देगी।

हाल ही में प्रकाशित नीति आयोग की सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सेवा क्षेत्र का योगदान 55 फीसदी से अधिक है और लगभग 18.8 करोड़ लोगों या देश के कार्यबल के लगभग 30 फीसदी को रोजगार देता है। रिपोर्ट दर्शाती है कि सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है।

गौरतलब है कि देश में बढ़ता हुआ सेवा क्षेत्र बढ़ते हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) का आधार है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात बन गया है। इनसे न केवल विदेश व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद मिल रही है बल्कि इन्नसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा मिल रहा है। इस समय भारत सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की ऐतिहासिक ऊंचाई हासिल करते हुए वैश्विक सेवा निर्यात का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच भारत का सेवा निर्यात 193.18 अरब डॉलर के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। उम्मीद है कि यह इस चालू वित्त वर्ष के अंत तक 475 अरब डॉलर की रिकॉर्ड नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवा निर्यात 387.5 अरब डॉलर का ही रहा था। वर्ष 2013-14 में सेवा निर्यात का आकार महज 152 अरब डॉलर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक भारत ने वैश्विक सेवा निर्यात में 4.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अब दुनिया में सातवां स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि मुख्य रूप से टेलीकॉम, आईटी और बिजनेस सेवाओं की बदौलत संभव हो पाई है। ये क्षेत्र देश के कुल सेवा निर्यात का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रखते हैं। इनके साथ-साथ भारत सांस्कृतिक और मनोरंजन सेवा निर्यात में भी आगे हैं। सेवा निर्यात की मौजूदा प्रगति देश में हो रहे सेवा क्षेत्रों में संरचनात्मक सुधारों, तकनीकी विकास और नई पीढ़ी की उच्च कौशल युक्त क्षमताओं के लाभों का परिणाम भी है। गौरतलब है कि सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर अमूर्त सेवाएं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, एआई आदि से संबंधित सेवाओं का निर्यात शामिल है। खासतौर से भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। नैसकॉम और जिनोव की और से जारी इंडिया जीसीसी, लैडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1800 से अधिक जीसीसी हैं जिनसे 21 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। दुनिया के करीब 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के



जीसीसी का योगदान 1.5 प्रतिशत से अधिक है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर या जीसीसी जॉब मार्केट में नया चलन है। जीसीसी प्रमुख रूप से आईटी सपोर्ट, कस्टमर सर्विस, फाइनेंस, एचआर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत में एआई इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। ऐसे में भारत को सेवा क्षेत्र को मजबूत करते हुए सेवा निर्यात को तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अभी भी भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दर्शाता है। देश में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। जबकि देश के अधिकांश राज्य अभी भी सेवा क्षेत्र में तुलनात्मक रूप में पीछे बने हुए हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश अपने संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और अर्थव्यवस्था के औपचारिक और शहरीकृत होने के साथ-साथ अभी भी सेवा क्षेत्र में और भी ज्यादा कर्मचारियों को शामिल करने की क्षमता है। सेवा क्षेत्र में लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष के अंतर पर भी ध्यान देना जरूरी है। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। भारत को अपने सेवा निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके सेवा निर्यात की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाना होंगे। अब हमें नई पीढ़ी को सेवा निर्यात की नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था करना होगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कार्मिकों को संबंधित देशों की भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर निवेश किया जाना होगा, ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके। जहां सेवा निर्यात क्षेत्र के उपक्रमों को संगठित स्वरूप प्रदान करना और गिग कर्मियों तथा छोटे एवं मझोले उपक्रमों से जुड़े लोगों का संरक्षण आवश्यक है, वहीं, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों के डिजिटल कौशल में निवेश, तकनीक और हरित कौशल को प्रशिक्षण और छोटे एवं मझोले शहरों को नए सेवा क्षेत्र केंद्रों के रूप में विकसित करने के मद्देनजर अहम कदम जरूरी हैं। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। हमें देश के कोने-कोने में विशेषतया ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में सेवा निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर एआई स्किल्स से जुड़ी प्रोग्रामिक भाषाएं प्रमुख रूप से पायथन, जावा, सी प्लस प्लस, आर और जूलिया में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के कई गुना प्रयास करने होंगे। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और इससे देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलते हुए दिखाई दे सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पड़ोस
प्रो. आरके जैन



# संवैधानिक संशोधन या सैन्य क्रांति की शुरुआत

पाकिस्तान की संसद ने ऐसा संवैधानिक संशोधन पारित कर दिया है, जिसने देश की सैन्य शक्ति-संरचना और न्यायिक संतुलन को लगभग पूरी तरह नया अर्थ दे दिया है। अनुच्छेद 243 में संशोधन कर 27 नवंबर 2025 से चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी का पद समाप्त कर सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनिर को 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' का सर्वोच्च पद सौंपा गया, जो थल, जल और वायु-तीनों सेनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखेगा। मुनिर को आजीवन फील्ड मार्शल (पांच सितारा) रैंक, सम्मान और विशेषाधिकार के साथ-साथ अनुच्छेद 248 के तहत राष्ट्रपति जैसी कानूनी छूट दी गई है, जिसके तहत कोई अदालत, पद पर हों या सेवानिवृत्त, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती। इन विशेषाधिकारों को हटाने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। एक ऐसी बाधा, जो मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में लगभग अजेय है। मुनिर का कार्यकाल 2030 तक बढ़ाकर इस संशोधन ने सैन्य प्रभुत्व को संवैधानिक ढाल प्रदान कर दी है। पाकिस्तान की संसद ने 27वें संवैधानिक संशोधन को ऐसी तीव्र गति से पारित किया कि विपक्ष को विचार-विमर्श का कोई अवसर ही नहीं मिला। 11 नवंबर 2025 को ऊपरी सदन (सिनेट) में यह बिल 64-0 के एकतरफा मत से स्वीकृत हुआ, जबकि निचले सदन (नेशनल असेंबली) में महज चार सांसदों ने इसका विरोध किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों ने बिल की प्रतियां फाड़कर और वॉकआउट करके विरोध जताया, किंतु यह प्रयास केवल प्रतीकात्मक रह गया। इस संशोधन का सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू न्यायपालिका पर इसका सीधा हमला है। संविधान के अनुच्छेद 243 में संशोधन कर एक नई 'फेडरल कांस्टीट्यूशनल कोर्ट' (एफसीसी) की स्थापना की गई है, जो सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर होगी और संवैधानिक मामलों पर सर्वोच्च अधिकार रखेगी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अदालत के जजों की नियुक्ति प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति करेंगे, वह भी बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया, किसी सुनवाई, किसी स्वतंत्र आयोग, कुछ भी नहीं। संवैधानिक विवाद, संघ और प्रांतों के झगड़े, कानूनों की वैधता, और सलाहकारी राय, सब कुछ अब एफसीसी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट को एक "अपीलीय अदालत" जितना सीमित कर दिया गया है। जहां वह केवल नागरिक और आपराधिक मामलों की समीक्षा भर कर सकेगी। इसके अलावा, एफसीसी को उच्च राजद्रोह के मामलों को मान्य करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आलोचकों की नज़र में यह स्पष्ट संकेत है कि सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जवाबदेही के रास्ते को व्यवस्थित रूप से बंद किया जा रहा है—ताकि सत्ता के असली धागे जिन हाथों में हैं, वे हाथ कभी कटघरे में न खड़े हों। संवैधानिक विशेषज्ञों ने इसे न्यायिक मौतर और रसैन्य सर्वोच्चतार कहा है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान (एचआरसीपी) ने तो इसे साफ-साफ "लोकतंत्र का अंतिम संस्कार" घोषित किया है। यह संशोधन सिर्फ एक कानूनी परिवर्तन नहीं; यह पाकिस्तान के लोकतांत्रिक ढांचे की जड़ों में डाली गई दरार है, जिसकी गूंज आने वाले वर्षों में और भी गहरी सुनाई देगी। पाकिस्तान का इतिहास सत्ता पर सैन्य छायाओं से इतना घिरा रहा है कि लोकतंत्र वहां हमेशा एक अधखुली खिड़की की तरह रहा, कभी खुलने की कोशिश करता, तो कभी किसी ताकतवर हाथ द्वारा फिर से बंद कर दिया जाता। 1947 की आज़ादी से लेकर आज तक के लगभग 78 वर्षों में से आधे से भी अधिक समय देश सीधे सैन्य शासन के पंजों में रहा। अयूब ख़ान, याह्या ख़ान, ज़िया-उल-हक़ और परवेज़ मुशर्रफ़, इन जनरलों की दास्तानें पाकिस्तान की सत्ता-कहानियों में किसी अध्याय की तरह नहीं, बल्कि पूरी किताबों की तरह फैली हुई हैं। सरकार का तर्क है कि अनुच्छेद 243 में बदलाव केवल "प्रक्रियागत स्पष्टता" और "प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन" के लिए हैं, और सेना प्रमुख को एक "राष्ट्रीय नायक" की उपाधि मिलनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर अमेरिका और यूरोपीय संघ को इसकी निंदा करनी चाहिए, क्योंकि यह न केवल पाकिस्तानी नागरिकों के अधिकारों को कुचलता है बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत के लिए, यह एक चेतावनी है, पड़ोसी की राजनीतिक गिरावट कभी सुरक्षा की गारंटी नहीं होती। मजबूत सीमाएं, कूटनीतिक सतर्कता और आर्थिक एकीकरण ही सच्चा रास्ता है। पाकिस्तान के लोग, जो लोकतंत्र की आशा में सड़कों पर उतरते रहे हैं, अब एक नए संघर्ष के दहलीज़ पर खड़े हैं, एक ऐसा संघर्ष जहां उनकी आवाज दबाने के लिए संविधान ही हथियार बन गया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

## शांति चाहते हैं तो ईमानदारी से करें काम



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## सटाका




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया पहली बार वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

–विनोद कुमार साहू, रायपुर

## ट्रेंड

### उद्यम की भावना



आज बिहार में हर तरफ विकास की ललक साफ नजर आती है। मैंने कई अवसरों पर यह महसूस किया है कि यहां के मेरे भाई-बहनों में उद्यम की भावना काफी प्रबल है, जिससे पता चलता है कि बिहार के लोग क्यों दुनियाभर में छाए हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गुमनाम नायक



हमारी सरकार ने उन गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है, जिनके योगदान ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके बलिदान और संघर्ष का स्मरण और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश में पासी समाज के वीरों, वीरांगनाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### परिणाम की समीक्षा करेंगे



बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### मजबूत नींव



आज जब हम नई सड़कें बना रहे हैं, स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बना रहे हैं तो यह सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव खड़ी हो रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# मेक्सिको सिटी में 'जेन जेड' के विरोध ने पकड़ा जोर

मेक्सिको में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जेनरेशन जेड' द्वारा आहूत प्रदर्शन के समर्थन में शनिवार को यहां हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। इस विरोध प्रदर्शन का विपक्षी दलों के विभिन्न आयुवर्ग के लोगों ने भी समर्थन किया प्रदर्शन में कुछ युवाओं की पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, पटाखों, लाठियों एवं जंजीरों से हमला किया और पुलिस की ढालें एवं अन्य उपकरण छीन लिए। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि 120 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। इस संबंध में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



1990 के दशक के अंत और 2010 के प्रारंभ के बीच जन्मे लोगों ने इस वर्ष कई देशों में असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन किए हैं। नेपाल में हाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद सितंबर में सबसे बड़ा 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन हुआ था जिसके कारण उस देश के प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। मेक्सिको में कई युवाओं का कहना है कि वे भ्रष्टाचार और हिंसक अपराधों के लिए दंड से मुक्ति जैसी प्रणालीगत समस्याओं से निराश हैं। युवाओं द्वारा आहूत इस प्रदर्शन में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए।

## ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं।



लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची : लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मैहर माँ शारदा मंदिर से चांदी का छत्र और सोने की नथ गायब; मंदिर समिति की छवि हुई धूमिल

# मंदिर के प्रभारी और पुजारी से जवाब तलब

मैहर।

आस्था के केंद्र और देशभर के करोड़ों भक्तों की श्रद्धा स्थल माँ शारदा देवी मंदिर,मैहर,की पवित्रता पर एक अत्यंत गंभीर आरोप ने गहरा दाग लगा दिया है। मंदिर समिति के आंतरिक दस्तावेज़ों से खुलासा हुआ है कि दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को एक श्रद्धालु द्वारा माता रानी को अर्पित किए गए बहुमूल्य आभूषण और चांदी का छत्र मंदिर समिति के कोष में जमा ही नहीं हुए। इस घटना ने न सिर्फ दानदाता की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है,बल्कि मंदिर प्रबंध समिति की गरिमा और छवि को भी धूमिल कर दिया है।

### लाखों का चढ़ावा,शून्य प्राप्ति संदेह के घेरे में मंदिर स्टाफ

पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब कार्यालय माँ शारदा देवी मंदिर समिति ने कलेक्टर/प्रशासक को 22 अक्टूबर 2025 को दूरभाष पर इसकी सूचना दी,जिसके बाद प्रथमदृष्टया जांच कराई गई।

### जांच में हुई पुष्टि

22 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 02:55 बजे सफेद प्लास्टिक के बैग में चांदी का छत्र (वजन 02 किग्रा),चांदी का मुकुट,और सोने की नथ दानदाता द्वारा माता रानी को अर्पित किए गए थे।यह बहुमूल्य चढ़ावा मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हुआ। प्रशासक,माँ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति,जिला मैहर द्वारा 30अक्टूबर 2025 को जारी किए गए एक कड़े आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की घटना से यह आशंका बलवती होती है कि श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता रानी को दान किए जा रहे आभूषण,सोना-चांदी,वस्त्र और श्रृंगार सामग्री जैसे अन्य चढ़ावे भी मंदिर समिति को प्राप्त नहीं हो रहे हैं।





### 72 घंटे का अल्टीमेटम: कार्रवाई की तैयारी

मंदिर समिति ने इस गंभीर अनियमितता के संबंध में तत्काल उत्तर मांगा है और संबंधित पक्षों को तीन दिवस(72 घंटे) के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासक ने चेतावनी दी है कि जवाब प्राप्त न होने या आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक न होने की स्थिति में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी।इस आदेश ने मंदिर परिसर में हड़कंप मचा दिया है। भक्तों के बीच यह चर्चा गर्म है कि क्या मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है,या फिर यह मंदिर के भीतर बैठे कुछ लोगों की सुनियोजित साज़िश है। लाखों भक्तों की आस्था और दान की सुरक्षा अब प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।

### इनका कहना है-

मंदिर के प्रभारी और पुजारी से जवाब मांगा गया था। जवाब प्राप्त हो गए हैं। पूरी रिपोर्ट अध्यक्ष महोदय के सामने रखी जाएगी। उसके बाद जो आदेश मिलेंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**दिव्या पटेल**
**एसडीएम,मैहर।**

## निगहरा ग्राम में दोहरी हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया राज फाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम निगहरा में हुई दोहरी अंधी हत्या का बड़वारा पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि मृतक दंपत्ति की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उनके ही बेटे ने की थी। रिपोर्टकर्ता रघुनाथ श्रीवास ने रिपोर्ट लेख कराया कि मैने अपने खेत की देखरेख करवाने के लिए लल्लूराम कुशवाहा निवासी ग्राम बिजौरी वाले को एक साल पहले खेत की तकवारी करने के लिए अपने खेत मे बनी झोपडी मे रहने को दिया हूँ। लल्लू राम कुशवाहा एवं पत्नी प्रभा बाई कुशवाहा के साथ खेत मे रह कर खेती किसानी एवं देख रेख करता था। 15/11/25 के प्रातः करीब 9 बजे लल्लूराम का लडका अभिषेक कुशवाहा ने मुझे गाँव मे आकर बताया कि पिता लल्लूराम कुशवाहा एवं माँ प्रभा बाई कुशवाहा को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मार कर दोनो की हत्या कर दी है। मै तुरन्त अभिषेक के साथ अपने खेत में बनी झोपडी के अन्दर देखा तो झोपडी के अन्दर बिस्तर पर लल्लूराम कुशवाहा एवं उसकी पत्नी प्रभा बाई कुशवाहा की लाश पडी है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बड़वारा में अपराध धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## नशीली कैप्सूल और आनरेक्स सिरप के गोरखधंधे में दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** थाना जैतवारा पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर बड़ी कार्रवाई की है।उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय,थाना प्रभारी जैतवारा,और उनकी टीम ने अपराध पतारसी के दौरान मिली मुखबिर सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपी निकिल सिंह पिता शिवकुमार सिंह,उम्र 28 वर्ष,निवासी ग्राम चंद,थाना कोटर,जिला सतना के कब्जे से 104 नग अवैध नशीली कैप्सूल और 12 नग अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप जब्त की गई। साथ ही,अवैध परिवहन में उपयोग की जा रही अर्टिगा कार क्र. **MP19ZP**6983 भी जब्त की गई।आरोपी सतेन्द्र चौधरी पिता सुंदरलाल चौधरी,उम्र 26 वर्ष,निवासी चिल्ला,थाना जैतवारा,जिला सतना के कब्जे से 10 नग अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप जब्त की गई।इस मामले में थाना जैतवारा में अपराध संख्या धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया है।

# सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी ले उड़े चोर

**सिवनी जिले के छपारा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान से लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य घरेलू सामान चुरा लिए। सूचना मिलने पर छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जानकारी के अनुसार, चंदेनी गांव निवासी राजकुमार भारद्वाज अपनी पत्नी के साथ आदेगांव के पास सुहागपुर स्थित अपने गांव खेती-बाड़ी के काम से गए हुए थे। उनका मकान सूना था और



उस पर ताला लगा हुआ था। सुबह पड़ोसियों ने देखा कि उनके मकान के गेट का ताला टूटा हुआ है, जिसके बाद उन्होंने राजकुमार को सूचना दी। घर लौटने पर राजकुमार ने देखा कि उनके मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पलंग पर रखा एक गद्दा और चादर भी गायब थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर में रखे करीब 2 लाख 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और लगभग 45 हजार रुपए नकद चुरा ले गए थे।टीआई बोले- घर पर ताला लगाकर बाहर जाएं तो सूचित करें राजकुमार भारद्वाज ने तत्काल छपारा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि सूने मकान में चोरी की घटना की सूचना मिली थी और फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि यदि वे अपने मकान में ताला लगाकर कहीं बाहर जाते हैं और उसमें कोई कीमती जेवर या नकदी रखी है, तो उसे किसी विश्वसनीय व्यक्ति के पास रखवा दें या अपने साथ ले जाएं। ऐसा करने से सूने मकानों की रेकी करने वाले चोर उन्हें निशाना नहीं बना पाएंगे और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

# पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को ब्लैक पैंथर दिखा

**सिवनी।** जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को ब्लैक पैंथर दिखा। शनिवार को सफारी के दौरान यह पैंथर जंगल में नजर आया, जिसे देखकर पर्यटक उत्साहित हो गए और उन्होंने इस पल को अपने कैमरे में कैद कर लिया। इस घटना का वीडियो रविवार को सामने आया है। ब्लैक पैंथर अचानक सफारी वाहन के पास से जंगल के अंदर जाते हुए देखा गया। इसके बाद वह झाड़ियों के बीच भी नजर आया। यह दुर्लभ नजारा पेंच टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में देखा गया।

ब्लैक पैंथर का दिखना काफी दुर्लभ माना जाता है, क्योंकि यह बहुत कम लोगों को दिखाई देता है। इसे प्रसिद्ध कहानी द जंगल बुक' के मुख्य किरदार मोगली के दोस्तों में से एक के रूप में भी जाना जाता है।पेंच नेशनल पार्क बाघ, तेंदुआ, भेड़िया और जंगली बिल्ली जैसे शिकारी जानवरों का निवास स्थान है। इसके अतिरिक्त, यहां चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर, नीलगाय और चार सींगों वाला मृग जैसे कई शाकाहारी जानवर भी पाए जाते हैं। पार्क में मोर सहित पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियां मौजूद हैं। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पेंच राष्ट्रीय उद्यान आते हैं, जहां उन्हें बाघ सहित विभिन्न वन्यप्राणियों को देखने का अवसर मिलता है।



# 10 दिनों से ताण्डव कर रहा हाथी, प्रभावितों को दोहरी मार

### 10 दिनों मे 15 से ज्यादा किसानों की फसलों को कर चुका नुकसान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 10 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा पारकर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में आए एक नर हाथी निरंतर दिन के समय चोलना एवं धनगवां के जंगल में ठहरने बाद शाम एवं रात होते ही जंगल से लगे ग्रामीणों के खेतों में लगे एवं काट कर रखें गये धान की फसलों को खाते हुए देर रात अचानक ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ कर रहा है, वही वन विभाग दायित्वों के निर्वहन मे ही व्यस्त है। हाथी के द्वारा किए जा रहे निरंतर नुकसान से ग्रामीण परेशान एवं भयभीत है। विदित है कि 5 नवंबर की रात एक दांत वाला नर हाथी एक बार फिर दो माह बाद छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत चोलना में प्रवेश कर दिन के समय चोलना एवं धनगवां बीट के घनघोर जंगल में दिन के समय विश्राम करने बाद शाम होते ही आहार की तलाश में जंगल से निकल कर जंगल से लगे ग्राम पंचायत पड़रिया एवं कुकुरगोंडा के मंटोलियाटोला, सारिस्ताल, सरईहा, चोई गांव के भलुवानघर टोला के साथ गांव के विभिन्न टोला, मोहल्ला में पहुंचकर किसानों के खेतों में लगी एवं काट कर रखी गई धान की फसल को अपना आहार बना रहा है हाथी के द्वारा 10 दिनों के मध्य 15 से ज्यादा किसानों की फसलों का नुकसान किया जिसमें कुकुरगोड़ा पंचायत के मंटोलिया टोला, सारिस्ताल, सरईहा टोला में महालाल सिंह पिता हीरा सिंह, जगत सिंह पिता छोटेलाल सिंह, महगू पिता हीरालाल सिंह, रमेश सिंह, अंबिका सिंह, पटेल पिता छोटे सिंह, मग्घू पिता धन सिंह, अमर सिंह, अमोल सिंह ग्राम चोई के भलुवानघर टोला एवं अन्य टोला मोहल्ला के छग्गू पिता भागीरथी सिंह, चला बाई पति अर्जुन सिंह, सीताराम राठौर, सुशील राठौर, पूरन राठौर, छग्गू सिंह, प्रेमसाय राठौर, डेमन सिंह, मेघनंद पिता रामा, अमृतिया पति कुंदन, बाबूलाल पिता भोला, मग्गू पिता धन सिंह एवं अन्य की फसलों को खाने के साथ चोई के भलुवानघर टोला निवासी छग्गू पिता भागीरथी सिंह के खेत में लगे बोर बेल मशीन एवं पाइपों को निरंतर दो बार तोड़फोड़ कर नष्ट किया तथा कुकुरगोड़ा के मंटोलियाटोला निवासी बालकराम कोल का घर में दो बार तोड़फोड़ किया छग्गू सिंह के घर में दो स्थानों पर दीवाल थोड़ा गुरुवार की रात चोई के भलुवानघर टोला में बुद्धू पिता मैकू अगरिया एवं संतोष पिता सीताशरण कोल के घर को अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे सामग्री को खाकर नुकसान किया है। गुरुवार की साम यह हाथी छग्गू सिंह के खेत में काट कर रखी गई एवं खेत में लगी धान की फसल को लगभग 4 घंटे तक खाते हुए रात में जंगल चला गया जिसके बाद ग्रामीण एवं वनविभाग का गश्तीदल भलुवानघर टोला में बुद्धू अगरिया के घर के पास निगरानी करते रहे तभी अचानक यह हाथी चुपचाप जंगल से दूसरी दिशा से निकल कर बुद्धू अगरिया के घर पहुंच कर अचानक तोड़फोड़ करने लगा जिसकी आहट मिलने पर सभी अपनी जान बचाकर इधर-उधर भाग गए, ग्रामीणों द्वारा हाथी के निरंतर विचरण करते हुए फसलो एवं घरों का नुकसान किए जाने से परेशान एवं भयभीत हैं जो रात-रात भर परिवार सहित जाग कर रात बिताने को मजबूर हो रहे हैं वही ग्रामीणों में पहले भी आए हाथियों द्वारा किए गए फसल एवं घरों के नुकसान का उचित मुआवजा राजस्व विभाग से नहीं मिलने से नाराज है जिसका खामियाजा हाथी गस्ती दल मे लगे वनविभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ता है। हाथी के टोला, मोहल्ला में घुसने से रोकने के लिए ग्रामीण वनविभाग की टीम के साथ रात भर निगरानी कर रही है लेकिन यह हाथी रात भर विचरण कर अपना पेट भर कर सुबह होने पर वापस पास के ही जंगल में जाकर ठहर जाता है।

गुरुवार की देर रात अनूपपुर के प्रभारी एसडीओ वन लाल सुधाकर सिंह ने वनविभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ हाथी विचरण क्षेत्र का भमण कर ग्रामीणों से बातचीत कर ग्रामीणों को हाथी से दूर रहने एवं नुकसानी का शीघ्र ही मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

## शिक्षा कर्मियों की सेवा अवधि 1998 से होगी मान्य : उच्च न्यायालय

**घंसौर ।** शिक्षाकर्मियों के लिए जबलपुर उच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला बड़ी राहत लेकर आया है। न्यायालय ने शिक्षाकर्मियों की सेवा अवधि को प्रारंभिक नियुक्ति तिथि 1998 से ही मान्य करने का महत्वपूर्ण निर्णय दिया है, जिससे आर्थिक लाभ का रास्ता भी साफ हो गया है। यह फैसला डब्ल्यू.पी. क्रमांक 26857/2025 संजय कुमार श्रीवास्तव, आलोक गुप्ता एवं अन्य बनाम मध्यप्रदेश राज्य में 11 नवंबर 2025 को न्यायाधीश मनिंदर एस. भट्टी द्वारा पारित किया गया।शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि न्यायालय ने शिक्षाकर्मियों को 1 जनवरी 2006 से छठा वेतनमान 6' ब्याज सहित प्रदान करने का निर्देश दिया है। याचिका में यह स्पष्ट किया गया कि यद्यपि 2010 में प्रथम क्रमोन्नति देते समय सेवा अवधि प्रारंभिक नियुक्ति से ही मानी गई थी, लेकिन छठे वेतनमान के निर्धारण में इस निरंतर सेवा को नजरअंदाज कर दिया गया था।

## 40 किमी में 10 ब्लैक स्पॉट, फिर भी नहीं लगे संकेतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक से गुजरे जबलपुर सागर स्टेट हाइवे 15 पर कई जगह ऐसे अंधे मोड़ हैं, जो हादसों की वजह बन रहे हैं और आए दिन वाहन चालक सड़क किनारे पेड़ों से टकरा रहे या फिर मोड़ पर अनियंत्रित होकर वाहन पलट रहे हैं। इन हादसों में लोगों की मौत भी हो रही है या फिर गंभीर घायल व अपंग हो रहे हैं। इन अंधे मोड़ में से एक तेंदूखेड़ा मुख्यालय से 4 किलीमीटर दूर जबलपुर मार्ग पर स्थित नरगुवा की घाट पर है जहां पर लगातार वाहन मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में मोड़ पर अनियंत्रित हो जाते हैं। वहीं दूसरा मोड़ नगर से 1 किलोमीटर दूर माहुला पुल के पास और तीसरा मोड़ 3 किलीमीटर दूर झरौली पुल के पास है। जहां पर संकेतक, ब्रेकर सहित अन्य सुरक्षा के उपाय नहीं होने से आए दिन वाहन पलटते रहते हैं लेकिन हादसे रोकने का नाम नहीं ले रहे हैं प्रशासन से ब्लैक स्पॉट चिन्हित तो करता है लेकिन वहां हादसों को रोकने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते हैं जब भी दुर्घटना होती है तो जिम्मेदार मौका मुआयना कर कागजी औपचारिकताएं पूरी कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेते हैं।

# किशोर को प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गई युवती

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आमतौर पर किसी युवक पर युवती, किशोरी बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगता है। लेकिन बालाघाट जिले के कटंगी थाना से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां पर एक हिंदू युवती पर मुस्लिम समाज के किशोर को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगा है। किशोर के माता-पिता ने बकायदा थाने में अपने बेटे के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई है और हिंदू युवती पर उसे भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। इस घटना के संज्ञान में आते ही पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। जिसके चलते बीते दिनों कटंगी पुलिस पश्चिम बंगाल तक जा पहुंची बावजूद इसके दोनों का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। पूरा मामला कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 07 के मुस्लिम परिवार के तमीम शेख और अंसेरा गांव के हिंदू परिवार की युवती से जुड़ा हुआ है। मुस्लिम परिवार इस बात से डरा हुआ है कहीं उनके बेटे के साथ अनहोनी तो नहीं हो गई। कक्षा 12 वीं का छात्र तमीम शेख 25 सितंबर 2025 से लापता है और उसी दिन से अंसेरा की वह युवती भी लापता है जिस पर तमीम को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप है। तमीम के माता-पिता बताते है कि करीब एक साल पहले उन्हें दोनों के प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने ही युवती के परिजनों को जानकारी दी और एक बैठक कर दोनों को समझाइश दी गई कि वह दोनों एक दूसरे से दूर रहे। इस बैठक के बाद तमीम से उसका फोन भी छीन लिया गया। तमीम के माता-पिता बताते है कि बैठक के करीब 06 माह बाद युवती ने तमीम के एक दोस्त से सोशल मीडिया साइट के मैंसेजर के जरिए संपर्क किया और फिर तमीम से मिलने के लिए बुलाया और उसी दिन से दोनों लापता है। तमीम की मां जुबैदा शेख और पिता बदरूल शेख बताते है कि उन्होंने बेटे के गुम होने की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी की और उसे सकुशल खोज करने की मांग रखी। पुलिस तलाश कर रही है। सोशल मीडिया के जरिए भी जगह-जगह तमीम शेख के बारे में पता करने की कोशिश हो रही है परंतु हर कोशिश नाकाम हो चुकी है जिस कारण किसी अनहोनी का डर सता रहा है। मुस्लिम परिवार का कहना है कि युवती के मामा ने बेटे को धमकी दी थी। बता दें कि बदरूल शेख मूलतः पश्चिम बंगाल के निवासी है करीब 15 वर्षों से वह कटंगी शहर में आकर निवास कर रहे है और अब यहीं के मतदाता भी बन चुके है। बदरूल शेख ने बताया कि बेटे की तलाश करते हुए वह भी अपने पैतृक गांव पहुंचे किंतु वहां भी कुछ पता नहीं चला।

## 11.25 करोड़ का प्राक्कलन भेजे जाने के बाद भी अधर में लटका कार्य, आवागमन में फजीहत

# दो साल पहले बाढ़ में ढह गया था पुल, आज तक प्रारंभ नहीं हो सका कार्य, जोखिम उठाकर हो रहा आना-जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम सगवां और लालपुर के बीच दतला नाला पर नया पुल निर्माण कराने के लिए 11 करोड़ 25 लाख रुपये का प्रथम स्तरीय प्राक्कलन तैयार कर लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र भोपाल को भेजा गया था, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक इस पर काम शुरू नहीं हो सका है। इस कारण आसपास के गांवों के लोगों को अब भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### भेजा जा चुका है प्रस्ताव

दो साल पहले दतला नदी पर बना पुराना पुल बारिश के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त होकर बह गया था।ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह को निर्देश दिए थे कि गोपालपुर – सगवां – सिलौड़ी मार्ग के किलोमीटर 1/8 पर दतला नाला पर नया पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार किया जाए।निर्देशों के पालन में 11.25 करोड़ रुपये का विस्तृत प्रस्ताव बनाकर भोपाल मुख्य अभियंता को भेजा गया । तैयार किए गए प्राक्कलन के अनुसार, नया पुल 150 मीटर लंबा और दतला नाला के तल से 7 मीटर ऊंचा होगा । इसके साथ 300 मीटर लंबा पहुंच मार्ग भी प्रस्तावित है । पुल निर्माण पर अनुमानित खर्च 9 करोड़ रुपये, पहुंच मार्ग निर्माण 75 लाख रुपये, भू-अर्जन 1 करोड़ रुपये यूटिलिटी व शिफ्टिंग कार्य 50 लाख रुपये इस पुल के बनने से सगवां, लालपुर, गोपालपुर, सिलौड़ी और आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

### पुल टूटने से ग्रामीणों का लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर

ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल काफी पुराना था, जिसकी साल 2017 में मरम्मत तत्कालीन ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान की गई थी। उस समय ही ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि कुछ ही वर्षों में पुल फिर से टूट गया । अब पुल के टूटने से लोगों को मजबूरन सिलौड़ी की ओर से लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी विकट हो जाती है गांवों के बीच संपर्क टूट जाता है, बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल और किसानों को बाजार तक पहुंचने में भारी दिक्कतें होती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए । 2017 में हुई मरम्मत में हुई गड़बड़ी की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। क्षेत्र में आवागमन की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए पुल निर्माण को प्राथमिकता दी जाए । दतला नाला पुल का निर्माण प्रस्ताव तैयार हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका। जब तक इस परियोजना पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक ग्रामीणों की परेशानी कम होने वाली नहीं है।

## अलसुबह वर्चुअली जुड़कर मुख्यमंत्री ने भी दी शुभकामनाएं

# सेना के सूर्या हॉफ मैराथन ने जगाई तंदुरस्ती की अलख





**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सूर्या हाफ मैराथन 2025 के तृतीय संस्करण में नई दिल्ली से वर्चुअली जुड़ कर आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर जबलपुर में विद्यमान मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेन्ट जनरल पदम सिंह शेखावत और सूर्या हॉफ मैराथन के आयोजन से जुड़ी सेना की टीम और धावकों से वर्चुअली संवाद किया। लेफ्टिनेन्ट जनरल पी.एस. शेखावत ने बताया कि यह मैराथन जबलपुर को भारत के खेल मानचित्र पर उभारने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। समाज के सभी वर्गों, मुख्यतः युवा वर्ग में खेल कूद और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना, जबलपुर को पर्यटन केन्द्र के रूप में बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी मैराथन का उद्देश्य है। मैराथन से होने वाली आय का एक भाग दृष्टि बाधित केन्द्र के उत्थान को समर्पित किया जाएगा। इस मैराथन को क्रमशः 21, 10, 5 और 3 किलोमीटर श्रेणी सहित आयु व जेंडर वर्ग में आयोजित किया गया। इसमें मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी विभिन्न आयु वर्गों के लगभग दस हजार धावकों ने भाग लिया। इस हॉफ मैराथन के कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मानिक दास व सेना के अन्य अधिकारियों के साथ राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार व बड़ी संख्या में धावक व नागरिक गण मौजूद रहे।



## संस्कारधानी में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापू का हुआ आगमन

**जबलपुर।** संस्कारधानी में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापू जी का नगरागमन रविवार देर शाम हुआ। भेड़ाघाट में श्री बापू जी भव्य स्वागत श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा समिति के अध्यक्ष राममूर्ति मिश्रा व मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज, एड. चंद्रपुरी गोस्वामी, नवनीत माहेश्वरी, पं. देवेन्द्र पचौरी, पं. जितेन्द्र पचौरी, ने पुष्प गुच्छ भेंटकर किया। इस अवसर पर समिति के सर्वेश पटेल, राजेश पचौरी, पं. श्याम मनोहर पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, पं. हरकृष्ण पचौरी, बलराम यादव, ब्रजेश बादल, सुरेश पचौरी, मनोज जसाठी, दीपक सेठी, गौरी शंकर तिवारी, कौशल यादव, आनंद मोहन पलहा, ठाकुर देवेन्द्र सिंह, मनोज पटेल, रामप्रकाश शर्मा, अवधेश तिवारी उपस्थित रहे।

स्वामी महेंद्रानंद महाराज ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापू जी का विशेष आगमन 17 नवम्बर 2025 से घड़ी चौक, विजय नगर स्थित चरक नर्सिंग/नर्मदा कॉलेज परिसर में आयोजित माँ नर्मदा के अस्तित्व संरक्षण हेतु जबलपुर में 17 नवम्बर 2025 सोमवार से आयोजित होने वाले नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में आशीर्वचन देने के लिए हुआ है। नौ दिवसीय 'श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा' का भव्य आयोजन 25 नवम्बर 2025 तक चलेगा। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक श्री गिरिबापू जी महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से प्रतिदिन शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रतिदिन प्रातः काल 8 बजे से 10 बजे तक महायज्ञ के वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसमें यजमान और श्रद्धालु मां नर्मदा की शुद्धि हेतु आहुतियाँ प्रदान करेंगे।

**नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा आज से**



## कुशवाहा जन जागृति विकास समिति का जनचेतना महासम्मेलन 23 को

**जबलपुर।** कुशवाहा जन जागृति विकास समिति (म.प्र.) एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के तत्वावधान में प्रियदर्शी 'महान सम्राट अशोक धम्म विजय दिवस' के शुभ अवसर पर विशाल सामाजिक शैक्षणिक एवं राजनीतिक हिस्सेदार हेतु जनचेतना महासम्मेलन 23.11.2025 को आयोजित है। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र पाल गौतम, सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, लखन घनघोरिया, नीरज सिंह, बैजनाथ कुशवाहा, कैलाश जाटव, बैजनाथ पटेल, सत्येन्द्र यादव, मुख्य वक्ता प्रभात वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी रीवा, देवेश चौधरी, योगेन्द्र कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्राट अशोक क्रांति सेना होंगे। उक्ताशय की जानकारी सम्राट अशोक क्रांति सेना के संस्थापक एवं कार्यक्रम के संयोजक वृंदावन वर्मा ने इंडियन काफी हाउस घंटाघर पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शहर एवं ग्रामीण स्तर पर जोरों से चल रही हैं। कार्यकम की शुरूआत सर्किट हाउस क्र.2 से सम्राट अशोक क्रांति सेना के नेतृत्व में शोभा यात्रा के रूप में प्रारंभ होकर शीला टाकीज पुल नं.2 से रसल चौक, नौदरा ब्रिज, नगर निगम होते हुये मानस भवन पहुंचेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान बैजनाथ पटेल, रवि पटेल, नंद कुमार कुशवाहा, के.पी. कुशवाहा, वृंदावन कुशवाहा, अशोक पटेल, पार्षद प्रमोद पटेल, पार्षद बालकिशोर कुशवाहा, राम प्रकाश कुशवाहा, एड. संजोग कुशवाहा, रामरतन यादव, शैलेष लोधी, सीताराम पटेल, मनोज बाघमारे, रामदरश कुशवाहा, नर्मद पहलवान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जल ही जीवन है : ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप



**जबलपुर।** पंचदिवसीय नर्मदा पुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव के प्रथम दिवस की कथा में कथा व्यास पूज्य ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज ने बताया कि जल ही जीवन है, यदि जल नहीं रहा, तो जीवन नहीं रहेगा। मनुष्य जल के बिना जीवित नहीं रह सकता इसलिए मनुष्य को शुद्ध जल उपलब्ध हो, उसका जीवन उत्तम कोटि का हो पायेगा और यदि साधना भी करेगा तो जल चाहिए, आज वही जल दूषित होते जा रहा है, ये नदियाँ विश्व रूप परमात्मा की नाड़िया हैं तो ये अविरल, निर्मल बहती रहें तभी ये विश्व स्वस्थ रहेगा। सभी नदियों को स्वच्छ करने का प्रयास करना चाहिए इससे परमात्मा की सेवा भी हो जाती है। नर्मदा जी तो जीवनदायिनी हैं ही, मगर बाकी सभी नदियां भी जीवन दायिनी ही हैं। पर्यावरण भी शुद्ध होना चाहिए, नदियों की जो आजकल दुर्दशा हो रही है उस पर भी नियंत्रण लगना चाहिए, कई प्रकार के नाले सीधे नदियों पर प्रदूषण भेजते हैं। नर्मदा पुराण के माध्यम से योग और मोक्ष की प्राप्ति तो होती ही है किन्तु नदियों के प्रति मनुष्यों का कुछ रवैया तो सुधरे वो इसकी रक्षा करें यही कथा का उद्देश्य है। ये नर्मदा पुराण माँ नर्मदा जी की वंदना, अर्चना का एक उपक्रम है।

साथ ही आज की कथा में पूज्य श्री ने बताया कि जो नर्मदा जी का मंगलाचरण है इसमें बहुत सारी बातें छुपी हुई हैं, इसमें तीन लोगों का उल्लेख किया गया है एक हाथी आदि पशुओं का जो तिर्यक योनि में हैं मगर, हाथी, भंवरे आदि दूसरे सिद्धों की बात की है ये देव योनि की बात कर दी है और अब मनुष्य योनि की बात कर दी नर्मदा के किनारे रहने वाले साधक, ऋषि, मुनि आदि जो नित्य नर्मदा जी की पूजा करते हैं उससे नर्मदा जी का जल शोभयमान हो रहा है वो जल आपकी रक्षा करे। यहाँ मंगलाचरण में पशुओं की बात की, देवताओं की बात की और मनुष्यों की बात की, ये तीनों बातें सुख देने वाली हैं तीनों का आश्रय ये नर्मदा जी हैं। देवता सत्व गुण प्रधान होते हैं। मनुष्य रजोगुण प्रधान होते हैं, पशु, पक्षी आदि ये तमोगुण प्रधान होते हैं, ये तीनों गुण की प्रवृत्ति वाले जितने लोग हैं सबका कल्याण करने वाली नर्मदा जी हैं।

## सीएमएचओ विक्टोरिया की अनदेखी से व्यथित होकर शुरु की भूख हड़ताल

**जबलपुर।** सीएमएचओ संजय मिश्रा को अधिवक्ता एवं समाजवादी पार्टी लगातार शिकायतें एवं साक्ष्य देकर शिकायतें कर रही है इसके बावजूद भी सीएमएचओ अस्पतालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से बचते नजर आ रहे हैं जिसको लेकर अधिवक्ता एवं समाजवादी पार्टी विक्टोरिया गेट के पास भूख हड़ताल पर बैठने पर विवश हो गये हैं। जिसको लेकर अधिवक्ता एवं समाजवादी पार्टी एवं अधिवक्ताओं ने बताया कि जबलपुर सीएमएचओ संजय मिश्रा के दफ्तरों के चक्कर काटकर प्रतीक्षा करने के बाद भी सिर्फ झूठे आश्वासन देकर शिकायतें ले ली जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किसी भी प्रकार अस्पतालों पर कार्यवाही नहीं की जाती है एवं उनसे साठगांठ करके उन्हें सचेत किया जाता है कि तुम्हारे खिलाफ फलाफलां व्यक्ति ने शिकायत की है, ऐसा ही मामला कुछ महिनों पहले हुआ है, नगर निगम ने 80 अस्पतालों की सूची बनाकर सीएमओ संजय मिश्रा को सौंपी थी कि इन अस्पतालों में अनेक अनियमिततायें हैं पर इसके बावजूद भी सीएमएचओ संजय मिश्रा ने कार्यवाही न करते हुए उन्हें एक समय सीमा देकर उनका बचाव किया था पर आज दिनांक तक न उन अस्पतालों की जांच हुई और न ही किसी भी प्रकार अग्निशमन मॉकड्रिल की गई, जबकि जबलपुर जिले में अस्पताल में लगी आग के चलते 8 लोगों की जलकर दर्दनाक मृत्यु हो चुकी है, इसके बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा धृष्टराष्ट्र की तरह एसी कमरों में आराम फरमा रहा है जिसको लेकर 17.11.2025 को अधिवक्ता एवं समाजवादी पार्टी अपने साथीगण एवं कार्यकर्ताओं के साथ अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठेगी।



## नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** आधारताल में बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम कांग्रेस के द्वारा बिरसा मुंडा चौक में आयोजित किया गया। अमर शहीद बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया द्वारा अमर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चमन पासी, सुबोध पहाड़िया, राकेश श्रीवास्तव, कोमल रैकवार, डॉ. राम गिरी, संजय पांडे, पी. पटेल, संतोष लोधी, पूरनलाल कोरी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।



## सुख-दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगा 'समरस हिन्दू संगठन'

**जबलपुर।** सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन की पाँचवीं धार्मिक बैठक शुक्रवार 14 नवंबर को विद्युत मंडल के मुख्यालय शक्ति भवन स्थित कॉफी हाउस रामपुर में सायंकाल 4 बजे से आयोजित हुयी, बैठक की अध्यक्षता पंडित राममूर्ति मिश्रा ने की। बैठक में उपस्थित वरिष्ठजनों ने सदस्यता ग्रहण कर इस संगठन के लिए समर्पित भाव से सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही संगठन के सदस्यता अभियान को तेज किये जाने का निर्णय लिया गया व संगठन सभी सदस्यों के सुख-दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का संकल्प सभी ने लिया गया। बैठक में राघव पटेल (खलीफा), अनिल कनोजिया (मास्टर साहब), सियाशरण वर्मा, प्रवीण पांडे, मोहित बाबरिया, राकेश चौधरी (खलीफा), वरुण सिंह ठाकुर, राकेश बारी, एड. संतोष विश्वकर्मा, मन्नू वर्मा, लालू अशोक पटेल, एड. वीरेंद्र पटेल, सदानंद पटेल (कज्जू ) ठेकेदार, विजय पटेल (ठेकेदार), श्याम विश्वकर्मा, सूरज माली, अंकित धनगर, अशोक पटेल, राकेश धनगर एवं बड़ी संख्या में हिन्दू हितरक्षक स्वयंसेवी उपस्थित थे। सभी ने बैठक उपरांत आजाद चौक रामपुर, जबलपुर में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए (भाजपा) की प्रचण्ड जीत पर पटाखे फोड़कर खुशियाँ मनाई व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पं. राममूर्ति मिश्रा के द्वारा 10 किलो लड्डू का वितरण कर उपस्थितजनों एवं व्यापारी बंधुओं का मुंह मीठा कराया गया। सभी का आभार अनिल धनगर (मीडिया प्रभारी) ने व्यक्त किया।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस समय जबलपुर में ठंड का प्रकोप जारी है ऐसे में सुबह की पाली में लगने वाले समस्त शासकीय और अशासकीय स्कूलों के बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, बच्चे सर्दी, जुखाम, बुखार, खाँसी, सिरदर्द से परेशान हैं और ठंड की वजह से स्वास्थ्य खराब होने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, ऐसे में स्कूल के शिक्षकों के साथ ही पालक भी परेशान हैं। अतः संगठन कलेक्टर से मांग करता है की बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी शासकीय और अशासकीय शालाओं के समय में परिवर्तन करते हुए सुबह की पाली में लगने वाले स्कूलों का समय प्रातः 8:30 बजे से कर दिया जाए। प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, दीपेश जैन, सुरेंद्र चौधरी, मनमोहन चौधरी, फिलिप अन्थोनी, सुधीर अवधिया, राकेश गुप्ता, उमेश सिंह ठाकुर, सुधीर पॉवेल, सुनील झारिया, देवेंद्र भट, मान सिंह आर्मो, रवि जैन, आशाराम झारिया, गोपीशाह, विनय रामजे, आशीष कोरी, समर सिंह ठाकुर, त्रिलोक सिंह आदि ने मांग की है।



## श्री राम कथा और ऑपरेशन सिंदूर ने किया मंत्रमुग्ध

**जबलपुर।** पूज्य श्रीमद् जगद्गुरू सुखानंद देवाचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में फ्लॉवर वैली किड्स एकेडमी स्कूल का रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह नागपुर रोड स्थित होटल सत्य रक्षा में संपन्न हुआ। इस रंगारंग आयोजन में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शशिकांत वर्मा, पूर्व प्रोफ़ेसर मेडिकल कॉलेज जबलपुर, अभय पाटकर, सचिव पटवा समाज विकास समिति, मोती श्रीपाल, अध्यक्ष गडरिया श्रीपाल समाज, चंद्रकांत पटवा, किशन तारन, सुबोध पाटकर, पवन पटवा, डॉ. संजय असाटी आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। शाला के चेयरमैन योगाचार्य सुदामा प्रसाद पाटिल ने वर्तमान परिवेश में शिक्षा के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला एवं युवाओं से योग करने एवं नशामुक्ति हेतु संकल्पित किया। प्राचार्य मीनाक्षी पाटिल ने शाला में आयोजित होने वाली विविध गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया। शाला के डायरेक्टर सौरभ पाटिल ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में पधारे हुए सभी आगंतुकों को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता एवं स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर श्रेया खंडेलवाल एवं विकास खंडेलवाल ने किया।

**बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता सभी का दिल**

## महापौर कप महिला एवं पुरुष कुश्ती स्पर्धा का शुभारंभ

**जबलपुर।** दिनाँक 15.11.2025 को सायं 04:00 बजे महादेव मैदान, पोलीपाथर, ग्वारीघाट रोड पर महापौर कप महिला एवं पुरुष कुश्ती स्पर्धा का हनुमान जी की पूजन अर्चन के पश्चात महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुश्ती संघ के प्रांतीय महासचिव अर्जुन यादव, बी.के. पाठक, हीरा पहलवान, मन्नू पहलवान, प्रशांत मिश्रा, किशोरी खलीफा, पार्षद मालती चौधरी उपस्थित रहे, स्पर्धा में लगभग 100 महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपना वजन देकर नाम दर्ज कराया। आज की प्रमुख कुश्ती है 36 किग्रा भार वर्ग में दिव्यांश पहलवान ने अंशुल को हराया, लक्की गौंड ने दिव्यांश पहलवान, 55 किग्रा भार वर्ग में सुमित पहलवान ने हर्षित यादव पहलवान को हराया, अखिल श्रीपाल पहलवान ने राजीव वंशकार पहलवान को हराया, 44 किग्रा भार वर्ग में निहाल पहलवान ने साहेब पहलवान को हराया, चिरंजीव पहलवान ने शन्नी पहलवान को हराया, 40 किग्रा भार वर्ग में आयुष बेन पहलवान ने तनमय रजक पहलवान को हराया, राजवीर पह. ने साहील बेन पहलवान को हराया, 48 किग्रा भार वर्ग में अंश यादव पहलवान ने अर्जुन यादव पहलवान को हराया, 65 किग्रा भार वर्ग से अधिक एवं टाईटल के लिए आकाश गुर्जर पहलवान ने अमन पहलवान को हराया, करन यादव पहलवान ने अभिषेक चक्रवर्ती पहलवान को हराया, सत्यम चंद्रवंशी पहलवान ने अंशुल ठा. पहलवान को हराया। इसी प्रकार महिला वर्ग में 55 किग्रा वर्ग से अधिक में परिदित्या ठा. पह. ने रितिका पटेल पहलवान को हराया, निर्णायक में देवेन्द्र उपाध्याय, विनय प्रजापति, राकेश यादव, चंदन चक्रवर्ती, नरबद काछी, जे.डब्लू. खरपाठे, संचालन अरुण चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर राजकमल चक्रवर्ती, राजू यादव, दीपक रजक, प्रवीण धनगर, मंतो पहलवान, जगदीश माझी, विनोद चक्रवर्ती, विशाल नामदेव, चंद्रपाल यादव आदि का सहयोग रहा।



## संत नामदेव महाराज की 755वी जयंती धूमधाम से मनाई

जबलपुर। समरसता सेवा संगठन जबलपुर के द्वारा संत नामदेव महाराज की 755वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से अग्रवाल धर्मशाला गौरी घाट में मनाई गई, जिसमें एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य है 'सब सबको जाने' 'सब सबको मानें' सबसे पहले अनेक विचारकों ने संत नामदेव के जीवन पर प्रकाश डाला, उसके बाद संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन गुड्डा भैया ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कैलाश नामदेव, रिटायर शिक्षक रूपराम नामदेव, गिरीश वर्मा एवं संदीप जैन और उनके गुरु महाराज उपस्थित रहे।

> शहर में गरीब व मध्य वर्ग के करदाताओं से पानी, सफाई और प्रापर्टी टैक्स का पाई-पाई वसूलने वाला नगर निगम राजधानी के अलग-अलग जोन क्षेत्रों में स्थित सरकारी बंगलों में रहने वाले मंत्री, एमएलए, मेयर से लेकर अफसर तक से बंगले का सामान्य जल शुल्क, समेकित कर और कचरा उठाने के एवज में यूजर चार्ज नहीं वसूल पाया है।

सरकारी बंगलों पर प्रापर्टी टैक्स नहीं लगता, पानी और कूड़ा उठाने का टैक्स वसूलता है निगम

# बंगला फ्री था, पर पानी-सफाई का पैसा भी पचा गए 'साहब' मेयर बंगला, मंत्री- विधायक अफसरों ने टैक्स नहीं दिया

प्रदीप शर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर

10 साल में 1100 सरकारी बिल्डिंग पर 10 करोड़ का टैक्स बकाया है। इसे वसूलने जोन 4 कमिश्नरी ने मुख्यालय को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा है। इसी तरह जोन 3 और जोन 2 क्षेत्र के सरकारी बंगलों में टैक्स वसूली की कमोबेश इसी तरह की स्थिति है। रायपुर नगर निगम जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा 1100 सरकारी भवन मंत्री, विधायक, अफसर के हैं। सरकारी बंगले की वजह से नगर निगम इन बंगलों में रहने वालों से प्रापर्टी टैक्स नहीं ले सकता, पर यूजर चार्ज और सामान्य जलकर शुल्क की राशि नगर निगम में जमा करनी पड़ती है।

■ नगर निगम जोन 4 कमिश्नरी में 1100 सरकारी बिल्डिंग, 10 करोड़ टैक्स का बकाया, जोन 3 और जोन 2 में सरकारी बिल्डिंग



### जोन 4 के प्रमुख सरकारी आवासीय परिसर

- शांतिनगर स्थित फारेस्ट कालोनी
- इंद्रावती नगर की सिंचाई कालोन
- पुलिस लाइन क्षेत्र स्थित पुलिस क्वार्टर
- सेल टैक्स कालोनी
- बैरनबाजार के नलघर चौक का मेयर बंगला
- सीएम, डिप्टी सीएम सहित अन्य मंत्रियों के बंगले

### मंत्री, विधायक और महापौर को खुद करना है भुगतान

सरकारी आवास आवंटन जिनके नाम से आवंटित है उस अधिकारी, जन प्रतिनिधि या कर्मचारी ही संबंधित अवधि का सामान्य जल कर, समेकित व यूजर चार्ज का भुगतान करना होगा। सरकारी आवास होने की वजह से उस बंगले पर नगर निगम का प्रापर्टी टैक्स नहीं लगेगा। इस हिसाब से नगर निगम द्वारा कराए गए जीआईएस सर्वे के बाद डिमांड नोट तैयार कर निगम मुख्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। ताकि संबंधित व्यक्ति से बकाया टैक्स की वसूली की जा सके।

# बिहार के इतिहास में पहली बार चुने गए केवल 11 मुस्लिम उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा व नीतीश कुमार की आंधी में महागठबंधन का सारा सियासी किला ध्वस्त हो गया है। एनडीए की सियासी लहर में मुस्लिम सियासत भी धराशयी हो गई। इस बार बिहार चुनाव में मुस्लिम विधायक महज 11 जीतकर आए हैं जबकि 2019 में 19 मुस्लिम विधायक जीते थे। इस तरह पिछले विधानसभा चुनाव से 8 मुस्लिम विधायक कम जीतकर आए हैं। बिहार के सियासी इतिहास 1951 से लेकर अभी तक के जितने चुनाव हुए हैं, उसमें सबसे ज्यादा मुस्लिम विधायक 1985 के चुनाव में 34 जीतकर आए थे जबकि सबसे कम संख्या में 11 मुस्लिम विधायक इस बार के चुनाव में चुने गए हैं। बिहार में करीब 18 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके लिहाज से कम से कम 44 विधायक होने चाहिए। 1951 से लेकर अभी तक इतनी संख्या में कभी भी मुस्लिम विधायक जीतकर नहीं आ सके हैं।

> एनडीए की सियासी लहर में मुस्लिम सियासत भी हो गई धराशयी

## 1985 में चुनकर आए थे सर्वाधिक 34, जबकि पिछले चुनाव में बने थे 19 विधायक



### कौन-कौन मुस्लिम विधायक जीते?

बिहार में इस बार कुल 11 मुस्लिम विधायक चुने गए हैं। कांग्रेस के टिकट पर किशनगंज से मोहम्मद कमरुल होदा और अररिया से अब्दुर रहमान जीते हैं। आरजेडी के टिकट पर रघुनाथपुर सीट से ओसामा शहाब, बिस्फी सीट से आरिफ अहमद और ढाका से फैजल रहमान जीते हैं। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी के एआईएमआईएम के टिकट पर जोकीहाट सीट से मोहम्मद खुर्शीद आलम, बहाबुरगंज सीट से मो. तौसीफ आलम, कोचाधामन से मो. सरवर आलम, अमौर से अख्तारुल ईमान और बायसी सीट से गुलाम सरवर विधायक चुने गए हैं। दूसरी तरफ जेडीयू के टिकट पर चैनपुर सीट से मोहम्मद जमा खान से जीते, वे 2020 में बसपा के टिकट पर इसी सीट से जीते थे और बाद में जेडीयू में शामिल हो गए थे।

### ओवैसी के सर्वाधिक 5 विधायक

2025 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा संख्या में मुस्लिम विधायक एआईएमआईएम से पांच जीते हैं, आरजेडी से 3 मुस्लिम विधायक चुने गए हैं तो कांग्रेस से दो मुस्लिम और जेडीयू से एक मुस्लिम विधायक चुनकर आए हैं। सीपीआई माले और चिराग पासवान की पार्टी से कोई भी मुस्लिम विधानसभा चुनाव नहीं जीत सका।

### किसने उतारे कितने उम्मीदवार

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन दोनों ने मुस्लिम प्रत्याशियों पर दांव लगाया था। तेजस्वी यादव के अगुवाई वाले महागठबंधन से 30 मुस्लिम उम्मीदवार तो नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए से पांच मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में थे। महागठबंधन में आरजेडी से 18 मुस्लिम प्रत्याशी में सिर्फ तीन जीते, कांग्रेस से 10 में से सिर्फ दो ही जीते। सीपीआई माले से दो मुस्लिम मैदान में थे और दोनों ही हार गए। वहीं, एनडीए की तरफ जेडीयू ने चार और एलजेपी ने एक मुस्लिम को उम्मीदवार बनाया। एलजेपी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली, लेकिन जेडीयू के चार में सिर्फ एक ही जीत सके हैं। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम (एआईएमआईएम) से 23 मुस्लिम प्रत्याशी उतारे थे, जिनमें से पांच जीते हैं। इस तरह कुल 11 मुस्लिम विधायक बने हैं।

# करणी सेना अध्यक्ष के खिलाफ टीआई ने कराई एफआईआर

## राज शेखावत ने तोमर के समर्थन में पुलिस को दी थी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर के समर्थन में पुलिस को



धमकी देने वाले क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत के खिलाफ मौदहापारा थाने की पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की है। शेखावत के खिलाफ पुरानी बस्ती थाना के तत्कालीन टीआई योगेश कश्यप ने शिकायत दर्ज कराई है। शेखावत ने सोशल मीडिया में लाइव आकर वीरेंद्र तोमर के खिलाफ कार्रवाई तथा जुलूस निकालने वाले पुलिसकर्मियों के घर में घुसकर बदला लेने की धमकी दी थी। दर्ज एफआईआर में आपराधिक धमकी, लोक सेवक को धमकाने और सम्मान को ठेस पहुंचाने का जिक्र किया गया है। मौदहापारा पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### कोर्ट परिसर में नारेबाजी, कार्रवाई की तैयारी

वीरेंद्र तोमर को पुलिस शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने ले जा रही थी, इस दौरान डेढ़ दर्जन के करीब उत्पाती युवक वीरेंद्र तोमर के समर्थन में नारा लगाते हुए कोर्ट रूम तक पहुंच गए। कोर्ट परिसर में पूरे समय निषेधाज्ञा धारा 144 जो वर्तमान में बीएनएस की धारा 163 लागू रहती है। उस जगह नारेबाजी करने वाले लड़कों की पुलिस वीडियो फूटेज के माध्यम से पहचान कर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

### गड़बड़ी करने वालों के नहीं छोड़ेंगे- गृहमंत्री

करणी सेना के सात दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम, प्रदर्शन को लेकर राज्य के डिप्टी सीएम तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है, कोई भी सामाजिक संस्था अच्छे काम के लिए होती है। किसी अपराधी के पीछे खड़े होने के लिए नहीं। अपराधी, अपराधी है, हर एक अपराधी किसी न किसी संस्था, समाज से होता है। हर अपराधी के पीछे समाज आकर खड़ा हो जाएगा, तो कैसे काम होगा। छत्तीसगढ़ में गड़बड़ी करने वाले को नहीं छोड़ा जाएगा। कठोरता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

### एफआईआर दर्ज होने के बाद पुनः धमकी

एफआईआर दर्ज होने के बाद राज शेखावत ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट में पुलिस को पुनः धमकी देते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस कान खोलकर सुन ले, अब हमारे एक भी पदाधिकारी या करणी सैनिक पर झूठी एफआईआर की जाती है, तो अंजाम ऐतिहासिक होगा। जबरन वसूली, सूदखोरी तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में वीरेंद्र तोमर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर शुक्रवार को जेल दाखिल किया गया है।

# नागालैंड के इस शहर की दुकानों पर नहीं बैठते दुकानदार फिर भी कोई नहीं करता चोरी

**नई दिल्ली।** नागालैंड की हसीन वादियों के बीच एक खूबसूरत शहर बसा है, जिसका नाम फुत्सेरो है। यहां के मनमोहक नजारे और प्राकृतिक सुंदरता देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा। इस शहर में आपको कुछ ऐसा देखने को मिलेगा, जो भारत में कम ही देखने को मिलता है। जी हां, यहां की दुकानों में सामान तो भरा रहता है, लेकिन उसे बेचने के लिए कोई दुकानदार नहीं बैठता। इसके बावजूद भी कोई चोरी नहीं करता और सभी दुकानें भरोसे पर चलती हैं।

**इस तरह चलती हैं ये दुकानें :** इस शहर की दुकानों पर सामान रखा रहता है और उनके दाम लिखे रहते हैं। लोग अपनी जरूरत का सामान चुनकर ईमानदारी से उनके पैसे भरते हैं और उसे लेकर चले जाते हैं। कोई भी ऐसा कोई सामान नहीं उठाता, जिसके उसने पैसे न दिए हों। इतना ही नहीं, दुकानों पर रखे हुए पैसों को



भी कोई चोरी नहीं करता। यहां के दुकानदारों का ग्राहकों पर विश्वास और ग्राहकों की ईमानदारी पूरे देश के लिए एक मिसाल बन रही है। इस शहर के नागरिक समाज कार्यकर्ता अंगा वेखोटालु ने बताया कि ये दुकानें करीब 15 साल पहले खुली थीं। उन्होंने कहा, इन दुकानों पर मुख्य खरीदार नागा और गैर-नागा लोग हैं। शहर के आस-पास के खेती न करने वाले लोग भी इन दुकानों से ही खरीदारी करते हैं।

लोग पैसे या तो दुकान पर रखे हुए बक्सों में डाल जाते हैं या यूपीआई की मदद से ऑनलाइन पेमेंट कर देते हैं।

### महिला किसान चलाती हैं ज्यादातर दुकानें

फुत्सेरो में ऐसी करीब 20 दुकानें हैं, जिन्हें महिला किसान चलाती हैं। इनमें मौसमी फल, सब्जियां, अचार, जैम और जूस बेचे जाते हैं। ये सभी खाद्य पदार्थ स्थानीय खेतों से प्राप्त उपज से बने होते हैं। किसान सुबह से लेकर शाम तक दुकानें खुली रखते हैं और खेतों से घर लौटते समय पैसे उठा लेते हैं। इन दुकानों पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं रहता है और कोई सुरक्षा गार्ड भी नहीं खड़े रहते हैं।

# कनाडा के खिलाड़ी ने हाथों से ही खींची 1.19 लाख किलो की नाव



**नई दिल्ली।** कनाडा के वेस्ली "मूस" डेरविंस्की ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो सुनकर ही आपको अनिश्वसनीय लगेगा। उन्होंने एक प्रतियोगिता में केवल अपने हाथों से लगभग 119 टन (1.19 लाख किलोग्राम) वजन की नाव को यात्रियों समेत ही 65 फीट तक खींचा। ऐसा करके वेस्ली ने अपना नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करा लिया है। कमाल की बात ये है कि वेस्ली का खुद का वजन केवल 145 किलोग्राम है और उनकी लंबाई 6 फुट 3 इंच है। वेस्ली मूस ने ये रिकॉर्ड अमेरिका के ओहियो राज्य के सैंडस्की शहर में हुई स्ट्रॉन्गमैन चैम्पियंस लीग में बनाया।

### वेस्ली ने 1 मिनट 21 सेकंड में बनाया रिकॉर्ड

वेस्ली मूस ने सबसे आखिर में नाव को खींचा और जैसे ही वो आए दर्शक उत्साहित होकर चिल्लाने लगे। वेस्ली ने धीरे-धीरे अपने हाथों से पूरी दम लगाकर 119 टन की नाव को खींचना शुरू किया तो नाव में बैठे 130 से ज्यादा यात्री भी चीयर करके उनका उत्साह बढ़ाने लगे। जैसे-जैसे वेस्ली ने नाव को आगे खींचा, दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया और उन्होंने कुल 1 मिनट 21 सेकंड में इसे 65 फीट तक खींचकर विश्व रिकॉर्ड बना दिया।

### 17 साल की उम्र से प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे वेस्ली

वेस्ली पिछले 12 साल से स्ट्रॉन्गमैन प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं और उन्होंने 17 साल की उम्र से ही इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। लेकिन हमेशा से स्ट्रॉन्गमैन चैम्पियंस लीग में शामिल होना उनका सपना था। वेस्ली इस प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार थे और उन्हें पूरा भरोसा था कि वो जीत जाएंगे। जीत के बाद उन्होंने अपनी पत्नी को उनका

# पलक झपकते छूमंतर, 896 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

नई दिल्ली। भारत की सबसे तेज रफ्तार ट्रेन का खिताब वंदे भारत एक्सप्रेस के नाम है। 180 प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार वाली वंदे भारत ट्रेन वास्तव में 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पटरी पर दौड़ रही है। वंदे भारत का क्रेज भारत में किसी से छिपा नहीं है, लेकिन आज जिस ट्रेन की बात हम करने जा रहे हैं, उसकी रफ्तार गोली से भी तेज है। इतनी तेज की पलक झपकते ही वो आंखों के सामने ओझल हो जाती है।



### कुछ जोखिम भी

रफ्तार तो ठीक, लेकिन इस ट्रेन से जुड़े कुछ जोखिम भी है। चाइना रेलवे एकेडमी के चीफ इंजीनियर झाओ होंगवेई ने के मुताबिक अगर मोटर वाइंडिंग के बीच शॉर्ट सर्किट होता है तो चुंबकीय क्षेत्र के कारण मोटर रुक नहीं पाता, जो ट्रेन को खतरे में डाल सकता है।

### दुनिया की सबसे तेज रफ्तार ट्रेन

ट्रेनों की रफ्तार के मामले में चीन ने एक बार फिर से बाजी मार ली। चीन ने 'सीआर450' ट्रेन का सफल ट्रायल किया है। ट्रायल रन के साथ ही इसके नाम दुनिया की सबसे तेज रफ्तार ट्रेन का खिताब हो गया।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास- ग्रेजुएट लड़के_ लड़कियां( 2450064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।- 8053979338 (रायपुर /20/ नव./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

> स्वास्थ्य योजना में बीमारियों के कम पैकेज का रोना रोने वाले अस्पताल इसकी आड़ में ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में गोलमाल से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। आयुष्मान मरीजों के इलाज के लिए एमबीबीएस डाक्टर का होना जरूरी है, मगर खर्च बचाने के लिए अस्पताल बीएएमएस यानी आयुर्वेद डाक्टरों से काम चला रहे हैं। आयुष्मान की सुविधा आईपीडी के बाद मिलती है, इसलिए उन मरीजों को भर्ती कर इलाज किया गया है, जिन्हें ओपीडी में सामान्य दवा से ठीक किया सकता था।

# पैसा बचाने के लिए एमबीबीएस की जगह झोला छाप बीएएमएस डॉक्टर से इलाज करा रहे प्राइवेट हास्पिटल

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

आयुष्मान योजना के मरीजों के इलाज में गड़बड़ी की सूची के आधार पर विभागीय टीम फिर एक्शन के मोड में आ चुकी है। रायपुर सहित चार जिलों के 15 निजी अस्पतालों को योजना से अलग-अलग अवधि के लिए बाहर किया गया है। ज्यादातर अस्पताल आयुष्मान योजना के मरीजों के इलाज के लिए बनाए गए नियमों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या एमबीबीएस डाक्टरों की कमी का है। विधा के डाक्टरों की नियुक्ति के लिए अस्पताल को मोटी फीस देनी पड़ती है, जबकि कामचलाऊ, झोलाछाप या आयुर्वेद के चिकित्सा अधिकारी कम खर्च में मिल जाते हैं। शहर में कार्रवाई के शिकार हुए ज्यादातर अस्पताल इन्हीं डाक्टरों के भरोसे अपना काम चला रहे थे। कुछ अस्पतालों ने रजिस्टर में जितने मरीजों को भर्ती दिखाया गया था, वार्डों में उतने थे नहीं, यानी ओपीडी के मरीजों को भी आईपीडी का बताकर इलाज किया गया था। मिली शिकायतों के आधार पर विभागीय टीम ने अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली सुविधा का निरीक्षण किया, जिसमें कमियां मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।अस्पतालों की गुणवत्ता, सुरक्षा और नियमानुसार उपचार सुनिश्चित करने में अनियमितता पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए बलौदाबाज़ार जिले में संचालित आरोग्यम हॉस्पिटल सिमगा एवं ओमकार हॉस्पिटल बलौदाबाजार की जांच कराई गई, जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के आरोप में 3-3 माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके पूर्व महासमुंद जिले के महानदी हॉस्पिटल महासमुन्द, सेवा भवन हॉस्पिटल ग्राम जगदीशपुर पिथौरा एवं अंबिका हॉस्पिटल ग्राम खरखरी सरायपाली को योजना से बाहर किया गया था।

## शब्द पहेली - 6050



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6049 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 6060

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6059 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style

# तमन्ना
## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला

# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी



**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे



**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।

# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर



खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।





**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



# स्मरण ने जड़ा शतक, नायर ने खेली 95 रन की पारी, चंडीगढ़ के खिलाफ कर्नाटक की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▶▶| हुबली

प्रतिभाशाली रविचंद्रन स्मरण के नाबाद शतक और करुण नायर के 95 रनों की बदौलत कर्नाटक ने एलीट ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ पांच विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर बनाया। दिन का खेल खत्म होते समय स्मरण (नाबाद 110) के साथ श्रेयस गोपाल (नाबाद 38) के साथ क्रीज पर मौजूद थे। पिछले मैच में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन बनाने के बाद स्मरण का यह लगातार दूसरा शतक है।

कर्नाटक 64 रन तक कप्तान मयंक अग्रवाल, केवी अनीश और केएल श्रीजीत के विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में था लेकिन स्मरण और नायर ने चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के साथ टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर (164 गेंद में 95 रन) भी शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को बाएं हाथ के स्पिनर तनप्रीत सिंह ने विकेट के सामने लपक लिया।

### महाराष्ट्र ने पंजाब के खिलाफ बनाए 275 रन

महाराष्ट्र ने ग्रुप के अन्य मैच में अर्शिन कुलकर्णी के शतक और पृथ्वी साव के 74 रन की पारी से मुल्लांपुर में पंजाब के खिलाफ पांच विकेट पर 275 रन बना लिए। प्रेरक मंकड (नाबाद 88), अर्पित वसावड़ा (81) और जय गोहिल (68) की अर्धशतकीय पारियों से सौराष्ट्र ने राजकोट में गोवा के खिलाफ चार विकेट पर 317 रन बना लिए। मध्यप्रदेश ने इंदौर में सारांश जैन और अरशद खान के तीन-तीन विकेटों की बदौलत केरल के 246 रन तक सात विकेट चटका दिए। केरल के लिए बाबा अपराजित 81 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है जबकि अभिजीत प्रवीन (60) और अभिषेक नायर (47) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।

रणजी ट्रॉफी



### बंगाल के खिलाफ असम ने बनाए 194 रन

कल्याणी। मध्यक्रम के बल्लेबाज स्वरूपम पुरकायस्थ के संयम से बनाए गए अर्धशतक और कप्तान सुमित घाडीगांवकर के नाबाद 48 रन के बावजूद असम की टीम ने रविवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन बंगाल के खिलाफ स्टंप तक आठ विकेट पर 194 रन बनाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पुरकायस्थ ने 140 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाकर असम की पारी को संभाला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए प्रद्युन सैकिया (38) के साथ 53 रन और फिर घाडीगांवकर के साथ चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर असम को 200 के करीब पहुंचाया।

### जम्मू-कश्मीर ने हैदराबाद पर कसा शिकंजा

जम्मू। जम्मू कश्मीर की टीम ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन रविवार को 170 रन पर आउट होने के बाद 88 रन तक हैदराबाद के छह विकेट चटकाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है। मैच के शुरुआती दिन 16 विकेट गिरे, जिसमें जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। स्टंप्स के समय हैदराबाद पहली पारी में जम्मू कश्मीर से अभी 82 रन पीछे है और उसके चार विकेट शेष है।

### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ बनाए 319 रन

छत्तीसगढ़ ने अमतार क्रिकेट मैदान में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 319 रन बना लिए। अनुज तिवारी ने 162 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे ने 59 रन का योगदान दिया। संजीत देसाई 76 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में दिवी ने जीता खिताब

**तिरुवनंतपुरम।** दस साल की दिवी बिजेश ने नौ से 16 नवंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-12 बालिका वर्ग का खिताब जीता। दिवी के पिता बिजेश ने कहा कि इस खिलाड़ी ने नौ में से 8.5 अंक के स्कोर के साथ दबदबा बनाया। उनके अनुसार दिवी अंडर-10 की खिलाड़ी है, फिर भी उसने ऊंचे आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करना चुना। राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप एक अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता है, जिसमें युवा और सीनियर स्तर के 13 वर्ग शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रमंडल देशों के शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर्स भी भाग लेते हैं। 2025 में दिवी विश्व कप अंडर-10 बालिका चैंपियन, विश्व कैडेट रैपिड चैंपियन, विश्व कैडेट ब्लिट्ज वाइस चैंपियन और विश्व स्कूल शतरंज वाइस चैंपियन के रूप में उभरीं। कई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य खिताबों सहित 75 से अधिक पदकों के साथ वह केरल की सबसे कम उम्र की महिला कैंडिडेट मास्टर और भारत की पहली अंडर-10 बालिक विश्व कप चैंपियन भी हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर अजीतेश



**ताइपे।** अजीतेश संधू ताइवान ग्लास ताइफोंग ओपन के चौथे और आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 22वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। एस चिक्कारंगप्पा (70) संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहे। थाईलैंड के एकफारित वू ने अंतिम दौर में स्थानीय खिलाड़ी हंग चिएन-याओ को दो शॉट से हराकर अपने पदार्पण सत्र में एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 26 वर्षीय वू ने पार-72 कोर्स पर पांच अंडर-पार 67 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 20 अंडर का रहा। भारत के खालिन जोशी (71) संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे, जबकि विराज मदप्पा (72) संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर रहे। पुखराज सिंह गिल (72) संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहे।

### थीगाला ने बनाया 71 का स्कोर, 39वें स्थान पर पहुंचे



**साउथम्पटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थीगाला बटरफील्ड बरमूडा चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 39वें स्थान पर आ गए हैं। पहले दो दौर में 76 और 65 का कार्ड खेलने वाले थिगाला ने तीसरे दौर में तेज हवाओं के बीच 71 का स्कोर बनाया। अब उनका कुल स्कोर दो अंडर हो गया है। दूसरे दौर के बाद वह संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर थे। इस बीच एडम शेंक ने बोगी रहित राउंड खेला और चार अंडर 67 का स्कोर बनाया, जिससे वह ब्रेडेन थॉर्नबेरी के साथ संयुक्त बढ़त पर आ गए।

## कोलकाता टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका की भारतीय धरती पर 15 साल में पहली जीत

# लो स्कोर चेज नहीं कर पाई भारतीय टीम साउथ अफ्रीका ने बनाई 1-0 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कप्तान तेम्बा बावुमा के जुझारू अर्धशतक के बाद अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की ईडन गार्डस की खतरनाक पिच पर बलखाती गेंदों के जादू से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में तीसरे दिन ही रविवार को 30 रन से हराकर भारतीय धरती पर 15 साल में अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के सामने 124 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 35 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। इससे दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।

### बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। गिल की अनुपस्थिति में केवल वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 31 रन) ही कुछ देर तक संघर्ष कर पाए। बाकी बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल विकेट से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई, जिससे एक बार फिर से भारतीय टीम की टर्निंग पिचों पर कलई खुल गई। पिछले छह टेस्ट मैचों में यह भारत की घरेलू मैदान पर चौथी हार थी, जिसमें पिछले साल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचों पर 0-3 से मिली हार भी शामिल है। रिकॉर्ड की बात करें तो यह दूसरा न्यूनतम लक्ष्य है, जिसको भारत हासिल करने में नाकाम रहा। इससे पहले वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 1997 में ब्रिजटाउन में 120 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया था।



### भारत में पहली बार हुआ ऐसा कमाल

ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत में किसी भी टेस्ट मैच की चारों पारियों में 200 से भी कम स्कोर बनाए गए हों। इससे पहले भारत में ऐसा कभी नहीं हुआ था। ओवरऑल देखें तो कुल 12वीं बार ऐसा हुआ है, जब किसी टेस्ट मुकाबले की चारों पारियों में 200 से भी कम रन बने हों।

### 22 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट

2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के बरसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 22 नवंबर से दूसरे टेस्ट मैच का आगाज होगा, जिसमें भारत की कोशिश जीत दर्ज करने की होगा ताकि सीरीज से 1-1 से बराबर की जा सके।

### अंकतालिका में टीम इंडिया को नुकसान

भारत को अंकतालिका में नुकसान उठाना पड़ा। कोलकाता टेस्ट में जीत के बाद साउथ अफ्रीका की टीम को तगड़ा फायदा हुआ और टॉप 2 में पहुंच गई। साउथ अफ्रीका से हार के साथ ही भारतीय टीम तीसरे स्थान से चौथे स्थान पर आ गई जबकि साउथ अफ्रीका की टीम चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं श्रीलंका की टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई। इस मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले स्थान पर ही बनी हुई है। वहीं पाकिस्तान की टीम अंकतालिका में 5वें स्थान पर बनी हुई है।

**कोलकाता टेस्ट में हार के कारण**

### गंभीर की रणनीति पर सवाल

भारतीय बल्लेबाज जब स्पोर्टिंग विकेट पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इस तरह की टर्निंग पिच की क्या जरूरत है? गौतम गंभीर की कोचिंग में इस तरह की रणनीति के साथ भारत को मुंह की खानी पड़ी है। भारत को घरेलू सरजमीं पर पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भी गंभीर नहीं माने और साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक बार फिर टर्निंग पिच चुनकर औंधे मुंह गिरी।

### साई सुदर्शन बाहर

गौतम गंभीर का ऑलराउंडर के प्रति लगाव कमाल का है। कोलकाता टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 चौंकाने वाली थी। कारण वही गंभीर का ऑलराउंडर प्रेम था। साई सुदर्शन को ड्रॉप करके वाशिंगटन सुंदर को नंबर 3 पर मौका दिया गया। टेस्ट मैच में 6 गेंदबाजी विकल्प के साथ उतरना काफी हैरानी भरा फैसला था।

### गिल की चोट

कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होकर टेस्ट मैच से बाहर होना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा झटका था। वह पहली पारी में भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। गर्दन में ऐंठन के कारण एक चौका लगाने के बाद ही पवेलियन लौट गए थे। अगर वह फिट होते तो संभवतः भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत होती।

### 21 साल बाद हुआ अनोखा कारनामा

दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में कुल मिलाकर 594 रन बने। यह भारत में किसी भी ऐसे टेस्ट मैच का सबसे कम संयुक्त स्कोर है, जिसमें चारों पारियों में परिणाम निकला हो। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2004 में वानखेड़े टेस्ट के नाम था, जिसमें कुल 604 रन बने थे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस टेस्ट मैच का नतीजा तीसरे दिन ही आ गया था। भारत ने 13 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेलटन पगबाधा कुलदीप | 11 | 23 | 1 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो जडेजा | 04 | 23 | 0 | 0 |
| मुल्डर का पंत बो जडेजा | 11 | 30 | 1 | 0 |
| तेम्बा बावुमा नाबाद | 55 | 136 | 4 | 0 |
| जोर्जी का जुरेल बो जडेजा | 02 | 2 | 0 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 05 | 18 | 0 | 0 |
| काइल वेरेने बो अक्षर | 09 | 16 | 1 | 0 |
| यानसन का राहुल बो कुलदीप | 13 | 16 | 0 | 1 |
| कोर्बिन बॉश बो बुमराह | 25 | 37 | 2 | 1 |
| हार्मर बो सिराज | 07 | 27 | 0 | 0 |
| महाराज पगबाधा बो सिराज | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: 54 ओवर में 153 रन
गेंदबाजी: जसप्रीत बुमराह 10-2-24-1, अक्षर पटेल 14-0-36-1, कुलदीप यादव 8-1-30-2, रवींद्र जडेजा 20-3-50-4, मोहम्मद सिराज 2-0-2-2

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेने बो यानसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेने बो यानसन | 01 | 6 | 0 | 0 |
| सुंदर का हार्मर बो मारक्रम | 31 | 92 | 2 | 0 |
| जुरेल का बॉश बो हार्मर | 13 | 34 | 3 | 0 |
| पंत का एवं बो हार्मर | 02 | 13 | 0 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो हार्मर | 18 | 26 | 2 | 0 |
| अक्षर का बावुमा बो महाराज | 26 | 17 | 1 | 2 |
| यादव पगबाधा बो हार्मर | 01 | 13 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सिराज का मारक्रम बो महाराज | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल एब्सेंट हर्ट | | | | |

अतिरिक्त : 01
कुल योग : 35 ओवर में 93 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : यानसन 7-3-15-2, हार्मर 14-4-21-4, महाराज 9-1-37-2, बॉश 2-0-14-0, मारक्रम 3-0-5-1

## 34 साल के मिचेल ने जड़ी धमाकेदार सेंचुरी लगाए 12 चौके-दो छक्के



एजेंसी ▶▶| हेग्ले ओवल

■ न्यूजीलैंड वेस्टइंडीज वनडे सीरीज

न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मैच हेग्ले ओवल क्राइस्टचर्च में खेला जा रहा है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए कहा। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाने में कामयाब रही। कीवी टीम की तरफ से 34 साल के डेरिल मिचेल ने शानदार शतक लगाया और वह 119 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इसी पारी के बदौलत कीवी टीम 269 रन बनाने में कामयाब रही।

### मिचेल ने लगाया सातवां वनडे शतक

डेरिल मिचेल की बात करें तो वह जब बैटिंग करने के लिए आए उस वक्त टीम 24 के स्कोर पर 2 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद उन्होंने पारी को संभाला। शुरुआत मिचेल संभलकर बैटिंग करते हुए नजर आए। लेकिन एक बार क्रीज पर सेट होने के बाद उन्होंने खुलकर शॉट्स खेलना शुरू किया। इस दौरान डेरिल मिचेल ने अपने करियर का 7वां वनडे शतक पूरा किया। अंत में वह 12 चौके और दो छक्के की मदद से 118 गेंदों में 119 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल पिछले कुछ समय से वनडे क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। डेरिल मिचेल के लिए यह पिछली चार वनडे पारियों में तीसरा 50+ स्कोर है। वहीं पिछली आठ वनडे पारियों में उनका औसत 82 से ज्यादा का रहा है। वह इस फॉर्मेट में न्यूजीलैंड टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। अब वह बचे हुए दो वनडे मैचों में भी इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे।

**विश्व कप क्वालीफाइंग**

## स्पेन का शानदार प्रदर्शन जॉर्जिया को 4-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

मिकेल ओयारजाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने विश्व कप क्वालीफाइंग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया को 4-0 से हराकर अगले साल होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। स्पेन की टीम ने ग्रुप चरण में पांच मैच में जीत हासिल की है। उसने अब तक 19 गोल किए हैं और उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। यूरोपीय चैंपियन मंगलवार को अपने अंतिम क्वालीफायर में तुर्किए से भिड़ेगा। स्पेन ग्रुप ई में तुर्किए से तीन अंक आगे है, जिसने बुल्गारिया को 2-0 से हराया था।

### कजाकिस्तान ने बेल्जियम को ड्रॉ पर रोका

यूरोपीय क्वालीफिकेशन के 12 ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप में प्रवेश करेंगे। फ्रांस, इंग्लैंड और क्रोएशिया अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पक्का करके विश्व कप में जगह बना चुके हैं। इस बीच बेल्जियम का इंतजार बढ़ गया। कजाकिस्तान ने बेल्जियम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। बेल्जियम ग्रुप जे में उत्तरी मैसेडोनिया से दो अंक आगे शीर्ष पर है। ग्रुप जे में ही जॉर्डन जेम्स के गोल की मदद से वेल्स ने लिचटेंस्टीन पर 1-0 से जीत हासिल की। यूनान ने ग्रुप सी में स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया, जबकि डेनमार्क ने बेलारूस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। स्वीडन को 4-1 से हराकर स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में शीर्ष पर बना हुआ है।

**बेइटन कप**



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के बीच 126वें बेइटन कप के फाइनल हॉकी मैच के दौरान लाल रंग की पोशाक में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## हर्षित राणा ने साउथ अफ्रीक ए को किया नेस्तनाबूद, 5 ओवर में मचाई धमाचौकड़ी



**राजकोट।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया। वे अभी इंडिया ए की ओर से साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ खेल रहे हैं। हर्षित राणा ने तीन मैच की वनडे सीरीज के लगातार दूसरे मुकाबले में कमाल किया। राजकोट में खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन अहम विकेट लिए और मेहमान टीम को 132 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा बाएं हाथ के फिरकी बॉलर निशांत सिंधु ने चार शिकार किए।

हर्षित को चौथे गेंदबाज के रूप में बॉलिंग करने का मौका मिला। उन्होंने ही भारतीय टीम को पहली कामयाबी दिलाई और लुहान ड्रे प्रीटोरियस (21) को आउट किया। फिर जॉर्डन हरमन (4) को रवाना किया। अगले ओवर में साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान मार्कस एकरमैन (7) को विकेट के पीछे इशान किशन के हाथों कैच कराया। इन तीन विकेटों ने मेहमान टीम की लय को तोड़ दिया। एक समय टीम का स्कोर बिना नुकसान के 39 और फिर दो विकेट पर 66 रन था।

## बधिर ओलंपिकः मोहम्मद मुर्तजा ने 250.1 अंक के साथ जीता रजत

# एयर राइफल में धनुष ने गोल्ड पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने टोकिया में डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए खाता खोला। 23 वर्षीय श्रीकांत ने 2022 में ब्राजील में 19 साल की उम्र में बधिर ओलंपिक में पदार्पण किया था और दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 252.2 का फाइनल विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया।

हमवतन मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने फाइनल में 250.1 अंक से रजत जबकि दक्षिण कोरिया के बाएक सेउंगक ने 223.6 अंक से कांस्य पदक जीता। फाइनल में धनुष ने बधिर ओलंपिक और बधिर ओलंपिक फाइनल विश्व



रिकॉर्ड दोनों को तोड़ते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल बधिर ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2022 में उन्होंने व्यक्तिगत और मिश्रित टीम दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे। धनुष सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में माहित संधू के साथ जोड़ी बनाकर अपने करियर का चौथा स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखेंगे।

### महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में माहित ने जीता सिल्वर

20 वर्षीय माहित संधू ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हमवतन कोमल वाघमारे (228.3) ने कांस्य पदक जीता जबकि यूक्रेन की लिडकोवा वायलेटा ने 252.4 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। संधू ने 623.4 अंकों के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया जबकि वाघमारे (622.0) तीसरे स्थान पर रहीं थीं। बधिर निशानेबाज राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सामान्य एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी रैंकिंग के आधार पर राष्ट्रीय शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी चुने जाते हैं।




# शहर के बीचों बीच ट्रैफिक व्यवस्था वेंटिलेटर पर

## आईसीयू में शहर का धड़कता दिल

जबलपुर।

शहर का ट्रैफिक सिस्टम पूरी तरह चरमरा चुका है। मिलौनीगंज से मालवीय चौक और उसके आसपास लगभग एक किलोमीटर का इलाका दिनों से "वेंटिलेटर" पर है। सड़कें कब्ज़ों में दबी हैं, ई-रिक्शा मनमानी कर रहे हैं, पार्किंग अव्यवस्थित है और प्रशासन केवल कागजों में सक्रिय दिखता है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कोई गंभीर मरीज आधा किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचने की कोशिश करे तो उसके समय पर पहुंचने से पहले श्मशान पहुंचने का डर ज्यादा होता है। शहरवासी कह रहे हैं कि जबलपुर के इतिहास में शहर की इतनी बदतर हालत, इतना निलर्ज्ज प्रशासन और इतनी नाकारा सियासत पहले कभी नहीं देखी गई।

### मिलौनीगंज–मालवीय चौक तक रेंगता ट्रैफिक

इस क्षेत्र का हाल सबसे गंभीर है। सड़क का आधा हिस्सा दुकानों, ठेलों और अवैध पार्किंग की वजह से गायब है। बाकी बची जगह पर कारें, ऑटो और ई-रिक्शा एक साथ फंस जाते हैं। व्यापारी बताते हैं कि यहां एम्बुलेंस का निकल जाना किसी चमत्कार से कम नहीं। कई बार मरीजों की हालत बिगड़ने पर लोग खुद रास्ता साफ करने में लग जाते हैं, लेकिन समस्या इतनी गहरी है कि कोई प्रयास भी ज्यादा देर नहीं टिक पाता।

### गंजीपुरा–घमंडी चौक के हालात बदतर

इस मार्ग पर सुबह और शाम के समय स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर होती है। ई-रिक्शा मनचाहे स्थान पर रुक जाते हैं, निजी वाहन



सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं और पैदल यात्रियों के लिए भी रास्ता नहीं बचता। दुकानदारों और स्थानीय लोगों को कई बार खुद सड़क पर उतरकर जाम खुलवाने की कोशिश करनी पड़ती है क्योंकि ट्रैफिक पुलिस का वहां मिलना आजकल बहुत दुर्लभ हो गया है।

### मछरहाई से भार्गव चौक

इस इलाके में सड़क के दोनों तरफ अवैध पार्किंग और फुटपाथ पर दुकानों के फैलाव ने स्थिति और बिगाड़ दी है। सड़क एक लेन तक सिकुड़ चुकी है। पुलिस रोज आती है, फोटो खींचती है, कुछ गाड़ियों को हटवाती है और फिर चली जाती है। कुछ ही घंटों में हालात फिर वैसे ही हो जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि स्थिति दिन-ब-दिन बदतर हो रही है और कोई स्थायी समाधान नजर नहीं आ रहा।आधे-अधूरे कामों ने शहर को और तबाह किया

### टैफिक सिगनल और कैमरे बंद

चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद हैं, सीसीटीवी कैमरे कार्यरत नहीं और रात में स्ट्रीट लाइटें भी खराब रहती हैं। इस अव्यवस्था ने दुर्घटनाओं का खतरा और लोगों की परेशानी दोनों बढ़ा दी हैं।

### वाहनों की संख्या बढ़ी, पुलिस घटी

पिछले दस वर्षों में जबलपुर में वाहनों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस की संख्या में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। कई महत्वपूर्ण चौराहों पर स्थायी जवान तक तैनात नहीं हैं, जिससे जाम की स्थिति में हालात बिगड़ते चले जाते हैं। प्रशासन के पास संसाधन कम हैं, लेकिन समस्या उससे कहीं ज्यादा गंभीर हो चुकी है।

### सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूटा

लोग लगातार सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो पोस्ट कर रहे हैं, जिनमें साफ दिखता है कि सड़कें कब्ज़ों से भरी हैं। ई-रिक्शा नियम तोड़ते हैं, और वाहन चालक जहां जगह मिले वहीं पार्क कर देते हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन सिर्फ दिखावे की कार्रवाई करता है, असली सुधार कहीं नजर नहीं आता।

### प्रशासन बेजान, जनता त्रस्त

जब शहर को सबसे ज्यादा नेतृत्व और प्रशासनिक सक्रियता की जरूरत थी, तभी जनप्रतिनिधि कहीं नहीं दिख रहे। विधायक साहित्य लिख रहे हैं, पूर्व विधायक टिप्पणी दे रहे हैं और अधिकारी फोटो सेशन तक सीमित हैं। शहर की वास्तविक समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है।

### सख्त ट्रैफिक प्लान की जरूरत

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जबलपुर को बचाना है तो तुरंत कदम उठाए जाने होंगे। अतिक्रमण हटाने की निरंतर कार्रवाई, ई-रिक्शा रूट तय करना, पार्किंग ज़ोन स्थापित करना, अधूरे कामों को समयसीमा में पूरा करना और मुख्य चौराहों पर स्थायी जवानों की तैनाती बेहद जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले महीनों में शहर की ट्रैफिक स्थिति और अधिक खतरनाक हो सकती है।शहरवासी साफ कह रहे हैं कि उन्हें अब दिखावटी कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मजबूत और प्रभावी ट्रैफिक व्यवस्था चाहिए, वरना हालात हाथ से निकल जाएंगे।

# विक्टोरिया अस्पताल में आज भूख हड़ताल पर बैठेगी सपा

## शहर के स्वास्थ्य ढांचे में अनियमितता का आरोप

**जबलपुर**। शहर के स्वास्थ्य ढांचे में कथित अनियमितताओं और कार्रवाई न होने के विरोध में अधिवक्ताओं एवं समाजवादी पार्टी ने विक्टोरिया अस्पताल के मुख्य गेट पर 17 नवंबर दोपहर 2 बजे से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है। अधिवक्ता दीपांशु साहू, एडवोकेट शैलेंद्र सिंह, एडवोकेट एकता साहू सहित कई अधिवक्ताओं ने बताया कि उन्होंने स्वास्तिक अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर की अनियमितताओं को लेकर बीते कई महीनों में सीएमएचओ विक्टोरिया, कलेक्टर जबलपुर, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य संचालनालय को शिकायतें सौंपी थीं, लेकिन आज तक किसी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई।अधिवक्ता दीपांशु साहू के अनुसार, स्वास्तिक अस्पताल ने वर्ष 2011 में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से जिस खसरा नंबर पर अस्पताल भवन निर्माण का नक्शा पास करवाया था, वह अस्पताल वास्तव में दूसरे खसरा नंबर पर निर्मित है। इसके अलावा अस्पताल के संचालन के लिए नगर निगम से भवन अनुमति (अनुज्ञा) भी जारी नहीं की गई है। यह जानकारी उन्होंने अपने ताज़ा स्मरण पत्र में भी 08 नवंबर को सीएमएचओ को भेजी थी, परंतु अब तक कोई जवाब या कार्रवाई नहीं मिली।इसी अव्यवस्था और लापरवाही के विरोध में अधिवक्ताओं का कहना है कि वे 17 नवंबर को दोपहर 2 बजे से विक्टोरिया हॉस्पिटल के मुख्य गेट पर धरना व भूख हड़ताल पर बैठेंगे। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी इस आंदोलन में शामिल होने की घोषणा की है। दूसरी ओर, अधिवक्ताओं और समाजवादी पार्टी नेताओं का आरोप है कि सीएमएचओ संजय मिश्रा लगातार शिकायतों के बावजूद अस्पतालों



पर कार्रवाई करने से बचते हैं। उनका कहना है कि शहर के कई निजी अस्पतालों में गंभीर अनियमितताएं हैं, फिर भी सीएमएचओ कार्रवाई के बजाय अस्पताल संचालकों को समय-सीमा देकर बचाव का रास्ता प्रदान करते हैं। नगर निगम द्वारा 80 अस्पतालों की जो सूची संजय मिश्रा को जांच हेतु सौंपी गई थी, वह आज तक फाइलों से बाहर नहीं निकली। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर अधिवक्ता एवं समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक अस्पतालों की अनियमितताओं पर कार्रवाई शुरू नहीं होती, भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## विधायक ने अपने साथी के साथ मिलकर दवा विक्रेता पर किया चाकू से हमला

**जबलपुर**। गौर पुलिस चौकी अंतर्गत सालीवाडा में बीती रात विधायक ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर दवा विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गंभीर चोटें आने पर युवक को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। आरोपियों की तलाश जारी है। गौर चौकी में पदस्थ मुकेश पटारिया ने बताया कि गौर तिराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर के संचालक शुभम पाठक दुकान बंद करके रात 9.30 बजे अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में स्कूल के पास आरोपी सिलुआ निवासी दीपक उर्फ विधायक तथा उसका साथी जमतरा निवासी अक्षय ने उसे रोका और किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे। गाली गलौज से शुरू हुए विवाद ने उस समय उग्र रूप धारण कर लिया जब विधायक और उसके साथी ने चाकू निकाल कर शुभम पर हमला बोल दिया। घटना में शुभम के कमर और पैर में गंभीर चोट आईं है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पुलिस को घायल के भाई उमेश पाठक ने दी। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज करने के बाद आरोपियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## गड्ढे में मिली महिला की रक्तरंजिश लाश

**जबलपुर**। पनागर थाना अंतर्गत ग्राम नरगवां मे रविवार की दोपहर एक महिला की रक्तरंजिश लाश मिलने से हड़कंप मच गया है. ऐसी आशंका जताई जा रही है की महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर लाश को फेंका गया है. हालांकी पुलिस का कहना है की अभी सिर्फ आशंका ही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सारे तथ्य सामने आएंगे. पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची. जहां ग्राम नरंगवा में महिला की लाश एक गड्ढे में पड़ी मिली। महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास होगी।महिला की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पनागर पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है फिलहाल महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट व छानबीन के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे कार्यवाही की जाएगी, फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।




अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेस 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, अमानगंज: असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240